आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 11:19 तक उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 जून 2025
वर्ष 6, अंक 217, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल : उच्च सदन में अल्पमत में ओली सरकार 14

हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं 12

# एससीओ के साझा बयान पर हस्ताक्षर से भारत का इनकार

## पहलगाम आतंकी हमले को नजरअंदाज करने पर रक्षामंत्री का कदम

- संयुक्त वक्तव्य के बिना समाप्त हुआ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन
- राजनाथ ने कहा-आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को त्यागना होगा

किंगदाओ, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले को नजरअंदाज करने और पाकिस्तान समर्थित सीमा पार आतंकवाद पर भारत की चिंताओं को स्पष्ट रूप से संबोधित नहीं करने को लेकर गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। मामले से परिचित व्यक्तियों ने बताया कि एससीओ आम सहमति के तहत काम करता है, लिहाजा वक्तव्य का समर्थन करने से सिंह के इनकार के परिणामस्वरूप एससीओ रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन संयुक्त वक्तव्य जारी किए बिना ही समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा कि मसौदा वक्तव्य में न तो पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख किया गया और न ही सीमा पार आतंकवाद को लेकर भारत के रुख का जिक्र किया गया। सम्मेलन में अपने संबोधन में सिंह ने सीमा पार आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की तथा आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के एक साधन के तौर पर इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए।

बुधवार को किंगदाओ पहुंचे रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में बदलाव की व्यापक रूपरेखा रखी और एससीओ सदस्य देशों से आतंकवाद से लड़ने के लिए एकजुट होने तथा दोहरे मानदंडों को त्यागने का आग्रह किया। सम्मेलन में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून भी शामिल हुए। सिंह ने कहा कि शांति व समृद्धि, आतंकवाद और सरकार से इतर तत्वों तथा आतंकवादी समूहों के हाथों में सामूहिक विनाश के हथियार देने की नीति साथ नहीं चल सकते। कहा कि अपने संकीर्ण व स्वार्थी उद्देश्यों के लिए आतंकवाद को प्रायोजित, पोषित और उपयोग करने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से बचाव और सीमा पार से होने वाले हमलों को रोकने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।



चीन के क़िंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

### आतंकवाद के सभी रूपों से लड़ना होगा

भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति उसके कार्यों से प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि इस नीति में आतंकवाद से खुद का बचाव करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। सिंह ने कहा कि एससीओ सदस्यों को आतंकवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करनी चाहिए। उन्होंने इस खतरे से सभी रूपों में लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की।

## एक नजर

### चांद दिखने का एलान पहला मोहर्रम आज

**लखनऊ।** शिया व सुन्नी चांद कमेटियों ने मोहर्रम का चांद हो जाने का एलान कर दिया है। 27 जून दिन शुक्रवार को पहला मोहर्रम होगा। मरकज़ी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी और मरकजी चांद कमेटी के फिरंगी महल के महासचिव मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने बताया कि 26 जून को मोहर्रम का चांद हो गया है। 27 जून को पहली मोहर्रम और 6 जुलाई को यौमे आशूरा मनाया जाएगा।

### टैक्स मांगने पर टोल कर्मी पर चलाई गोली

**कपूरथला।** जालंधर-अमृतसर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढिलवां टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए कहने पर एक व्यक्ति ने गोली चला दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आधी रात के बाद एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। जब टोल कर्मचारियों ने चालक से टोल टैक्स मांगा तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और उसने गोलीबारी शुरू कर दी। टोल कर्मचारी बाल-बाल बच गए।

### एनआईए ने होशियारपुर में की छापेमारी

**होशियारपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की दो टीमों ने गुरुवार तड़के उड़मड़ के गढ़ी मोहल्ला में दो घरों पर छापेमारी की। छापेमारी सुबह पांच बजे शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। अभियान के दौरान एनआईए की टीमों ने व्यापक तलाशी ली।

# तीन सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे शुभांशु शुक्ला

## भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई डॉकिंग प्रक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यान 'ड्रैगन' के अंतरिक्ष प्रयोगशाला से जुड़ने के साथ ही गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंच गए। अंतरिक्ष यान उस समय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ा जब यह भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:01 बजे उत्तरी अटलांटिक महासागर के ऊपर से गुजर रहा था।

यह पहली बार है जब कोई भारतीय अंतरिक्ष यात्री आईएसएस की यात्रा पर गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि गुरुवार को सुबह 6:31 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे) एक्सिओम मिशन-4 के तहत स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचा।

नासा के अनुसार 'डॉकिंग' प्रक्रिया भारतीय समयानुसार अपराह्न 4:15 बजे पूरी हुई। अंतरिक्ष यान और आईएसएस के बीच संचार और ऊर्जा संपर्क स्थापित होने के साथ ही डॉकिंग (जुड़ने) प्रक्रिया पूरी हो गई। अनुभवी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन मिशन कमांडर हैं और शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए मिशन पायलट हैं। इनके अलावा, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू एवं पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं।

लखनऊ में जन्मे 39 वर्षीय शुक्ला अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे 41 साल पहले भारत के राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे।



अपने सहयात्रियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में मौजूद शुभांशु शुक्ला।

### बच्चे की तरह चलना, खाना-पीना सीख रहा हूं: शुभांशु

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने गुरुवार को कहा कि वह सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में एक बच्चे की तरह रहना सीख रहे हैं और जब ड्रैगन अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने की अपनी यात्रा में पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा था तो निर्वात में तैरना एक अद्भुत अनुभव था। अंतरिक्ष यान से एक वीडियो लिंक के जरिए अपना अनुभव साझा करते हुए शुक्ला ने कहा कि बुधवार को एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण से पहले 30 दिनों तक पृथक वास के दौरान बाहरी दुनिया से पूरी तरह दूर रहने के बाद मेरे दिमाग में केवल यही विचार आया था कि हमें बस जाने दिया जाए। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से 14 दिन के लिए अंतर्ष्ट्रीराय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए थे।

# यूपी और उत्तराखंड में पीसीएस अफसर के ठिकानों पर ईडी छापे

- एनएच-74 चौड़ीकरण घोटाला से जुड़ा है मामला
- सीतापुर और बरेली जिले में भी टीम ने की छानबीन

मुख्य संवाददाता, देहरादून/बरेली

**अमृत विचार :** उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-74 चौड़ीकरण घोटाले के वर्ष 2017 के एक मामले से जुड़े धन शोधन जांच के तहत गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने उत्तराखंड के एक पीसीएस अधिकारी के देहरादून, काशीपुर, बरेली और सीतापुर के ठिकानों पर छापा मारा।

पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह वर्तमान में देहरादून स्थित डोईवाला चीनी मिल के कार्यकारी निदेशक हैं। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में उनसे जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी की गई। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में ईडी की दो टीमों ने डीपी सिंह और उनके भाई एनपी सिंह के महोली इलाके के भुड़िया और बद्दापुर गांव स्थित आवासों पर साक्ष्य संकलित किए। वहीं, ईडी टीम ने बरेली में डीपी के बिथरी चैनपुर स्थित इंटरनेशनल सिटी कॉलोनी स्थित आवास पर छापा मारा। घर पर कोई मौजूद नहीं मिला लेकिन टीम ने देर शाम तक कागजात खंगाले।

# डीटीयू के कुलपति धनंजय जोशी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) के पहले कुलपति (वीसी) प्रोफेसर धनंजय जोशी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा बुधवार को उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को सौंप दिया गया, हालांकि इसे अभी आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया गया है। इस्तीफे या इसकी स्वीकृति के बारे में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई। जोशी ने कहा मैंने बुधवार को उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

# अलकनंदा में गिरी मिनी बस, 3 की मौत व 9 लापता

- रुद्रप्रयाग में हादसा, आठ लोग घायल, ट्रक की टक्कर लगने से बस हुई अनियंत्रित
- महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर बद्रीनाथ जा रही थी बस

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में गुरुवार को चारधाम यात्रा मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ धाम जा रही मिनी बस (टेंपो ट्रेवलर) अनियंत्रित होकर उफनाई अलकनंदा नदी में समा गई।

बस में चालक समेत 20 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें से 3 की मौत हो गई जबकि 9 श्रद्धालु लापता हैं। आठ लोग घायल हैं। बस चालक का दावा है कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बस बेकाबू होकर नदी में जा गिरी थी। हादसा रुद्रप्रयाग और गौचर के बीच घोलतीर गांव के पास हाइवे स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मोड़ पर सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। पुलिस को इसकी सूचना करीब 7:50 बजे मिली। एसपी रुद्रप्रयाग अक्षय कोंडे ने बताया कि 31 सीटर मिनी बस में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान के श्रद्धालु सवार थे। वहीं, जिस समय बस पहाड़ी से टकराकर नदी में गिरी तो उससे पहले आठ श्रद्धालु छिटक कर नदी में गिरने से बच गए। इनमें बस चालक समेत चार गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। मिनी बस नदी में समाकर लापता हो गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया।



घायल यात्रियों को हेलीकॉप्टर द्वारा एम्स ऋषिकेश ले जाया गया। ● एजेंसी

### मृतक और घायल

तीन शवों की पहचान राजगढ़, मध्यप्रदेश निवासी विशाल सोनी (42), गौरी सोनी (41) और सूरत गुजरात निवासी ड्रिमी (17) के रूप में हुई है जबकि गंभीर घायलों में राजस्थान निवासी हेमलता पत्नी ललित सोनी, दीपिका और भावना सोनी के अलावा सुमित निवासी कनखल हरिद्वार की हालत गंभीर है। अन्य घायल-पार्थ, भव्य, अमिता सोनी और भावना सोनी निवासी राजस्थान हैं।

### लापता श्रद्धालु

रवि भवसार (28), संजय सोनी (55) और सुशीला सोनी (77) निवासी उदयपुर राजस्थान, मौली सोनी (19) निवासी गुजरात, ललित सोनी (48) निवासी राजस्थान, मयूरी (24) निवासी गुजरात, चेतना सोनी (52) निवासी राजस्थान, चेष्ठा (12) निवासी गुजरात, कट्टा रंजना अशोक (52) निवासी महाराष्ट्र।

# कर्ज में डूबे परिवार ने खाया जहर, मां और दो बेटियों की मौत, पिता की हालत गंभीर

- ब्याज पर लिए छह लाख कर्ज के चलते गईं तीन जानें
- जिलाधिकारी ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** बिजनौर के गांव में कर्ज में डूबे परिवार ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। मां और दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि पिता का मेरठ में इलाज किया जा रहा है।

एसपी देहात विनय कुमार सिंह, चांदपुर सीओ देश दीपक सिंह, नूरपुर थाना प्रभारी जयभगवान सिंह ने मौका मुआयना कर ग्रामीणों से जानकारी ली। परिवार पर छह लाख कर्ज होने की बात कही जा रही है। जिलाधिकारी ने एसडीएम, सीओ और एक डॉक्टर की जांच समिति गठित की है जो सात दिन में रिपोर्ट देगी। थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव टंडेरा में 52 वर्षीय पुखराज सिंह प्रजापति, पत्नी रामेशिया (50), बेटी अनिता (17), दूसरी बेटी सीतो (19) और पुत्र सचिन के साथ रहते थे। गुरुवार सुबह पति-पत्नी और दोनों बेटियों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेटा मजदूरी करने घर से बाहर गया था। चारों की हालत बिगड़ी तो गांव में खलबली मच गई। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस को जानकारी दी। पुलिस एंबुलेंस को सूचना देकर गांव पहुंची। करीब आधा घंटा बाद एंबुलेंस पहुंची तो चारों को जिला अस्पताल लाया गया जहां रामेशिया और अनिता को मृत घोषित कर दिया। पुखराज और दूसरी बेटी सीतो को गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया। देर शाम सीतो ने भी दम तोड़ दिया। पुखराज जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि मामला आर्थिक तंगी और कर्ज के दबाव से जुड़ा प्रतीत होता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पीड़ित परिवार पर करीब छह लाख रुपये का कर्ज था। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, सभी पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है। ग्रामीणों ने भी बताया कि परिवार कर्ज के कारण पूरी तरह टूट चुका था।



अस्पताल में भर्ती पुखराज सिंह।

# गैर मान्यता प्राप्त 345 दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। ये 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। आयोग ने बताया कि इन राजनीतिक दलों के कार्यालय भी कहीं भौतिक तौर पर पता नहीं लगाया जा सका। इसने कहा कि ये 345 राजनीतिक दल देश भर के विभिन्न राज्यों से हैं। वर्तमान में आयोग के पास पंजीकृत 2,800 से अधिक राजनीतिक दल आवश्यक शर्तों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

# सुरक्षाबलों ने जैश आतंकी को मार गिराया

- उधमपुर में अभियान जारी, तीन आतंकी अब भी घिरे
- कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को देखते हुए सेना सतर्क

जम्मू, एजेंसी

जम्मू कश्मीर में उधमपुर जिले के एक वन क्षेत्र में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को मार गिराया जबकि तीन अन्य आतंकी अब भी घिरे हुए हैं। अधिकारियों ने बतायाा कि चार आतंकवादियों के इस समूह की पिछले एक वर्ष से तलाश की जा रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि सेना और पुलिस के एक संयुक्त खोज दल ने गुरुवार को सुबह जिले में बसंतगढ़ के सुदूर बिहाली इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बलों को भेजा गया है और खराब मौसम के बावजूद व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अभियान में अब तक एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। अभियान अभी जारी है। ऑपरेशन बिहाली कोड नाम वाला यह अभियान ऐसे वक्त में शुरू किया गया है जब एक सप्ताह बाद कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होगी।

जम्मू रेंज के आईजी भीम सेन टूटी ने बताया कि आतंकवादियों का सुबह करीब साढ़े आठ बजे पता चला। बताया कि कोहरा होने के बावजूद तलाश अभियान जारी है और मौसम में सुधार होने के बाद ही असल स्थिति का पता चलेगा।

अधिकारियों ने बताया कि जिन आतंकवादियों को घेरा गया है, वे पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं और सेना के पैरा कमांडो की अगुवाई में संयुक्त तलाश दल ने करूर नाला के पास उन्हें छिपे हुए पाया।



# नौसेना भवन में कार्यरत बाबू जासूसी में गिरफ्तार

- पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को दे रहा था संवेदनशील जानकारी
- ऑपरेशन सिंदूर संबंधित सूचना देने को लिए थे 50 हजार रुपये

जयपुर, एजेंसी

नई दिल्ली स्थित नौसेना भवन में काम करने वाले एक बाबू (अपर डिवीजन क्लर्क -यूडीसी) को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने पैसों के लिए एक पाकिस्तानी जासूस को संवेदनशील रक्षा जानकारी उपलब्ध करवाई। राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने आरोपी विशाल यादव को बुधवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस महानिरीक्षक (सीआईडी-सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी यादव ने एक पाकिस्तानी जासूस को गोपनीय जानकारी साझा की जिसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित विवरण शामिल है। इस कथित महिला जासूस ने खुद को भारतीय युवती प्रिया शर्मा बताया था। गुप्ता ने कहा कि यादव ने जानकारी देने के बदले कुल मिलाकर लगभग दो लाख रुपये प्राप्त करने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा कि इसमें ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित जानकारी लीक करने के लिए 50,000 रुपये शामिल थे।

# पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और सौरभ भारद्वाज पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार में स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में पूर्व मंत्रियों सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों भारद्वाज और जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एसीबी से जांच कराने की मंजूरी दिए जाने के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है।

# आम उत्पादन में यूपी अग्रणी, देश के कुल उत्पादन में 27 % हिस्सा

## इस बार राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन, वर्ष 2024-25 में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में बागवानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आम उत्पादन में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। इस बार देश में आम के कुल उत्पादन में 27 प्रतिशत की भागेदारी उप्र. की रही है।

राज्य में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। वहीं, वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी हुई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इस सत्र में प्रदेश से 40.31 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया। जबकि, इसी साल अब तक 13.5 मीट्रिक टन आम का निर्यात अन्य देशों को किया गया है। दरअसल, राज्य में आम की लगभग 600 से अधिक प्रजातियों का उत्पादन किया जा रहा है, जिनमें प्रमुख रूप से दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रटौल, लखनऊ सफेदा, बाम्बेग्रीन एवं अन्य रंगीन प्रजातियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।



उत्तर प्रदेश से अन्य देशों में आम के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास फलों की टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट सेंटर का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। -**दिनेश प्रताप सिंह**, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री।

### इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा आम महोत्सव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ आम महोत्सव मनाने की तैयारी है। आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण आदि को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन 4 जुलाई से 06 जुलाई के बीच अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में भव्य रूप से किया जाएगा। इस दौरान यहां 600 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आम महोत्सव में उप्र. के अतिरिक्त मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रांतों के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान एवं निर्यातकों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। महोत्सव में आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन प्रदर्शित किए जाएंगे, प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों व खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। दरअसल, पिछले साल के आम महोत्सव में 07 श्रेणियों के 58 वर्गों में लगभग 600 से अधिक आम की प्रजातियों एवं प्रसंस्कृत उत्पाद का प्रदर्शन किया गया।

## एक नजर

### एसडीएम और दो लेखपालों को हटाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हिंदू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया। ज्ञापन में तहसील सदर में स्थित मंदिर परिसर के बाहर बैठे अधिवक्ताओं को हटाए जाने की मांग की। तहसील सदर के एसडीएम का स्थानांतरण करने, लेखपाल संजय वर्मा और राकेश सागर को बर्खास्त करने और मंदिर परिसर के बाहर लगा टीन शेड हटाकर वहां फुलवारी लगाने की भी मांग की गई। इस दौरान हिंदू युवा वाहिनी के महानगर अध्यक्ष अभिषेक तिवारी के साथ मोहित रस्तोगी, शेखर वर्मा, विवेक, आशीष वैश्य, अनुपम, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एमजेपीआरयू बरेली की ओर से जारी किए गए बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने परचम लहरा है। प्रथम सेमेस्टर में गहना राठौर ने 81.70 प्रतिशत अंकों के साथ कॉलेज में पहला स्थान पाया। शालिनी वर्मा ने 79.20 प्रतिशत के साथ द्वितीय, अंशिका राठौर 78 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। तृतीय सेमेस्टर में हिमांशु राठौर 80.60 प्रतिशत के साथ प्रथम, शोभित यादव 78.90 द्वितीय और 78 प्रतिशत अंकों के यति अग्निहोत्री तृतीय स्थान पर रहीं। प्रबंधक डॉ. केडी सिंह व रुचि सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कॉलेज स्टाफ के विजय भारती, धर्मवीर सिंह यादव, अनुराग गुप्ता, मोहम्मद असलम, सुरजीत वर्मा, प्रमोद वर्मा, सुधीर वर्मा, श्रुति शुक्ला, अनम सिद्दीकी ने विद्यार्थियो की मेहनत को सराहा।

### वरिष्ठ केंद्र प्रभारी का बरेली तबादला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** स्थानीय रोडवेज डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी ममता सक्सेना का तबादला बरेली हो गया है। उनके स्थान पर सुशील त्रिवेदी को वरिष्ठ केंद्र प्रभारी बनाया गया है।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र के गांव ललौरीखेड़ा निवासी 35 वर्षीय सुखपाल पुत्र कोमल प्रसाद खेती करते थे। वह अपने खेत में काम कर रहे थे। तभी बुधवार शाम चार बजे अचानक उसको सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोग उसका देसी इलाज कराने भी ले गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जहानाबाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### चकरोड से हटाया कब्जा

**जलालाबाद, अमृत विचार :** गांव गुनारा में बरसों से चकरोड पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने वाले पर तहसील प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए चकरोड को कब्जा मुक्त कराया है। चक मार्ग पर अवैध रूप से कब्जा कर उस पर अवैध निर्माण कर लिए जाने की शिकायत अजय श्रीवास्तव ने उप जिलाधिकारी से की थी। इस संबंध में उपजिलाधिकारी दुर्गेश यादव ने टीम गठित कर अवैध कब्जा हटाए जाने के निर्देश दिए थे। इस पर गुरुवार को तहसील व पुलिस प्रशासन की टीम गुरुवार को मौके पर पहुंची और निरीक्षण करने के बाद राजस्व टीम द्वारा ग्राम गुनारा में हो रहे चकरोड पर अवैध निर्माण पर कब्जा हटवाया गया। चक रोड गाटा संख्या 593 पर पूरनलाल पुत्र फकीरे लाल द्वारा चकरोड पर दीवार उठा दी गई थी। इससे चकरोड अवरुद्ध हो गया था। इसमें राजस्व निरीक्षक अनुराग त्रिवेदी व नायब तहसीलदार रोहित कटियार मौके पर मौजूद रहे।

# अजब खेल : आदमी एक और मृत्यु प्रमाण पत्र दो-दो

## जिला अधिकारी के आदेश पर नगर आयुक्त ने जांच कराई तो हकीकत सामने आई, निरस्त किया प्रमाण पत्र

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जिले में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में अजब-गजब खेल चल रहा है। एक ही व्यक्ति के दो-दो मृत्यु प्रमाण पत्र बना दिए गए। एक-दो नहीं बल्कि कई इस तरह के कई मामले पकड़ में आ चुके हैं। नगर निगम शाहजहांपुर भी इससे अछूता नहीं है। यहां भी इस तरह के मामले पकड़ में आए हैं। इसके बाद प्रमाण पत्र को रद कर दिया गया।

कई मामले पकड़ में आने के बाद कहा जा रहा है कि इस तरह का खेल लगातार जारी है। फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। आश्चर्य इस बात का है कि आम व्यक्ति पात्रता के बावजूद जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए महीनों एड़ियां घिसता रहा है, लेकिन दलाल सही सूचनाओं को छिपाकर गलत प्रमाण पत्र बनवाने में कामयाब हो जाते हैं। फर्जीवाड़ा करने वालों के लिए यह राह इसलिए भी आसान हो जाती है क्योंकि जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र भले ही ऑनलाइन बनते हों, लेकिन सिस्टम अभी भी आफलाइन पर ही टिका है। इसी घालमेल का नतीजा रहा है कि कइयों के दो-दो मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए।



नगर निगम शाहजहांपुर। ● अमृत विचार

● ग्राम पंचायतों में भी बड़े स्तर पर चल रहा गड़बड़ी का खेल

**केस 1** जलालाबाद में रहने वाली सरिता देवी के ताऊ मनमोहन गिरि उर्फ राम मोहन द्विवेदी महंत थे, जो किशोरावस्था से ही गुजरात के साबरकोटा उत्तर के ईडर तहसील क्षेत्र के महालेश्वर महादेव मंदिर चले गए थे। 29 फरवरी 2024 को उनके निधन होने पर वहीं पर भू समाधि दी गई थी। ईडर नगर पालिका से 30 मार्च को मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी हुआ था, लेकिन जलालाबाद के ही एक व्यक्ति ने नगर निगम के कर्मचारियों से मिलकर यहां से पांच मई को महंत का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा लिया। इसे बनाने में फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग हुआ। जुलाई में जब यह प्रमाण पत्र उस व्यक्ति ने किसी कार्यालय में प्रयोग किया तो सरिता को इसकी जानकारी लगी। उनकी शिकायत पर जांच हुई तो मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया।

**केस 2** शहर के तारीन जलाल नगर मोहल्ला निवासी अब्दुल गफ्फार खां के नाम से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हुआ था। इस पर मुख्यकर निर्धारण अधिकारी राकेश सोनकर की मुहर व हस्ताक्षर भी थे, लेकिन जांच में पता चला कि हस्ताक्षर व मुहर फर्जी थी। प्रमाण पत्र को फर्जी मानते हुए निरस्त कर दिया गया था। प्रक्रिया में शामिल संबंधित लिपिक, चौकीदार व पेशकार को नोटिस भी जारी किया गया था, लेकिन किसी के खिलाफ कार्रवाई की सूचना नहीं आई।

**केस 3** बिजलीपुरा मोहल्ला निवासी आशिक अली ने वित्त मंत्री व डीएम को शिकायती पत्र दिया था। इसमें बताया था कि उनके परबाबा अब्दुल मजीद की मृत्यु पुवायां के बड़ागांव में 19 अक्टूबर 1979 को हो गई थी। उनका किसी ने नगर निगम से दूसरा मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करा दिया।

**केस 4** भावलखेड़ा के मिश्रीपुर गांव में रहने वाले जल निगम कर्मचारी रामनिवास की डेढ़ वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद पत्नी राधारानी ने मिश्रीपुर ग्राम पंचायत से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया, जबकि मृतक के भाई श्रीनिवास ने जैतीपुर ब्लाक के सुल्तानपुर गांव से भी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा लिया। तीन सदस्यीय समिति इस मामले की जांच कर रही है। हालांकि यह साबित हो चुका है कि एक ही व्यक्ति के दो-दो प्रमाण पत्र जारी हुए हैं।

> सर मैंने हाल ही में दोबारा चार्ज लिया है। अगर कोई प्रमाण पत्र फर्जी होने की शिकायत मिलती है तो जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।
> – **मनोज कुमार मिश्र**, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

कुछ माह पहले ही गुजरात में मरे व्यक्ति की मृत्यु दिखाकर उसका प्रमाण पत्र यहां से भी जारी कर दिया गया।

बाद में डीएम के आदेश पर नगर आयुक्त ने जांच कराई तो हकीकत सामने आ गई। बाद में प्रमाण पत्र को निरस्त कर दिया गया। केवल स्थानीय निकायों में ही नहीं ग्राम पंचायतों में भी बड़े स्तर पर गड़बड़ी का यह खेल चल रहा है। वहां भी कई मामलों में कई फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के राजफाश हुए तो उन्हें आनन-फानन में निरस्त कर दिया गया।

# मोहर्रम को लेकर डीएम व पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

● विद्युत, पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

**अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ताजिया आयोजकों व संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने ताजिया आयोजकों से सुझाव एवं समस्याएं जानने के उपरांत विद्युत विभाग, नगर निगम, जलकल व अन्य संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मार्गों से ताजिया जुलूस निकलते हैं, उनका संयुक्त निरीक्षण कर समय से सड़कों की मरम्मत, अवरोधों की सफाई एवं विद्युत तारों की मरम्मत की जाए। ढीले, लटकते व जर्जर तारों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए गए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। उन्होंने यह भी सुनिश्चित कराने को कहा कि विद्युत खंभों पर करंट प्रवाहित न हो और त्योहारों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनी रहे। इसके साथ ही सभी प्रमुख मार्गों पर स्वच्छता एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने ताजिया आयोजकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में वे तत्काल संबंधित थाना या प्रशासन से संपर्क करें। उन्होंने जनपद वासियों से अनुरोध किया कि वे आगामी त्योहारों को आपसी सद्भाव, शांति एवं स्वच्छ वातावरण में मनाएं। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मोहर्रम पर्व को पूरी गरिमा, अनुशासन और शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि पर्व के दौरान किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए और ताजिया की ऊंचाई इतनी न हो कि उसे ले जाने में बाधा उत्पन्न हो। उन्होंने मातम के दौरान अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पूरी तरह परहेज करने की बात कही और सभी से सतर्कता एवं संयम बरतने की अपील की। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ राहत के लिए कराई मॉक ड्रिल

**जलालाबाद, अमृत विचार :** बाढ़ से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए प्रशासन की ओर से गुरुवार को जलालाबाद राम गंगा नदी के विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों के गांव में मॉक ड्रिल कराई गई। इस दौरान तहसीलदार पैगाम हैदर सेना, एनडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड और तहसील प्रशासन की टीमों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया।

ड्रिल के दौरान बाढ़ की आशंका वाले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, नावों व लाइफ जैकेट्स के इस्तेमाल, घायलों को प्राथमिक उपचार देने, राहत शिविर स्थापित करने और आपातकालीन संचार व्यवस्था का अभ्यास किया गया। एसडीएम दुर्गेश यादव ने मौके पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और कहा कि आपदा के समय मानवीय क्षति को न्यूनतम रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।


मॉक ड्रिल के दौरान मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

● जलालाबाद राम गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों के गांव में हुई मॉक ड्रिल

उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे अभ्यास जरूरी हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय ने बताया कि पुलिस बल को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने व जरूरतमंदों को त्वरित सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी मॉक ड्रिल से न सिर्फ अधिकारी बल्कि आमजन भी सजग और सतर्क रहते हैं। क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो कोतवाल राजीव कुमार तोमर, सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# नाव पलटने की घटना का किया मॉक ड्रिल

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जनपद में आपदा से निपटने के लिए कई तहसीलों में मॉक ड्रिल कराया गया। इन अभ्यासों का उद्देश्य संभावित आपदाओं की स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई करना था। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार की मौजूदगी में तहसील सदर के हनुमतधाम पर नाव पलटने की काल्पनिक घटना के बाद डूबते हुए व्यक्ति को बचाने और मेडिकल कैंप की स्थापना कर राहत कार्यों का अभ्यास किया गया।

इसी तरह तहसील तिलहर के गांव चित्ती बोझी, घनश्यामपुर में अतिवृष्टि से फंसे हुए व्यक्तियों को खोजकर सुरक्षित निकालकर शरणालय में पहुंचाने की मॉकड्रिल हुई। तहसील जलालाबाद के कसारी कलां और तहसील कलान के पृथ्वीपुर ढ़ाई गांव में बाढ़ से प्रभावित गांव को खाली कराकर ऊंचे स्थान पर सुरक्षित जगह पहुंचाने का अभ्यास हुआ। डीएम ने बताया कि प्रत्येक स्थान पर आपदा की अलग-अलग स्थिति का अभ्यास कर तत्काल राहत, बचाव और पुनर्वास प्रक्रिया को परखा गया। यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन प्रणाली की तैयारियों को परखने का एक प्रयास था। इससे सभी संबंधित विभागों में सहयोग एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता में वृद्धि हुई।


खन्नौत नदी में डूबते को बचाने की मॉक ड्रिल करते जवान। ● अमृत विचार

● आपदा से निपटने के लिए कई तहसीलों में किया मॉक ड्रिल

उन्होंने मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों और प्रतिभागियों की सराहना की। मॉकड्रिल्स में एनडीआरएफ, पीएसी, राजस्व विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, अग्निशमन एवं इमरजेंसी सेवा, विद्युत विभाग, नगर निगम, पुलिस, होमगार्ड, पशुपालन, सिंचाई, पूर्ति, पंचायती राज, प्रांतीय रक्षा दल, नेहरू युवा केंद्र, युवा कल्याण अधिकारी, युवक मंगल दल, आपदा मित्र और आर्मी ऑब्जर्वर आदि मौजूद रहे।

# कैंप में दिव्यांगों और बुजुर्गों को मिलेंगे निशुल्क उपकरण

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** जनपद में एडिप व राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए 28 जून से 5 जुलाई तक निशुल्क शिविर लगाए जाएंगें। यह जानकारी प्रेसवार्ता में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने दी है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत चिंहित व्यक्तियों को छड़ी, बैसाखी, ट्राइपोड, फोल्डिंग वॉकर, नजर का चश्मा, कृत्रिम दांत, कमोड व्हील चेयर, स्टूल कमोड, सिलिकान फोम तकिया, सर्वाइकल कॉलर व वॉकर आदि उपकरण निःशुल्क दिए जाएंगे। बताया कि 28 जून को पुवायां ब्लाक, 29 जून को खुटार ब्लाक, 30 जून को ब्लाक तिलहर, 1 जुलाई को ब्लाक कटरा-खुदागंज, 02 जुलाई को ब्लाक जलालाबाद, 3 जुलाई को तहसील कलान, 4 जुलाई को ब्लॉक कांट और 5 जुलाई को ब्लाक भावलखेड़ा में कैंप लगाया जाएगा। राज्यसभा सांसद ने कहा कि इसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा था। जिसके बाद शिविर लगने को मंजूरी मिली है।


जानकारी देते राज्यसभा सांसद।

● राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार की मांग पर केंद्रीय मंत्री ने दी स्वीकृति

# भैंसी नदी के खुदाई कार्य का किया निरीक्षण

● जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह पहुंचे पुवायां, परखी व्यवस्थाएं
● खुदाई क्षेत्र में ड्रोन से वीडियो ग्राफी करवाने के निर्देश

**पुवायां, अमृत विचार :** भैंसी नदी की खुदाई कार्य को देखते हुए डीएम ने खुदाई कार्य समय से पूरा होता देख लोकभारती पदाधिकारियों व अधीनस्थों की सराहना की।

गुरुवार दोपहर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुवायां पहुंचकर भैंसी नदी के खुदाई कार्य का निरीक्षण किया। खुदाई कार्य समय से पूरा होता देख उन्होंने तहसील स्तर के अधिकारी व लोकभारती समेत कार्य में लगे तमाम कार्यकर्ताओं की सराहना की। डीएम भैंसी के करनापुर, बरौना, मैनिया व बंडा के दलेलपुर व पिपरिया हरिश्चंद्र पहुंचे। इस बीच उन्होंने एसडीएम को निर्देशित कर पूरे खुदाई क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से वीडियो ग्राफी करवाने को कहा।

उन्होंने कहा कि बरौना क्षेत्र में नदी तक जाने वाली सड़क भी जल्द ही बनवाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान रास्ते में बरौना के पास पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा बरौना के पुत्र ने गाड़ी रोककर उन्हें फूल भेंट किया। उन्होंने भी बच्चे से पढ़ाई के बारे में पूछा। अंत में उनका काफिला पन्नाघाट पर पहुंचे जहां लोकभारती के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, एसडीएम चित्रा निर्वाल, तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी, बीडीओ रामप्रकाश राणा, राजीव सिंह, विपिन शुक्ल, राजा बरौना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


भैंसी नदी का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा।

# प्रबंध समिति की बैठक में कई प्रस्ताव किए पास


प्रबंध समिति की बैठक में पहुंचे एडीएम वित्त अरविंद कुमार। ● अमृत विचार

**पुवायां, अमृत विचार :** प्रबंध समिति की बैठक मेंएडीएम ने तमाम विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पास किए। चीनी मिल की प्रबन्ध समिति की बैठक में कई बिंदुओं पर व्यापक चर्चा, प्रस्ताव एवं सहमति बनी। किसानों के बैठने के लिए किसान भवन का निर्माण, मिल यार्ड का सुदृढ़ीकरण, मिल के विस्तारीकरण, चीनी मिल परिसर में एक अतिरिक्त चीनी गोदाम, शीरा टैंक, सल्फर टैंक के निर्माण, दैनिक कर्मचारियों की वेतन वृद्धि पर विचार, गन्ना किसान महाविद्यालय में चीनी मिल प्रबंध समिति के तीन सदस्यों को रखने, मृदा परीक्षण के लिए प्रयोगशाला की स्थापना, प्रबन्ध समिति की संचालिका कुसुमा अवस्थी ने मिल परिसर में महिला शौचालय बनवाए जाने की मांग की। अपर जिलाधिकारी ने गन्ना कृषकों के हितों को सर्वोपरि बताते हुए गन्ना किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने और कृषकों को उन्नत प्रजाति के ताजा, स्वच्छ एवं जडरहित गन्ना आपूर्ति के लिए जागरूक करने सम्बन्धी निर्देश दिए।

# छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर हुई गोष्ठी

● निगोही रोड अशोक विहार स्थित सम्राट अशोक पार्क में हुई गोष्ठी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में निगोही रोड अशोक विहार स्थित सम्राट अशोक पार्क में छत्रपति शाहूजी महाराज की 151वीं जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि छत्रपति शाहू 1894 से 1922 तक 28 वर्षों तक कोल्हापुर के शासक रहे और इस अवधि के दौरान उन्होंने अपने साम्राज्य में कई समाज सुधार किए। उन्होंने अपनी रियासत में कमजोर वर्गों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण नीति लागू की। एसपी कॉलेज प्रवक्ता ज्वाला प्रसाद ने कहा कि शाहूजी ज्योतिबा फुले के सामाजिक आंदोलन से प्रभावित थे और उन्होंने फुले द्वारा गठित सत्य शोधक समाज का संरक्षण किया। अखिल भारतीय कर्मचारी कल्याण संगठन के जिला महामंत्री विनोद सम्राट ने कहा कि 1917-1921 के दौरान शाहूजी और डॉ. आंबेडकर की कई बार भेंट हुई और उन्होंने समाज के अलग-अलग हिस्सों में समाज सुधार कार्यक्रमों के लिए आर्थिक सहयोग किया।

उनके सहयोग से बाबा साहेब ने 31 जनवरी 1921 को अपना अखबार ''मूकनायक'' शुरू किया। गोष्ठी में वाणिज्य प्रवक्ता बीपी सिंह, शिक्षक राजीव कुमार वर्मा, अखिलेश बौद्ध, दिव्यांशु उपासक, ममता वर्मा नीतू सिंह अंतरा सिंह आदि मौजूद रहे।

# 20 रुपये में बेची पानी की बोतल, स्टाल सीज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर एच व्हीलर के संचालक ने एक यात्री को रेल नीर पानी की बोतल 20 रुपये बेच दी। शिकायत पर रेल प्रशासन ने 24 घंटे के लिए स्टॉल को बंद करा दिया और रिपोर्ट मुरादाबाद मंडल कार्यालय भेज दी।

प्लेटफार्म दो और तीन पर एच व्हीलर का स्टाल है। स्टाल का ठेकेदार सुनील कुमार है। उन्होंने एक कर्मचारी को स्टाल पर रख रखा है। आरोप है कि एक यात्री स्टाल पर रेल नीर पानी बोतल लेने के लिए गया। यात्री ने कहा कि पानी बोतल ठंडी नहीं है। संचालक ने कहा कि पानी की ठंडी बोतल 20 रुपये की मिलेगी और बिना ठंडी पानी बोतल 15 रुपये में मिलेगी। यात्री ने संचालक की शिकायत रेल अधिकारियों से की। सीएमआई एसके ठाकुर स्टाल पर गए और 24 घंटे के लिए बंद करा दिया और रिपोर्ट बनाकर मुरादाबाद कार्यालय भेज दी है। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय से स्टाल संचालक पर जुर्माना होगा।

# 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 10 तक करें आवेदन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड की कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के तहत जनपद में सामान्य वर्ग व अनुसूचित जाति के 25 व्यक्तियों को ब्यूटी पार्लर, फूड प्रोसेसिंग, जरी जरदोजी व जूट उत्पाद उद्योग में 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विभागीय वेबसाइट पर जाकर जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम साफ्टवेयर का चयन कर इच्छुक अभ्यर्थी 10 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि आवेदनों में 80 अंक से अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदकों का चयन किया जाएगा। इसकी सूची प्राचार्य मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र पिपरौला को प्रशिक्षण देने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन प्रेषित की जाएगी। आवेदकों की आयु की सीमा 18 से 45 वर्ष है। एक परिवार के एक सदस्य का ही चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए दिव्यांग, पीपीएल परिवार के सदस्यों और महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। बताया कि जिस ग्रामीण क्षेत्र/नगर पंचायत में जनसंख्या 25 हजार से अधिक नहीं होगी, वही आवेदक प्रशिक्षण के पात्र होंगे।

अभ्यार्थी के पास आधार कार्ड होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र धारक का ही चयन किया जाएगा। शाहजहांपुर, तहसील व ब्लॉक स्तर पर आवश्यकतानुसार अनावासीय संचालित किए जाएंगे। प्रशिक्षण प्राप्त वैध प्रमाण पत्र टीओटी धारक मास्टर ट्रेनर से कराया जाएगा।

# बारहवें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

**तिलहर, अमृत विचार :** भारतीय किसान मजदूर यूनियन (राष्ट्रवादी) के तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में किसानों व मजदूरों की जायज समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा धरना बृहस्पतिवार को 12वें दिन भी जारी रहा।

धरना स्थल पर संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा जानबूझकर तहसील प्रशासन किसानों को अनदेखा कर रहा है। तिलहर का तहसील प्रशासन उत्तर प्रदेश सरकार की छवि धूमिल कर रहा है। जिला प्रशासन को ऐसे लापरवाह अधिकारियों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। तहसील प्रशासन किसानों के धैर्य की परीक्षा न ले। इस अवसर पर राम नरेश यादव, अनिल कुमार वर्मा, मानवीर, सूरज वर्मा, शिवराम पांडेय, रामू वर्मा, सोमेंद्र, मौजी राम, भवानी प्रसाद मिश्रा, सियाराम, वीरेश कश्यप, सर्वेश कुमार मिश्रा, राजवर्धन यादव, भवानी प्रसाद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया में हो रहे विलंब का किया विरोध

● राज्य कर कार्यालय पर सहायक आयुक्त कर से मिले व्यापारी
● समस्याओं पर चर्चा कर निस्तारण करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश का शिष्टमंडल राज्य कर कार्यालय पर सहायक आयुक्त कर प्रवेश तोमर से मिला और समस्याओं पर चर्चा कर निस्तारण की मांग की।

जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि नवीन जीएसटी पंजीकरण में कागजी कार्रवाई में कमी दिखाकर प्रक्रिया को विलंब किया जाता है। इससे व्यापारी के साथ साथ सरकार को भी राजस्व का नुकसान होता है। सेल रिटर्न प्राप्त होने की दशा में जमा किया गया कर 15 दिन में वापस व्यापारी के बैंक अकाउंट में किया जाए। रिटर्न समय से जमा होने पर भी विभिन्न तरीके से व्यापारियों को कार्यालय पर बुलाया जाता है जबकि सारी व्यवस्था ऑनलाइन है। राज्य कर उपायुक्त प्रवेश तोमर ने कहा नवीन पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन है और विभाग हर संभव प्रयास करता है कि नवीन पंजीकरण सात दिन में पूरा हो। इस बैठक में प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशांक कौशिक, जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील गुप्ता, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन, महानगर वरिष्ठ महामंत्री अनूप गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष आबिद हसन खान, गोपाल सक्सेना, नेहाल गुप्ता, नफीस खान, मोहनिस खान, कुणाल गुप्ता, संजीव, शकील अहमद मौजूद रहे।


श्री जगन्नाथ रथयात्रा
की एम. के. बन्धानी हींग परिवार की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं

## एक नजर

### अज्ञात व्यक्ति की मेडिकल कॉलेज में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि दो दिन पूर्व प्लेटफार्म एक पर पावर केबिन के निकट एक व्यक्ति अचेतावस्था में पड़ा था। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। बुधवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की उम्र 40 साल है। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दंपती को किया घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव इटौरा बंजर निवासी निरधेश त्रिवेदी की पत्नी सुशीला देवी को उसके जेठ उपदेश ने अपने भतीजे संजीव नीतेश, निशांत ने पीटकर घायल कर दिया। उसका पति निरधेश बचाने आया तो उसे भी घायल कर दिया। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया। थाना प्रभारी उमेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जीजा के साथ गई साली

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में 4 जून को हरदोई जनपद से एक युवक की शादी हुई थी। शादी के 20 दिन बाद नवविवाहित अपने जीजा के साथ 23 जून की रात को फरार हो गई। साली घर से सारा जेवर और तीन हजार रुपए की नगदी भी साथ ले गई।

### मुंह में ठूस दी लकड़ी

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव करकौर निवासी रतीराम ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे गांव का लड़का उसकी 12 वर्षीय पुत्री बबली को घर से बुलाकर ले गया। आरोप है कि आरोपी ने उसकी पुत्री के मुंह में लकड़ी ठूस दी। इससे उसकी पुत्री खाना नहीं खा पा रही है और काफी दिक्कत हो रही है। वह आरोपी के घर पर शिकायत करने के लिए गया तो आरोपी के परिवार वाले झगड़ा करने पर उतारू हो गए और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मांग की है कि रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई की जाए।

# हवा में उड़ रहे छुट्टा पशुओं को सड़कों से हटाने के आदेश

## सालों से चल रही कवायद, लेकिन नहीं मिल रही पूरी कामयाबी, हादसे का बना रहता है डर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महानगर से लेकर गांवों तक सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु
- ज्यादातर गोशालाएं पैक, अभी और बनाने की पड़ी रही जरूरत

**अमृत विचार :** छुट्टा पशुओं को सड़क से हटाकर गोशाला में भेजने के आदेश आए दिन आते रहते हैं, लेकिन सड़कों से इन पशुओं को नहीं हटाया जा रहाहै। ऐसा लग रहा है कि पशुओं को सड़क से हटाने के आदेश सिर्फ रद्दी हो रहे हैं। अधिकारी चाहकर भी इन पर अमल नहीं कर पा रहा है। सालों से पशुओं को सड़क से हटाने की कवायद चल रही है, लेकिन पशु हैं कि सड़कों से हट ही नहीं पा रहे हैं। ज्यादातर पशुशालाएं पैक हैं। नई बनाने की जरूरत बताई जा रही है। शहर हो या गांव सभी जगह सड़कों पर पशु मिलना आम बात हो चली है। जिले में सबसे ज्यादा खतरा सांड़ों से है, जो हमला करके अब तक चार से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार चुके हैं। इसके अलावा छुट्टा पशुओं के चलते होने वाले हादसों में आए दिन लोगों की जान जा रही है, दूसरी ओर पशु भी मारे जा रहे हैं।


टाउन हाल में सड़क पर बैठे पशु। ● अमृत विचार

इस समय भी छुट्टा गोवंशीय पशुओं को जिला मुख्यालय के साथ साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूमते देखा जा सकता है। नए सिरे से हुए सर्वे में सामने आया कि अभी भी जिले में हजारों की संख्या में गोवंशीय पशु घूम रहे हैं, जबकि बीते वर्ष गोवंशीय पशुओं के संरक्षण के लिए एक नवंबर से 31 दिसंबर तक विशेष अभियान पूरे प्रदेश में शुरू किया गया था। अभियान के तहत जिले में छह हजार बेसहारा पशुओं के संरक्षण का लक्ष्य रखा गया था। इस अवधि में 6158 पशु संरक्षित किए गए। इसके बाद भी सड़कों से छुट्टा पशु नहीं हट सके थे। बाद में अभियान को 16 जनवरी तक विस्तार दिया गया। दूसरे अभियान में भी पशु सड़कों से नहीं हट सके। शेष के संरक्षण के लिए अभियान को 31 जनवरी तक विस्तार दिया गया था, लेकिन यह तीसरा अभियान भी कम पड़ गया था। पशु उसके बाद भी सड़कों पर दिखाई देते रहे। इसके बाद भी तमाम अभियान चलाए गए, लेकिन सब बेकार साबित हुआ। पशु सड़कों से नहीं हट सके। जिले में छुट्टा पशुओं को लेकर हुए हादसों में लोगों की मौत का आंकड़ा 20 के पार पहुंच चुका है।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव बरुआरी गांव का निवासी समोद (27) छह मार्च 2024 को देर शाम बाइक से अपने घर जा रहा था। हाईवे पर खाईखेड़ा के पास उसकी बाइक के सामने एक सांड़ आ गया। जिसके चलते सांड़ और समोद दोनों की मौके पर मौत हो गई। इस तरह की जिले में तमाम अन्य घटनाएं हैं। लोगों की जान जाने के साथ-साथ पशुओं की भी मौत हो रही है। अभियान पर अभियान चल रहे हैं, लेकिन समस्या से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। लोगों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है।

> सड़क से हटाकर ज्यादातर पशुओं को गोशालाओं में भेजा जा चुका है। इसके बाद भी पशु दिखाई दे रहे हैं तो इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।
> – डॉ. राजेंद्र गंगवार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

### छुट्टा पशुओं के चलते जिले में हुई मौतों की प्रमुख घटनाएं

- सदर थाना क्षेत्र के नई बस्ती शहबाजनगर गांव निवासी अमरजीत उर्फ मुरली की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।
- बंडा क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी मैकूलाल की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।
- पीलीभीत जिले के बिलसंडा थाना क्षेत्र के नाथे मुहल्ला निवासी रंजीत कुमार की बंडा में पशु से टकराकर मृत्यु
- जलालाबाद के रैपुरा गांव निवासी अक्षय कुमार की सांड़ के हमले से मौत।
- निगोही के भटियूरा पृथ्वीपुर गांव निवासी शिवकुमार की बेसहारा पशु के कारण मौत हो गई थी।
- जीएफ कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शिवप्रताप सिंह की बेसहारा पशु से टकराकर मौत हो गई थी।
- सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव वीरेंद्र सिंह की बेसहारा पशु से टकराने से मौत।
- अल्हागंज के चिलौआ गांव निवासी महरम सिंह को सांड़ ने पटककर मार डाला था।
- गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के राईखेड़ा गांव निवासी राजेंद्र की सांड़ से टक्कर लगने से मौत हुई थी।
- पुवायां क्षेत्र के रहदेवा गांव निवासी रामकुमार की बेसहारा पशु से टकराकर मृत्यु।
- बरुआरी गांव के निवासी समोद की बाइक सांड से टकरा गई। हादसे में समोद की मौत हो गई।


पुवायां रोड पर सड़क किनारे घूमते पशु। ● अमृत विचार

## मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर हुई बैठक

**खुटार, अमृत विचार :** थाने पर गुरुवार को पीस कमेटी बैठक हुई। इसमें सीओ और नायब तहसीलदार ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर नई परंपरा नहीं डालने की सख्त हिदायत दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक ने कहा कि खुटार क्षेत्र में कुल 17 स्थान से ताजिया उठाए जाते हैं। इसके अलावा यदि कहीं पर कोई नई परंपरा डालकर नए रूट का चयन करने का प्रयास किया गया तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। यदि इसके बाद भी किसी ने भी माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत ने कहा कि इस बार आठ फुट से ज्यादा ऊंचाई के ताजिए नहीं निकाले जाएंगे। ताजियादार 8 फीट के ताजिया कर्बला में ले जाकर अपने ताजिया बड़ा कर सकते हैं। बैठक में नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनुपम शुक्ला, विद्युत विभाग के जेई अवधेश कुमार, नगर पंचायत के लिपिक अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसपी ने नशा मुक्ति की दिलाई शपथ


नशा मुक्ति की शपथ दिलाते एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर एसपी राजेश द्विवेदी ने पुलिस कार्यालय पर जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

एसपी ने कहा कि शपथ दिलाने उद्देश्य समाज में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरुकता फैलाना और एक स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त समाज की स्थापना करना है। कहा कि शपथ के माध्यम से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वो स्वयं नशे से दूर रहेंगे। समाज को इसके प्रति जागरूक करेंगे। इस दौरान एसपी ग्रामीण, एसपी सिटी, सीओ सदर, सीओ सिटी सहित प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन में सीओ ने दिलाई शपथ

सीओ लाइन ने पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों और रिक्रूट आरक्षियों नशा न करने की शपथ दिलाई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे। समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

## खेत पर किशोरी के साथ छेड़छाड़, दी तहरीर

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करते हुए बताया कि गुरुवार को वह खेत पर इंजन से पानी चला रहा था। उसकी 11 वर्षीय पुत्री खेत पर ही मौजूद थी। उन्होंने बेटी से इंजन बंद करने को कहा। इस पर बेटी खेत से इंजन के पास पहुंची और इंजन को बंद कर पास में खड़े पेड़ के नीचे छांव में बैठ गई। इसी समय गांव का ही एक युवक उसके पास आया और उसे बुरी नीयत से पकड़ कर खींचने लगा। किशोरी चीखने चिल्लाने लगी। चीख पुकार की आवाज सुनकर पिता पेड़ की तरफ दौड़ जिस पर आरोपी किशोरी को 20 रुपये का लालच देकर चुप रहने को कहा और मौके से भाग गया। पिता के पहुंचने पर किशोरी ने पूरी बात बताई। इस पर किशोरी का पिता किशोरी को लेकर थाने पहुंचा और तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# बस ने मारी टक्कर, होमगार्ड की मौत

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर चौरसिया गांव के सामने अनुबंधित रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार होमगार्ड घायल हो गया। घायल को सीएचसी से बरेली के एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।


मृतक सोराब।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव हारगुरैया निवासी 55 वर्षीय होमगार्ड सोराब अली की अल्लाहगंज थाना में पोस्टिंग थी। बुधवार की सुबह होमगार्ड बाइक से अल्हागंज थाना जा रहा था। जलालाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर चौरसिया गांव के सामने अनुबंधित बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड घायल हो गया। पुलिस ने घायल होमगार्ड को जलालाबाद सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। परिवार वाले घायल होमगार्ड को मेडिकल कालेज लेकर आए। यहां डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। बरेली के एक निजी अस्पताल में होमगार्ड को भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान होमगार्ड की मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव लेकर यहां आए और अल्हागंज थाना पर सूचना दी। चालक को बस समेत पकड़ लिया है। शाहजहांपुर डिपो की अनुबंधित बस है। बस शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद जा रही थी। मृतक की मां का नाम मुरीदा और मृतक के छह बेटे और दो बेटी है। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


विलाप करते होमगार्ड सोराब के परिजन। ● अमृत विचार

- अल्हागंज थाना पर ड्यूटी पर जा रहे थे, चालक गिरफ्तार

# साध्वी प्राची के गनर पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना खुदागंज पुलिस ने साध्वी प्राची के गनर पर हमला करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घायल गनर का बरेली में उपचार चल रहा है।

21 जून को थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर बिबिया निवासी झंकार सिंह को गांव के कुछ लोगों ने जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास किया था। घायल झंकार सिंह का बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस मामले में घायल झंकार सिंह के भाई रामरहीस की तहरीर पर गांव के उदयवीर, जगवीर, आकाश, प्रमोद, विनोद आदि के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी उदयवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी उदयवीर के कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर भी बरामद किया था। पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर ग्लोबल पब्लिक स्कूल से आगे वाले मोड़ से दूसरे आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

## करंट लगने से युवक की मौत

**पुवायां, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला तिराहा बाजार निवासी कपिल कुमार पुत्र रामचंद्र उम्र लगभग 35 वर्ष गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे घर में नहा रहा था। नहाते समय जैसे ही उसने कपड़ा टांगने के लिए आंगन में बंधे तार कपड़े टांगने का प्रयास किया, तभी उसमें आ रहे करंट से वही छटपटा कर बेहोश हो गया। आनंद-फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार आंगन में बंधे लोहे के तार में कहीं से करंट आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक कपिल।

## एसपी के आदेश पर किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

- ननिहाल से किशोरी को अगवा करने का मामला, आरोपी के घर में तोड़फोड़ कर लगाई आग

**मदनापुर, अमृत विचार:** मदनापुर थाना क्षेत्र में एक किशोरी के भागने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। गुस्साए किशोरी के परिवार वालों ने आरोपी के मकान में तोड़फोड़ के बाद मकान में आग लगा दी थी। एसपी के आदेश पर किशोरी को अगवा करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी अपनी ननिहाल आई थी। यहां एक युवक उसे अगवा करके ले गया था। किशोरी के परिवार वालों ने थाने में तहरीर दी थी। आरोप है कि दो दिन से दरोगा पीड़ित परिवार को थाना के चक्कर लगवा रहा था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रही थी। डर के वजह से आरोपी के परिवार वाले मकान में ताला बंद करके कही चले गए थे। आरोप है कि लड़की का भाई अपने साथियों के साथ बुधवार की शाम आरोपी के घर पर गया। आरोपियों ने उसके मकान का ताला तोड़ दिया और घरेलू सामान तोड़कर आग लगा दी। आग से सारा सामान जल गया। प्रधान प्रतिपाल मौके पर पहंचे और डायल 112 को सूचना दी थी। पुलिस और गांव वालों के अथक प्रयास से आग को बुझा लिया। इधर लड़की की मां का आरोप है कि तीन दिन से थाना के चक्कर लगा रही है और दरोगा कोई कार्रवाई नहीं कर रहा था। आरोप है कि दरोगा आरोपी परिवार से सुविधा शुल्क लेकर शांत बैठ गए। एसपी के आदेश पर आरापी शीषपाल, धर्मपाल, नन्ही देवी और नन्हे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर रुकनपुर निवासी रेशमा ने बताया कि उसकी शादी जावेद अली निवासी पचदेवरा थाना पचदेवरा जिला हरदोई के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से 50 हजार रुपये, एक बाइक और वाशिंग मशीन मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों से कहा कि मायके वाले अब दहेज नहीं दे पाएंगे। आरोप है कि 23 मई को ससुराल वालों ने उसे मारा पीटा और घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके में रह रही है और ससुराल से कोई विदा कराने नहीं आया है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पति जावदे अली समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# किशोरी को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक महिला ने 24 अप्रैल को दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि उसकी 16 वर्षीय बेटी को पड़ोसी गांव चांदपुर में रहने वाला रवि कुमार बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ ही आरोपी कुमार के साथ ही किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि किशोरी बाबा चौराहा पर खड़ी है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और किशोरी को बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस आरोपी रवि कुमार की तलाश में जुट गई। पुलिस आरोपी को तलाश कर रही थी तभी सूचना मिली कि आरोपी रवि कुमार पूरनपुर रोड पर नवनिर्मित ओवर ब्रिज के पास वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ओवरब्रिज के नीचे से आरोपी रवि कुमार को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी रवि कुमार के खिलाफ किशोरी के साथ बलात्कार करने की धाराएं बढ़ाने के साथ ही उसे कोर्ट में पेश किया। यहां से आरोपी रवि कुमार को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण करने के साथ ही परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

- दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में आरोपी को भेजा जेल

### घर से लाखों की चोरी, एफआईआर दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर नवादा निवासी राजेश कुमार शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की रात चोर मकान में घुस गए। चोरों ने कमरे के ताले तोड़ दिए। चोर राजेश के कमरे से 15 हजार रुपये, चांदी के 06 सिक्के, चांदी की एक कटोरी, छह पायल, सोने को टाप्स, उसके भाई प्रभाकर के कमरे से 50 हजार रुपये, चार जोड़ी पायल, एक गुच्छा, दो सोने की झुमकी आदि जेवर ले गए है। पुलिस ने अज्ञात में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### होटल के बाहर से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मधुवन कॉलोनी निवासी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 18 जून की रात पौने 10 बजे अपनी बाइक से स्टेशन रोड स्थित वैंकेट हाल के सामने एक होटल पर गया था। उसने होटल के बाहर बाइक खड़ी कर दी और होटल में सामान लेने के लिए चला गया। वह लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने बाइक की तलाश की और नहीं मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कलान में स्टेट हाईवे से ई-रिक्शा चोरी

**कलान, अमृत विचार :** थाना परौर के ग्राम पृथ्वीपुर कुबेरपुर निवासी टीटू सिंह पुत्र की पृथ्वीराज सिंह ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है कि वह बुधवार को सवारियां लेकर अपने ई रिक्शा से कलान आया था। वहीं मुरादाबाद फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर कलान में ई रिक्शा खड़ा कर लघुशंका करने चला गया। वापस आया तो देखा की ई रिक्शा गायब है। काफी खोज भी किया, लेकिन कहीं आता–पता नहीं चला। तब पुलिस ने भी काफी प्रयास किया। उसने भी यह बताया है कि काली शर्ट पहने चोर ई रिक्शा ले गया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को ई रिक्शा चोरी होने का शिकायती पत्र देकर चोर को पकड़ने के बाद ई रिक्शा बरामद कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शहर में गर्भवती स्वाति का फंदे पर लटका मिला था शव
- सुरालियों पर बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार करने का आरोप

**अमृत विचार :** शहर में गर्भवती स्वाति की मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। 23 जून की रात में स्वाति का शव कमरे में दुपट्टे से लटका हुआ मिला था।

हरदोई के थाना शाहाबाद के मोहल्ला सुलेमानी निवासी दिलीप कुमार ने चौक कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पुत्री स्वाति की शादी एक साल पहले चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी सुमित के साथ की थी। उसकी पुत्री चार माह की गर्भवती थी। उसने अपनी पुत्री की शादी में चार लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने उसकी पुत्री से कहा कि मायके से एक लाख रुपये मंगाकर दो।

दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुराल वाले स्वाति को प्रताड़ित करने लगे। ससुराल वाले आए दिन उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दिया करते थे। उसका आरोप है कि ससुराल वालो ने उसकी पुत्री को मार डाला और शव को कुंडे से लटका दिया। ससुराल वालों ने बिना सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। उधर, आरोपी पक्ष के अनुसार सुमित सोमवार की शाम परिवार के साथ एक रिश्तेदार की तेरहवीं में मोहल्ला अजीजगंज में गए थे।

पत्नी स्वाति घर पर अकेले थी। उसने एक कमरे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर जान दे दी थी। पति और अन्य लोग घर पर आए तो उसका शव फंदे से लटका हुआ मिला था। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि पति सुमित, बुद्धालाल, सुनील वर्मा समेत चार के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस दहेज हत्या के मामले की विवेचना कर रही है।

## नहाने गए बालक की नदी में डूबकर मौत

**तिलहर, अमृत विचार :** दोस्तों के साथ नदी में नहाने गए एक बालक की गहरे पानी में चले जाने से डूबकर मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना अंतर्गत ग्राम बरहा मोहब्बतपुर निवासी ओमकार कश्यप का 11 वर्षीय पुत्र रोहित अपने दोस्तों के साथ गांव के किनारे स्थित देवहा नदी में नहाने गया था। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। यह देखकर उसके सभी दोस्त घबरा गए उन्होंने जाकर गांव में इसकी सूचना दी जब तक परिवार के लोग तथा ग्रामीण मौके पर पहुंचे बालक डूब गया। उसके बाद ग्रामीणों ने खोज बीनकर बालक का शव निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## फायरिंग मामले में एक भी आरोपी नहीं हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 12 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, अन्य जिलों में पुलिस दे रही दबिश

**अमृत विचार :** मदनापुर में अनिल कुमार को गोली मारकर घायल करने के मामले में सात नामजद और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

बदायूं जिले के गांव सैदापुर निवासी अनिल कुमार पिछले दो माह से अपने ननिहाल मदनापुर थाना के गांव रामनगर में रह रहा था। 23 जून की रात में घर के निकट मंदिर के पास चारपाई पर लेटा था। आरोपियों ने फायरिंग करते हुए उसे गोली मारकर घायल कर दिया था। इधर रिषपाल निवासी रामनगर थाना मदनापुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उसका भांजा अनिल कुमार मंदिर के पास खड़ंजे पर चारपाई डालकर सोते थे। 23 की रात साढ़े आठ बजे उसका भांजा मंदिर के पास चारपाई पर लेटा हुआ था। आरोपी मनीराम, कुंवरपाल, राहुल, अरविंद, पवन, राजा, रामसिंह और पांच अज्ञात असलहा और लाठी-डंडे लेकर आए। रामकुमार के पूछने पर अनिल को गाली देने लगे। आरोपियों ने कहा कि रामकुमार को जान से मार डालेंगे। अनिल गाली का विरोध किया। आरोपी एक राय होकर अनिल को मारने के लिए दौड़े। आरोपियों ने फायरिंग कर दी, जिससे अनिल घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें बाहर गई है और शीघ्र गिरफ्तार होगे।

प्रवेश प्रारम्भ

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.

चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
- उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
- सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति

स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें

GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)

आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज

विशेष सुविधाएं
- मेडिक्लेम, बीमा योजना
- ICU वेन्टीलेटर सुविधा

सिटी ऑफिस

चन्द्रलोक हॉस्पिटल

दूरबीन विधि द्वारा
- पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
- प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
- रसौली, बांझपन की जाँच
- बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन

- मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
- सभी प्रकार की सर्जरी
- पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
- ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
- ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
- हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज

पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# दो मिनट के स्टॉपेज से लगा रहता है हादसे का डर

## ट्रेनों में चढ़ने और उतरने को लेकर यात्रियों में होती है नोकझोंक से लेकर हाथापाई, परेशान होते हैं बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ने से हादसे की बढ़ जाती है आशंका
- मुरादाबाद मंडल के अफसरों से स्टॉपेज का समय बढ़ाने की मांग

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज दो मिनट का है। दो मिनट के स्टापेज में जनरल कोच से यात्री न उतर पाते और न चढ़ पाता है। चढ़ने और उतरने को लेकर यात्रियों में नोकझोंक के दौरान हाथापाई तक हो जाती है। परिवार के कुछ लोग धक्का मुक्की करके कोच चढ़ जाते है और कुछ लोग प्लेटफार्म पर जाने के लिए मजबूरन चैन की पुलिंग करते है। चलती ट्रेन में चढ़ने से कई बार हादसे हो जाते है।



ट्रेन के जनरल कोच में चढ़ने को लेकर मारामारी करते यात्री। • अमृत विचार

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर डाउन और अप पंजाब मेल समेत 44 ट्रेनों का स्टॉपेज है। इसके अलावा डाउन और अप लाइन की सीतापुर पैसेंजर, बालामऊ पैसेंजर और लखनऊ पैसेंजर समेत 12 ट्रेनों का संचालन होता है। स्टेशन से अप और डाउन की तीन दर्जन ट्रेनें रन थ्रू निकल जाती है। स्टेशन से करीब 20 हजार यात्री रोजाना सफर करते है। यहां पर मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का दो मिनट का स्टॉपेज है। ट्रेन में अधिक भीड़ होने के कारण यात्री कोच से उतर नहीं पाते है और न ही चढ़ पाते है। ट्रेन के रुकते ही यात्री जनरल कोच में धक्का मुक्की करके पहले चढ़ने लगता है। इधर, कोच के अंदर उतरने वाले यात्री कहते है कि पहले उतर जाने दो। ट्रेन में चढ़ने और उतरने का लेकर यात्रियों में आपस में नोकझोंक होने के साथ हाथापाई की नौबत आ जाती है। परिवार के कुछ लोग धक्का देकर किसी तरह कोच में घुस जाते है और कुछ लोग प्लेटफार्म पर रह जाते है। इसी बीच ट्रेन चल देती तो यात्री चेन पुलिंग कर देते है। इस दौरान ट्रेन लेट होने लगती है। दो मिनट के स्टापेज से कई यात्री चलती ट्रेन पर चढ़ते है और पायदान पर खड़े होकर सफर करते है। कई यात्री चलती ट्रेन में चढ़ते समय हादसे का शिकार हो जाते है। आमतौर पर त्रिवेणी एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, राज्य रानी एक्सप्रेस, फैजाबाद-दिल्ली एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में समस्या अधिक रहती है। ट्रेनों के दो मिनट के हादसे से खतरा बना रहता है। यात्री अर्चना, आशीष कुमार, रामऔतार, सुषमा कुमारी का कहना है कि यहां के सांसद को कुछ ट्रेनों के स्टॉपेज चार मिनट कराना चाहिए और कुछ रन थ्रू ट्रेनों का स्टॉपेज करवाना चाहिए।

### ट्रेन का स्टॉपेज बढ़ाने के लिए पत्र लिखा

रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र यादव ट्रेन के दो मिनट के स्टॉपेज की समस्या को लेकर मुरादाबाद मंडल के अधिकारियों से मांग की है कि कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज बढ़ाया जाए। दो मिनट के स्टापेज से यात्रियों को चढ़ने और उतरने में दिक्कत होती है। साथ कोच पोजीशन चालू करने और कोच पोजीशन अनाउंसमेंट कराने की मांग की है।

### पार्सल यान में लोडिंग और अनलोडिंग नहीं हो पाती

ट्रेन के दो मिनट के स्टापेज से पार्सल यान में नग लोड और अनलोड नहीं हो पाते है। पार्सल पोटर पार्सल यान का डाला खोलता है तो सिग्नल डाउन हो जाता है। कभी-कभी डाला टाइट होने पर जल्दी डाला नहीं खुलता है। इसके अलावा पार्सल यान में कुछ नग उतारने होते है तो नग बीच में दबे होते है, नग निकालते समय ट्रेन चलने लगती है। यहां पर स्लेप वाला पुल न होने से पार्सल घर से प्लेटफार्म दो, तीन, चार व पांच पर नग ले जाने में काफी दिक्कत होती है। जबकि स्लेप वाला पुल जरुरी है।

## भावलखेड़ा- ददरौल की प्रगति खराब, वेतन रोकने की चेतावनी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीडीओ डॉ.अपराजिता सिंह ने गुरुवार को पुनः ब्लॉकवार समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों की फेस कैप्चरिंग एवं ईकेवाईसी समीक्षा बैठक की।

इसमें सीडीओ ने पाया कि सभी ब्लॉकों में से ब्लॉक बण्डा, तिलहर की प्रगति अच्छी है, लेकिन ब्लॉक-कलान, ददरौल एवं भावलखेड़ा की प्रगति खराब पाई। जिस पर सीडीओ ने बाल विकास परियोजना अधिकारी भावलखेड़ा व ददरौल को प्रगति में तत्काल सुधार लाने को निर्देशित किया। अन्यथा की दशा में वेतन रोकने की चेतावनी दी। समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को उक्त कार्य में प्रगति लाए जाने के लिए अधीनस्थ अध्यापकों व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को संयुक्त प्रयास कर प्रति केन्द्र न्यूनतम 20-20 लाभार्थियों की फेस कैप्चरिंग एवं ईकेवाईसी व प्रतिदिन हर हालत में कराएं जाने के लिए निर्देशित किया। खराब प्रदर्शन वाली 10-10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ हालत बिगड़ी

**तिलहर, अमृत विचार :** ससुराल में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

पीलीभीत के थाना बिलसंडा निवासी किशन लाल करीब आठ दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव जन्यूरी में ससुराल आए थे। बृहस्पतिवार दोपहर 3:30 बजे पत्नी सीता से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान किशनलाल ने अपनी ससुराल में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर ससुराल वालों ने इलाज को सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# कम छात्र नामांकन वाले विद्यालयों को मर्ज करने का आदेश हो निरस्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पांडेय के नेतृत्व में गुरुवार को जलालाबाद विधानसभा के विधायक हरि प्रकाश वर्मा और ददरौल विधानसभा के विधायक अरविन्द सिंह से मिला। इस दौरान कम छात्र नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को पेयरिंग के बहाने मर्ज किए जाने वाले आदेश को निरस्त कराने के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया।



जलालाबाद विधायक को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। • अमृत विचार

- प्राथमिक शिक्षक संघ ने विधायकों को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज किए जाने से निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में निहित प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार प्राप्त होने के बाबजूद इस व्यवस्था में गरीब एवं वंचित समूह के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। क्योंकि विद्यालयों को मर्ज करके दूसरे गांव में बच्चों को भेजने की अनुशंसा में बच्चे बुनियादी शिक्षा की धारा से छूट जाएंगे। बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में भाग 3 की धारा 6(4क) में 300 की आबादी पर एवं एक किलोमीटर की दूरी पर प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है। इसके अंतर्गत पिछली सरकारों ने प्रत्येक एक किलोमीटर पर एक प्राथमिक विद्यालय खुलवाया गया था। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सरकार के इस आदेश जिसमे कम छात्र नामांकन के विद्यालयों कों दूसरे विद्यालय में मर्ज किये जाने का निर्देश है, शिक्षा एवं छात्र विरोधी नीति मानते हुए विरोध करता है। विद्यालय मर्ज कर दिए जाने से विद्यालयों की दूरी बढ़ जाने के कारण बच्चो की दुर्घटना की संभावना के कारण अभिभावक चिंतित है और रोष व्याप्त है। लेकिन सरकार सामाजिक रूप से पिछड़े व वंचित वर्ग की शिक्षा के प्रति चिंता पर ध्यान नहीं दे रही है इसलिए शिक्षा व छात्र हित में कम छात्र नामांकन बाले विद्यालयों को पेयरिंग के बहाने दूसरे विद्यालयों में मर्ज करने बाले आदेश कों तत्काल निरस्त किया जाये। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा. रत्नाकर दीक्षित, जिला महामंत्री सुनील मौर्या, जिला संयुक्त मंत्री सचिन मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष धीरज रस्तोगी, पल्लवी गुप्ता और सचिव विक्रांत मिश्रा सहित नवनीत तिवारी, अंकित रस्तोगी, नरेन्द्र जायसवाल, और वेद वर्मा आदि रहे।

### 40 से कम नामांकन वाले विद्यालयों का होगा संविलियन: जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में संविलियन विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि ऐसे परिषदीय विद्यालय जहां छात्रों की संख्या 40 से कम है उन्हें पास के नजदीकी विद्यालयों में समाहित कर दिया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि यह कार्य दो दिवसों के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही कहा कि किसी राजस्व ग्राम में यदि दो परिषदीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं तो उनमें से एक को बंद कर अन्य में समाहित कर दिया जाए। इससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग संभव हो सकेगा और शिक्षण व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। डीएम ने बताया कि पहले चरण में लगभग 49 विद्यालयों को पास के स्कूलों में विलयित किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयों की सूची तत्काल तैयार कर लें और कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

# शाहजहांपुर पुलिस ने दर्ज किए बयान

संवाददाता, पूरनपुर

- एसओजी टीम पर है घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ और लूट करने के आरोप
- आत्मदाह की कोशिश के बाद एसओजी टीम को किया जा चुका लाइन हाजिर

**अमृत विचार:** महिला के घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ और लूट के आरोपों में घिरी एसओजी टीम के लाइन हाजिर होने के बाद गुरुवार को मामले की जांच के लिए शाहजहांपुर जनपद से पुलिस टीम हजारा पहुंची। महिला के बयान लिए गए। महिला ने रोकर अपनी आपबीती बताई। मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

थाना हजारा क्षेत्र की एक महिला ने बीते दिनों एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि 23 अप्रैल की रात कुछ लोग उसके घर में घुस आए थे। उन्होंने गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी। घर में घुसे लोगों ने छेड़छाड़ भी की। आरोपी कोई और नहीं एसओजी वाले थे। जिसके चलते पुलिस कार्रवाई करने से बच रही थी। महिला के आत्मदाह की चेतावनी के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद मामले में कार्रवाई न होने पर चार दिन पहले महिला अपने भाई संग लखनऊ पहुंची और मुख्यमंत्री आवास के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया था। इससे खलबली मच गई थी। जिसके बाद थमी चल रही कार्रवाई को रफ्तार मिल गई। इधर, एसपी अभिषेक यादव ने मामले में आरोप में घिरी एसओजी टीम को लाइन हाजिर कर दिया। बुधवार दोपहर बाद महिला अपने घर पहुंची थी और जिसके चलते बयान नहीं हो सके थे। इस मामले में जांच शाहजहांपुर के एसपी ग्रामीण को दी गई है। गुरुवार को एसपी ग्रामीण शाहजहांपुर दीक्षा भमर, सीओ शाहजहांपुर ज्योति यादव महिला के घर पहुंची। उन्होंने महिला के बयान दर्ज किए। पुलिस अधिकारियों ने महिला के बयान दर्ज किए और चली गई।

### दबाव बनाने का भी मचा शोर

एक तरफ मामले में जांच शुरू कर दी गई है। शाहजहांपुर के पुलिस अधिकारी जांच के लिए पहुंचे है। एसओजी टीम भी लाइन हाजिर की जा चुकी है। इन सबके बीच एक चर्चा मामले में सुलह का दबाव बनाने को लेकर चल रही है। गुरुवार को बयान की कार्रवाई के बीच इसका शोर मचा रहा।

## ट्रैफिक सिग्नल के तार काटने वाला गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आईटीएमएस के मैनेजर रितेश सिंह ने थाना सदर बाजार में तहरीर दी थी कि टाउनहाल स्थित आईटीएमएस से मई माह में दो बार बिजली के तार और सीसीटीवी कैमरे की केबल काट ली गई थी जिससे सारी व्यवस्था चौपट हो जाती थी। 25 जून को एक व्यक्ति व्यक्ति बिजली के तारों को छूते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। यातायात प्रभारी निरीक्षक विनय पाण्डेय ने कैमरे की फुटेज लेकर आस-पास के लोगों से पहचान कराई। एक व्यक्ति वीडियो में झोला लेकर दिखायी दे रहा था। उसे रोकने का प्रयास किया तो झोला लेकर भागा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और झोले से बिजली का तार बरामद किया है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि उससे पूछताछ कर रही है।

## सार-संक्षेप

### आवासीय भवन के भूमि पूजन कर किया शिलान्यास

**सिंधौली, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में विवेचना भवन और पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय भवन के लिए सीओ पुवायां ने निर्माण स्थल का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। कोतवाली सिंधौली परिसर में आरक्षियों के लिए बने आवास काफी पुराने और जर्जर हो गए थे। विभाग द्वारा बीते लंबे समय से आवासों के निर्माण के लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा था। लंबे इंतजार के बाद शासन ने आवास और विवेचना भवन के निर्माण को स्वीकृति दे दी। मुख्य भवन के समीप खाली पड़ी भूमि को चिन्हित कर बुनियाद खोदी गई। सीओ पुवायां प्रवीण मलिक ने विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। विवेचना कक्ष सहित बनाए जाने वाले आवासीय भवन में 40 कर्मियों के प्रवास की व्यवस्था होगी। सीओ ने कोतवाली स्टाफ को एएनटीएफ नशा मुक्ति अभियान, अवैध मादक पदार्थ व दवाइयों के दुरुपयोग तथा तस्करी के खिलाफ और नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अपराध निरीक्षक राजेश कुमार, उपनिरीक्षण हनुमान सिंह यादव, बलराज सिंह, आजाद सिंह सहित महिला व पुरुष आरक्षी मौजूद रहे।

### जनपद के प्रथम शिशु गृह का किया उद्घाटन



**तिलहर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने गुरुवार को कोतवाली में जनपद के प्रथम शिशु गृह का फीता काटकर उद्घाटन किया। एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि महिला पुलिस कर्मियों को नौकरी के साथ पारिवारिक दायित्व भी निभाना होते हैं। ऐसे में जिन महिला कर्मियों के छोटे बच्चे हैं उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए शिशु गृह का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि शिशु गृह में बच्चों के लिए फीडिंग रूम की व्यवस्था की गई है और यह व्यवस्था सभी थानों में लागू की जाएगी। इस दौरान सीओ ज्योति यादव, कोतवाल राकेश कुमार, एसआई प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

### आदेश बने संस्कृत महाविद्यालय के कार्य वाहक प्राचार्य

**शाहजहॉपुर, अमृत विचार :** आदेश कुमार पाण्डेय को श्री देवी सम्पद संस्कृत महाविद्यालय मुमुक्षु आश्रम का कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किया गया है। महाविद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में प्रकाश डबराल ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक स्वामी धर्मात्मानंद सरस्वती ने उनके नाम की घोषणा की। बैठक में प्रबंध समिति के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, रामसागर यादव, डा. अवनीश कुमार मिश्रा, डा. सत्य प्रकाश मिश्रा, डा. अवधेश मणि त्रिपाठी, रामचंद्र सिंघल, अशोक अग्रवाल, ओमकार मनीषी, रजनीश गुप्ता मुन्ना, रुचि मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने की पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** डीएम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान वेंडर्स ने डीएम से बैंकों द्वारा सहयोग न करने की शिकायत की। जिस पर डीएम ने सहयोग न करने वाली बैंकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी। कलेक्ट्रेट कक्ष में गुरुवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2025-26 तक कुल 1764 घरों पर सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके सापेक्ष 1141 घरों पर सोलर रूफ टॉप पावर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 915 उपभोक्ताओं को अनुदान भी दिया जा चुका है। इस दौरान डीएम ने वेंडर्स की भी समस्याऐं सुनीं, जिसमें मुख्य रूप से वेंडर्स द्वारा बैंक लोनिंग में आ रही समस्याएं बताई गई। बताया गया कि पंजाब एंड सिंध बैंक कलीनगर एवं शाहगढ़, यूनियन बैंक पूरनपुर, इंडियन बैंक पीलीभीत एवं बीसलपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा बीसलपुर द्वारा सहयोग न करने की जानकारी दी गई। इस पर डीएम ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि सभी बैंकों को योजनान्तर्गत ऋण उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित करें एवं समय सीमा निर्धारित करें।

# लघु फिल्म पुरस्कार योजना के तहत प्रविष्टियां आमंत्रित

- अंतिम तिथि 31 अगस्त, प्रविष्टियों को किया जाएगा पुरस्कृत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लघु फिल्म पुरस्कार योजना के तहत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने मानव अधिकार मुद्दों पर आधारित लघु फिल्मी के लिए 11वीं वार्षिक प्रतियोगिता की प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 अगस्त 2025 है। प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि योजना का उद्देश्य मानव अधिकारों के संवर्धन एवं संरक्षण की दिशा में सभी आयु वर्ग के भारतीय नागरिकों के सिनेमाई और रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। लघु फिल्में अंग्रेजी या किसी भी भारतीय भाषा में हों। इसमें उपशीर्षक अंग्रेजी में होंगे। बताया कि लघु फिल्म की अवधि न्यूनतम तीन मिनट और अधिकतम 10 मिनट होनी चाहिए। यह फिल्में डॉक्यूमेंट्री, वास्तविक कहानियों का नाट्य रूपांतरण या एनीमेशन सहित किसी भी तकनीकी में बनाई गई काल्पनिक कृति हो सकती है। फिल्म सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों के दायरे में हों। बताया कि प्रतियोगिता के लिए कोई भी व्यक्ति कितनी भी प्रविष्टियां भेज सकता है। इसमें कोई प्रवेश शुल्क या रोक नहीं है। बल्कि प्रतिभागियों को प्रत्येक फिल्म को विधिवत भरे हुए प्रवेश के साथ अलग से भेजना होगा। प्रवेश पत्र के साथ नियम और शर्तें एनएचआरसी की वेबसाइट पर क्लिक करके डाउनलोड की जा सकती है। फिल्म, विधिवत दाखिल प्रवेश फार्म और अन्य आवश्यक दस्तावेज गूगल ड्राइन का उपयोग करके एनएचआईआरसी शार्ट फिल्मी जीमेल पर भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा किसी जानकारी के लिए भी ईमेल कर सकते हैं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे होगी। जिसमें डीएम अवनीश कुमार राय समीक्षा करेंगे।
- मालवीय आवास गृह पर भाकियू का सुबह दस बजे मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।
- राजकीय इंटर कॉलेज में सुबह नौ बजे आपातकाल के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बच्चों को आपातकाल की जानकारी दी जाएगी।

### दो दिन होंगे साक्षात्कार

बदायूं,अमृत विचार : जिला उद्योग उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत पारंपरिक कारीगरों के द्वारा आवेदन किया गया। साक्षात्कार एक और दो जुलाई को केंद्र पर होगें।

# पंचायतों के खातों में जमा करोड़ों रुपये गांवों में विकास शून्य, सहसवान पीछे

## टूटी नालियां, जलभराव खत्म करने में राशि खर्च नहीं कर रही ग्राम पंचायतें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले की ग्राम पंचायतों के खाते मे जमा हैं 5.47 करोड़ धनराशि
- सबसे ज्यादा सहसवान ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में खाते में जमा है धनराशि
- सीएम डैशबोर्ड पर जिले की स्थिति सी ग्रेड में दर्ज

**अमृत विचार:** जिले की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की रफ्तार थमी हुई है, जबकि उनके खातों में 5.47 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि पड़ी हुई है। शासन द्वारा भेजी गई राशि का सही उपयोग न होने से गांवों में जलभराव, टूटी नालियां और अधूरे निर्माण कार्य ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। सबसे अधिक लापरवाही सहसवान ब्लॉक में देखने को मिली है, जहां की ग्राम पंचायतों के खातों में 80.55 लाख रुपये से अधिक की धनराशि अब भी बिना उपयोग के पड़ी है।

जब गांव विकास की बाट जोह रहे हैं, तब करोड़ों की सरकारी धनराशि पंचायतों के खातों में बेकार पड़ी है। यह स्थिति सिर्फ प्रशासनिक उदासीनता नहीं, बल्कि ग्रामीणों के अधिकारों और सुविधाओं की अनदेखी भी है। शासन की मंशा को जमीन पर उतारना अब पंचायतों की जिम्मेदारी है लेकिन इसके प्रति लापरवाही बरती जा रही है।

जिले के 15 विकास खंडों में कुल 1036 ग्राम पंचायतें हैं। इन्हें राज्य वित्त आयोग और 15वें वित्त आयोग के तहत बजट भेजा जाता है, जिससे ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता, शौचालय, स्कूलों के कायाकल्प, नाली, खड़ंजा आदि कार्य कराए जाने होते हैं। वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त आयोग की दो किस्तों में 32.61 करोड़ रुपये ग्राम पंचायतों को मिले, जिनमें से 27.13 करोड़ खर्च हो चुके हैं, लेकिन 5.47 करोड़ की बड़ी राशि अब भी खातों में अटकी है।

### जिन कामों के लिए होती है धनराशि, वही अधूरे

गांवों में सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर को मानदेय नहीं मिल रहा है, सफाई कर्मियों के पास जरूरी उपकरण नहीं हैं, और कई जगहों पर मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। विकास कार्य रुकने से सीएम डैशबोर्ड पर जिले की स्थिति सी ग्रेड में दर्ज हो रही है, जो जिले के प्रदर्शन को पिछड़ा दिखा रही है।

### इन मदों पर खर्च होती है धनराशि

पंचायती राज के नियम यह है कि राज्य वित्त का पैसा सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर के मानदेय, नाली, डस्टबिन आदि में खर्च किए जाने का प्रावधान है। वहीं 15वां वित्त का पैसा प्राथमिक विद्यालयों के कायाकल्प, स्वच्छता संबंधी कार्य, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग आदि में खर्च किया जाता है। ग्राम प्रधान इस पैसे को विकास कार्यों में खर्च करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इस वजह से यह फंड खाते में डंप पड़ा है।

### सहसवान में खर्च नहीं की राशि

| ब्लॉक | खाते में शेष धनराशि | ब्लॉक | खाते में शेष धनराशि |
|---|---|---|---|
| सहसवान | 80,55,198.76 | दहगवां | 39,98,935.30 |
| कादरचौक | 52,92,919.02 | वजीरगंज | 29,31,804.81 |
| सालारपुर | 48,58,207.99 | दातागंज | 29,42,887.86 |
| अंबियापुर | 47,36,829.80 | इस्लामनगर | 29,71,434.79 |
| समरेर | 42,84,866.58 | उझानी | 30,06,458.48 |

अन्य ब्लॉक 17–28 लाख के बीच

जिन पंचायतों में धनराशि खर्च नहीं की गई है, उनकी सूची तैयार की जा रही है। इसके बाद संबंधित पंचायत सचिव, कंसल्टिंग इंजीनियर और एडीओ पंचायत से जवाब लिया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। **–यावर अब्बास** डीपीआरओ

# आठ दिन बाद भी पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**संवाददाता, बिसौली,अमृत विचार:** नगर के समीपवर्ती ग्राम में आठ दिन पहले एक युवक महिला को अकेला देख घर में घुस गया।

महिला का पति घर में नहीं था। वह नगर में कार्य करता है। आरोपी ने महिला को अकेली देखकर दबोच लिया था और मुंह काला किया। घटना के समय ही पति आ गया। जब वह दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचा तो आरोपी भाग गया। शोर मचने पर आस पड़ोस के लोग आ गए। घटना को लेकर पीड़िता के पति ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने शान्ति भंग की कार्रवाई की।

बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़ित पति ने एसएसपी का दरवाजा खटखटाया। जिस पर एसएसपी ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश कर दिए। लेकिन आठ दिन बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। इधर कोतवाल हरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। जांच के बाद ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आधार कार्ड संशोधन का टोकन लेने उमड़ी भीड़


डाकघर के गेट पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

संवाददाता, इस्लामनगर

- भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत

**अमृत विचार:** नगर में एक ही आधार कार्ड मशीन होने के चलते नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को डाकघर पर आधार कार्ड बनवाने व पुराने में संशोधन कराने को लेकर काफी संख्या में लोग पहुंचे। इससे डाकघर के बाहर सड़क के दोनों ओर लोगों की कतार लग गई। जल्दी टोकन लेने की होड़ में लाइन में लगे लोगों के बीच धक्का मुक्की तक होने लगी। इस बीच सड़क पर भी जाम की समस्या पैदा हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के पुलिस बुलानी पड़ी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ पर काबू किया।


सरकारी योजनाओं व परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के डीबीटी का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड जरूरी कर दिया गया है। वहीं नए आधार कार्ड बनवाने या पुराने में संशोधन कराने के लिए लोड डाकघर के चक्कर लगा रहे हैं। जिन बच्चों की उम्र पांच साल से अधिक हो गई है, उनके आधार कार्ड बायोमेट्रिक अपडेट कराना अनिवार्य का दिया गया है। साथ ही इन दिनों राशन कार्ड की ई केवाईसी का कार्य भी चल रहा है। जिसके चलते लोग रोजाना डाकघर के चक्कर काट रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि डाक घर में लगी आधार कार्ड मशीन अधिकतर बंद रहती है। गुरुवार सुबह सात बजे से ही लोगों ने नगर के डाकघर पर पहुंचना शुरू कर दिया। आलम यह रहा कि डाक घर के गेट लेकर बाहर सड़क तक लोगों की लंबी लाइन लग गई। जल्दी टोकन लेने के चक्कर में लोग आपस में धक्का मुक्की तक करने लगे। जिससे सड़क पर जाम तक लग गया। पोस्ट मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजाना 30 लोगों के आधार बनने व संशोधन का कार्य किया जा रहा है।

# खबर छपने के बाद हरकत में आया लोक निर्माण विभाग, हाईवे पर पैबंद लगाना शुरू

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** कासगंज मार्ग पर हाईवे पर जगह जगह गड्ढे होने से वाहनों को दिक्कत होती थी। हाईवे पर गड्ढे होने का समाचार प्रकाशित होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने आनन फानन में सड़क पर पैबंद लगा कर सड़क ठीक कर दी।

उझानी से कासगंज हाईवे पर दिन भर और पूरी रात बड़े छोटे वाहन दौड़ते हैं। जिससे सड़क पर कई जगह पर गड्ढे हो गए थे। गड्ढे होने से वाहन चालकों को दिक्कत होती थी। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से भी गड्ढे भरने की गुहार की थी। लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद दैनिक अमृत विचार ने 25 जून को सड़क में गड्ढे होने की खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद 26 जून को लोक निर्माण विभाग हरकत में आ ग या। लोक निर्माण विभाग ने आनन फानन में सड़क के गड्ढे भर दिए। हाईवे पर गड्ढे भरने के बाद वाहनो ने आज से बेखौफ होकर फर्राटा भरना शुरू कर दिया। लोगों ने अमृत विचार को धन्यवाद किया है। लोगों का कहना है कि जनहित की खबर प्रकाशित कर अखबार ने लोगों की एक बड़ी समस्या हल करा दी।


सड़क पर भरे गए गड्ढे। ● अमृत विचार


कासगंज रोड पर गड्ढे ही गड्ढे, बड़ा हादसा होने का खतरा
उझानी, अमृत विचार : बदायूं-कासगंज राजमार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इससे कभी भी बड़ा

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- हाईवे पर भरे गए गड्ढे, लोगों ने अखबार को सराहा
- वाहन चालकों को हो रही थी आवागमन में दिक्कत

# फर्जी बैनामा कराने आई महिला पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- केबिन से भागे महिला और प्रलेखक, सब रजिस्ट्रार ने उच्चाधिकारियों को दी सूचना
- सब रजिस्ट्रार की सूझबूझ से नहीं हो सका भूमि का फर्जी बैनामा
- बयान के दौरान सकपका गई थी महिला, पकड़ा गया झूठ बेहोश होने का किया ड्रामा

**अमृत विचार:** सब रजिस्ट्रार की सूझबूझ से एक फर्जी बैनामा होने से बच गया। जमीन बिक्री करने आई महिला के बयान दर्ज कराने के दौरान सब रजिस्ट्रार को मामला संदिग्ध लगा। उनकी सख्ती दिखाने पर महिला ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। इसी दौरान महिला ने बेहोश होने का ड्रामा किया। जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। इसका लाभ उठाकर महिला और बैनामा लिखने वाला प्रलेखक मौके से फरार हो गए। सब रजिस्ट्रार ने घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

सब रजिस्ट्रार एचएम वसीम ने बताया कि बैनामा कराने से पूर्व जमीन की बिक्री करने आई महिला को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया। जमीन की कीमत और महिला के हाव भाव से मामला संदिग्ध लगा। जिस पर उन्होंने महिला से अपना मुंह दिखाने के लिए कहा। इससे महिला डर गई और उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। बताया कि जिस महिला की यह भूमि है उसकी मृत्यु हो चुकी है। उसके स्थान पर उसे खड़ा किया गया है। उन्होंने पुलिस को बुलाने के लिए कहा कि तो महिला बेहोश होने का ड्रामा करने लगी।


बैनामा के अभिलेख चेक करते सब रजिस्ट्रार एचएम वसीम सदर द्वितीय।

इससे सब रजिस्ट्रार के केबिन में अफरा तफरी मच गई। जिसका लाभ उठाकर महिला और बैनामा कराने वाला प्रलेखक फरार हो गया। जानकारों का कहना है कि यदि सब रजिस्ट्रार ने ध्यान नहीं दिया होता तो जमीन की रजिस्ट्री हो जाती और इसे लेने वाले के लाखों रुपये फंस जाते। क्योंकि वास्तविक मालिक के परिजन जमीन पाने के लिए प्रयास करते।

# मुहर्रम-सावन को लेकर थाने में बैठक


पीस कमेटी की बैठक में शामिल सीओ और धर्मगुरु। ● अमृत विचार

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** थाना परिसर में गुरुवार को मुहर्रम पर्व व सावन मास को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। क्षेत्राधिकारी बिल्सी रविंद्र सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में क्षेत्र के सभी धर्मगुरु, ग्राम प्रधान और नागरिक शामिल हुए। बिल्सी सीओ संजीव कुमार, एसडीएम रिपु दमन सिंह ने सभी से त्योहारों के दौरान नियमों और कानूनों का पालन करने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन लोगों की सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी घटना पर पुलिस को सूचना दें जिससे मदद की जाए। थाना प्रभारी कमलेश मिश्रा ने त्योहार पर शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कोई नई परंपरा शुरू न करें।

बैठक में मोहर्रम और सावन मास को लेकर मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था पर विचार-विमर्श हुआ। प्रशासन ने इन सभी मुद्दों पर आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में सब इंस्पेक्टर धूम सिंह थाने के अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में लोगों ने बैठक में हिस्सा लिया।

# मोहर्रम का आगाज, कर्बला काजी हौज में आज लगेगा फतेह निशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अशरा-ए-अव्वल की मजलिसों को मौलाना सैफ अली ज़ैदी करेंगे खिताब

**अमृत विचार :** मोहर्रम के मुक़द्दस महीने की शुरुआत के साथ ही शिया मुसलमानों में शोक का माहौल बन गया है। शहर के कर्बला क़ाज़ी हौज़ में शुक्रवार को पारंपरिक तौर पर फतेह निशान लगाया जाएगा, जो मोहर्रम के आग़ाज़ का प्रतीक माना जाता है।

मोहर्रम, को इस्लामी नववर्ष का पहला महीना माना जाता है, शिया समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है। यही वह महीना है जब कर्बला के मैदान में पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन ने अन्याय और ज़ुल्म के खिलाफ लड़ते हुए अपने 72 साथियों समेत शहादत कबूल की थी। अशरा-ए-अव्वल की मजलिसें से, मौलाना सैफ अली ज़ैदी खिताब करेंगे। अंजुमन ज़ुल्फ़िक़ार-ए-हैदरी ज़ैनुल इबा ज़ैदी ने बताया कि अशरा-ए-अव्वल की मजलिसों को खिताब करने के लिए बरेली से आए मौलाना सैफ अली ज़ैदी क़िबला करेंगे।

पहली मजलिस सुबह 8 बजे इमामबाड़ा मुत्तक़ीन, सय्यदबाड़ा में मुनक़ीद की जाएगी, जबकि दूसरी मजलिस रात 8 बजे अज़ाखाना जावेद अब्बास, निकट जमा मस्जिद में आयोजित होगी। ज़ैनुल इबा ज़ैदी ने बताया कि मोहर्रम से लेकर सफर की 8 तारीख़ तक यानी कुल 2 महीने 8 दिन तक मजलिसों, मातम और अज़ादारी का सिलसिला जारी रहेगा। इस दौरान महिलाएं और बच्चियाँ अपने ज़ेवर उतार देती हैं और पूरी तरह शोक मनाती हैं।

### शहर की गलियों में बसा रहेगा कर्बला का मंज़र

मोहर्रम के दौरान शहर की फिजा पूरी तरह अज़ादारी में डूब जाती है। जगह–जगह ताज़िये, अलम, सबीलें, और मजलिसों का आयोजन किया जाता है। मातमी जुलूसों में लोग सीना–ज़नी कर इमाम की कुर्बानी को याद करते हैं। प्रशासन की ओर से शांति व्यवस्था के लिए कड़े इंतज़ाम किए गए हैं ताकि अज़ादारी का माहौल सम्मानपूर्वक और शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

स्नातक पंजीकरण प्रवेश की 25.06.25 अंतिम तिथि आज
सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A | B.Sc | B.Com | B.Sc (Home Science) | B.B.A | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc | M.Sc (Home Science) | M.A. (Home Science) | M.A. (Drawing And Painting)
D.PHARMA (BTE Code 2143) | B.ED | B.T.C. (D.El.Ed.) | B.EL.ED
डी.एस.आर.कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा.हरीशंकर गंगवार, Mob No.9412287777

## मानसून

### ताज धान की लग रही पौध, जल्द तैयार होगा धान, अगेती प्रजाति की पौध लगा रहे किसान, सिमरिया में लग चुका पचास एकड़ धान

# बारिश शुरू होते ही किसान के हाथ खुले, होने लगी धान की रोपाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मानसून की बारिश ने किसानों के हाथ पैर खोल दिए हैं। खेतों में पानी भर जाने से धान की रोपाई शुरू हो गयी है। किसान दिन रात धान की पौध लगा रहे हैं।

आषाढ़ मास में बारिश होती है। लेकिन इस बार कुछ देर से बारिश ने दस्तक दी है। फिर भी अभी हल्की बारिश हो रही है। कहीं कहीं पर मंगलवार और बुधवार को बारिश तेज हुई है जिससे खेतों में पानी भर गया है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों ने धान की पौध लगानी शुरू कर दी है। ब्लॉक जगत के गांव सिमरिया में किसानों ने धान की पौध लगानी शुरू कर दी है। किसान अंकित ने बताया कि अब तक 50 एकड़ में धान लगाया जा चुका है। करीब सौ बीघा धान और लगाया जाएगा। बारिश होने से फायदा हुआ है। कई किसानों ने धान लगा दिया है। जो खेत निचले स्थान पर हैं वहां बारिश का पानी भर गया है। उन खेतों में धान लगाया जा रहा है।


धान की पौध की रोपाई करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

रसूलपुर निवासी राजवीर ने बताया कि अभी जो धान लगाया जा रहा है वह अक्टूबर में तैयार होगा। धान के बाद किसान सरसों लगाएंगे। इसलिए किसान धान की अगेती प्रजाति की पौध लगा रहे हैं। यह धान सबसे पहले तैयार होता है। पैदावार भी ठीक होती है इसलिए किसान अभी ताज धान की पौध ही लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब चार छह दिन बाद बारिश होगी तब तक यह पौध खेत में लग चुकी होगी। उदमई निवासी किसान संतोष ने बताया कि शरबती धान जुलाई के अंत तक लगाया जाता है। सरबती की पौध अब किसान तैयार कर रहे हैं जबकि ताज धान की पौध तैयार हो चुकी है। किसान खेतों में रोपाई कर रहे हैं। बताया कि सावन माह तक धान लगाया जाता है जिसका उत्पादन ठीक होता है।

### बासमती पौध की तैयारी

बासमती और हंसराज धान की पौध तैयार की जा रही है। यह दोनो प्रजातियां कम उत्पादन देने वाली हैं लेकिन इनका चावल सौ रूपए किलो बिकता है इसलिए जुलाई के अंत में यह पौध लगाई जाती है। शरबती धान बाजार में सबसे महंगा बिकता है हंसराज भी महंगे दाम पर बिकने वाला धान है। बहुत कम किसान यह धान लगाते हैं। इनकी पैदावार दो से ढाई क्विंटल बीघा के हिसाब से होती है।

### दातागंज में 50% लगा


तराई क्षेत्र में धान पहले लगाया जाता है। उसहैत, दातागंज उसावा, हजरतपुर, सैजनी चितरी आदि क्षेत्रों में पचास प्रतिशत धान लगाया जा चुका है। क्योंकि इधर पानी काफी ऊपर है। किसान अपने संसाधनों से खेतों में पानी भर लेते हैं और धान की पौध जून शुरू होते ही लगा देते हैं। जबकि दूसरे इलाकों में धान जुलाई के अंत तक लगाया जाएगा।

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177


# फर्जी विवाह पंजीकरण पर लगा ताला, लगाने होंगे सच्चे दस्तावेज

## माता-पिता या परिजन की मौजूदगी अनिवार्य, फर्जी शादी कराने वालों की खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- वीडियो सबूत और शपथपत्र भी जरूरी
- पुरोहित, काजी की भी जवाबदेही होगी तय

**अमृत विचार:** अब उप निबंधन कार्यालय में विवाह पंजीकरण कराना पहले जितना आसान नहीं रहेगा। शासन ने फर्जीवाड़ा रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए विवाह पंजीकरण के नियमों को सख्त कर दिया है। नए नियमों के तहत, अब माता-पिता या परिवार के किसी एक सदस्य की उपस्थिति विवाह पंजीकरण के दौरान अनिवार्य कर दी गई है। उनके नहीं होने की स्थिति में विवाह कराने वाले पुरोहित या निकाह पढ़ाने वाले काजी को शपथपत्र के साथ गवाही देनी होगी।

सब रजिस्ट्रार मोहम्मद वसीम ने बताया कि पहले प्रदेश के किसी भी जिले से विवाह पंजीकरण कराया जा सकता था। लेकिन अब नियम सख्त हो गए हैं। जनपद में निवास करने वाले ही वर वधु ही विवाह पंजीकरण सकेंगे। अन्य जिले में विवाह पंजीकरण नहीं होगा। अगर वर वधु नौकरीपेशा हैं तो उन्हें पंजीकृत किरायानामा प्रस्तुत करना होगा। नए दिशा-निर्देश जारी होने के बाद अब तक एक भी विवाह पंजीकरण नहीं हो पाया है, जबकि पिछले साल करीब 300 विवाह पंजीकृत हुए थे। विभागीय कार्यालयों की दीवारों पर नई गाइडलाइन चस्पा कर दी गई है ताकि आमजन को समय रहते इसकी जानकारी मिल सके।

### नए नियमों के अनुसार

- वर-वधू को उसी जिले में विवाह पंजीकरण कराना होगा जहां वे निवास करते हैं।
- नौकरीपेशा होने की स्थिति में पंजीकृत किरायानामा प्रस्तुत करना होगा।
- वर-वधू पक्ष से एक-एक ब्लड रिलेशन गवाह अनिवार्य होगा। इनमें माता-पिता, भाई-बहन, चाचा-ताऊ, नाना-नानी शामिल हैं।
- विवाह कराने वाले पुरोहित/पंडित को शपथपत्र देना होगा, जिसमें उनका पूरा नाम, पिता का नाम, स्थायी और वर्तमान पता, आधार की प्रति, अन्य पहचान पत्र, मोबाइल नंबर और पासपोर्ट साइज फोटो सहित विवाह का वीडियो पेन ड्राइव में देना होगा।
- शपथपत्र में यह स्पष्ट घोषणा करनी होगी कि विवाह उन्हीं द्वारा संपन्न कराया गया है। यही नियम निकाह पंजीकरण पर भी लागू होंगे।
- सख्त नियमों के चलते फिलहाल पंजीकरण की प्रक्रिया ठप हो गई है। निबंधन विभाग का मानना है कि इन बदलावों से फर्जी पंजीकरण पर अंकुश लगेगा और विवाह दस्तावेजों की प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी।

निबंधन विभाग में विवाह पंजीकरण के लिए नया नियम लागू हुआ है। जारी की गई गाइडलाइन के तहत पंजीकरण के दौरान माता-पिता या परिवार के एक सदस्य की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। उन्हें शपथपत्र के साथ विवाह कार्यक्रम का वीडियो पेन ड्राइव में देना होगा। तब पंजीकरण हो सकेगा।
– **सीपी मौर्य,** सहायक निबंधन आयुक्त।

# ई-रिक्शा पलटने से अधेड़ की मौत चालक घायल

**ककराला, अमृत विचार:** स्टील फर्नीचर का सामान लदा ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस नें शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

अलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम अभियासा निवासी ख़ुशीराम पुत्र मोहनलाल स्टील फर्नीचर बनाने का काम करते थे। गुरुवार की सुबह वह ई-रिक्शा के द्वारा फर्नीचर उझानी जा रहे थे। ई-रिक्शा थाना कादर चौक क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज में निर्माणाधीन पानी की टंकी के पास पलट गया। जिसमें खुशीराम गंभीर घायल हो गए। हादसा होने की सूचना थाना पुलिस को दी गई। पुलिस और लोगों की मदद से ई-रिक्शा के नीचे दबे खुशीराम को बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी चल रही कि उनकी सांसे थम गईं। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं ई-रिक्शा चालक को कादरचौक स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है।

# माध्यमिक स्कूलों में शुरू हुआ स्कूल चलो अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्कूल चलो अभियान में आठवीं पास बच्चों के नामांकन पर जोर
- एक जुलाई से खुलेंगे स्कूल चल रही पठन पाठन की तैयारी

**अमृत विचार:** ग्रीष्मकालीन छुट्टियां समाप्त हो चुकी हैं। स्कूल खुल रहे हैं, लेकिन बच्चे नहीं आ रहे हैं। एक जुलाई से बच्चों का आगमन शुरू हो जाएगा। बच्चों के आगमन पर माध्यमिक स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें जिले के परिषदीय विद्यालयों से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों का कक्षा नौ में प्रवेश राजकीय माध्यमिक विद्यालयों दिलाने पर जोर रहेगा।

परिषदीय विद्यालय से आठवीं पास करने वाले विद्यार्थियों का कक्षा नौ में प्रवेश दिलाने के निर्देश डीआईओएस को मिले हैं। उन्होंने स्कूलों के प्रधानाचार्य को अधिक से अधिक बच्चों का कक्षा नौ में नामांकन करने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के 356 उच्च प्राथमिक और 297 संविलियन विद्यालय हैं। इन स्कूलों से करीब 20 हजार बच्चों ने आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों से आठवीं उत्तीर्ण करने वाले बच्चों की सूची बेसिक शिक्षा विभाग से मांगी है। आठवीं पास करने वाले सभी बच्चों का कक्षा नौ में राजकीय माध्यमिक स्कूलों में प्रवेश किया जाएगा। माध्यमिक स्कूलों के शिक्षक बीईओ, परिषदीय स्कूलों के प्रधानाचार्य और शिक्षक विद्यार्थियों से संपर्क करेंगे। बच्चों को नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए प्रेरित करेंगे।

एक जुलाई से माध्यमिक स्कूलों में पठन पाठन का कार्य शुरू हो जाएगा। साथ ही राजकीय हाईस्कूल और इंटर कॉलेजों में आठवीं पास कर चुके विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। जिसमें परिषदीय विद्यालयों से आठवीं पास विद्यार्थियों को नौवीं कक्षा में प्रवेश कराने पर अधिक जोर रहेगा। – **लालजी यादव,** जिला विद्यालय निरीक्षक


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559


# डीएम की फटकार के बाद हरकत में आई नगर पालिका



सैफुल्लागंज मार्ग को साफ सुथरा करते पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार:** मोहल्ला सैफुल्लागंज मार्ग पर जलभराव के चलते दो दिन पूर्व पानी में करंट उतर आने से दो बैलों की मौत हो गई थी, जबकि तीन राहगीर बाल बाल बच गए थे। इस हादसे से आक्रोशित मोहल्ले के लोगों ने जाम लगा कर प्रदर्शन किया था। जिसके बाद डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त मार्ग पर मिट्टी डालने के आदेश दिए। डीएम की फटकार के बाद गुरुवार को नगर पालिका प्रशासन ने मार्ग को पूरी तरह साफ सुथरा कर दिया अब सड़क पर मिट्टी डाली जाएगी।

आज नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने सैफुल्लागंज मार्ग पर सफाई अभियान चलाया। दोनो ओर बने नाले की तड़ी झाड़ सफाई कराई गई। अधिशासी अधिकारी ने कहा इस सफाई के बाद सड़क पर मिट्टी डाल कर दो फुट ऊंचा कर दिया जाएगा, जिससे जलभराव से निजात मिलेगी। नाले का निर्माण भी जल्द करा दिया जाएगा।

# सांसद के सवालों का जवाब नहीं दे पाए अफसर

संवाददाता, ककराला



आंवला सांसद नीरज मौर्य छात्र को सम्मानित करते हुए। ● अमृत विचार

- पालिका सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सांसद ने किया सम्मानित

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभागार में बोर्ड बैठक और संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया । होनहार छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को नगर पालिका परिषद सभागार में हुई बोर्ड बैठक में नगर में व्याप्त समस्याओं और साफ सफाई व्यवस्था तथा विकास कार्यों के बजट को लेकर विचार-विमर्श किया गया। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंतखाब अहमद सकलैनी की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी सुनील मिश्रा की मौजूदगी में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आंवला सांसद नीरज मौर्य ने चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी से नगर के विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा नगर के विकास कार्यों की कार्य योजना बनाकर शासन को भेजें, नगर के विकास में हर संभव प्रयास किया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को सांसद के सवालों का जवाब नहीं देने पर जमकर लताड़ा और आगे बैठक में पूरी जानकारी के साथ उपस्थित होने को कहा। बोर्ड बैठक के बाद सांसद ने नगर के होनहारों को सम्मानित किया ।

नीट परीक्षा 2025 की परीक्षा पास करने वाले नगर के छात्र छात्राओं को सांसद नीरज मौर्य ने फूल मालाएं पहनाकर, शील्ड और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। तेरह वर्ष की उम्र में किताब (नेवर गिव अप) लिखने वालीं डीपीएस स्कूल बदायूं की छात्रा लबीजा ज़ुबैर को बधाई दीं। इस मौके पर जिला कार्य योजना समिति सदस्य जैनुल आबिदीन खान लकी, फहीम खान, नजमुल हसन अंसारी, असलम खान, रेहान खां, वीरेन्द्र मौर्या, सहरोज, कफील खां, मुस्तफा, बड़े बाबू शमशाद खां मौजूद रहे।


बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है



● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174


# जूस पिलाकर अनशन कराया समाप्त



अनशन को संबोधित करते कांग्रेस नेता ओंकार सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का गंदा पानी रोकने हेतु गुरुवार को नरुउ हाईवे के पास स्थल पर क्रमिक अनशन पर बैठी महिलाओं ने प्रदर्शन किया ।कांग्रेस नेता मुन्नालाल सागर ने महिलाओं को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।

गुरुवार को नरुउ हाईवे के पास धरना स्थल पर किशोरवती , मनोरमा, शीला देवी, मुन्नी देवी, सर्वेश कुमारी, सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक क्रमिक अनशन पर बैठी। उसके बाद कांग्रेस नेता मुन्नालाल सागर ने जूस पिलाकर क्रमिक अनशन समाप्त करवाया। पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि आज गांव की महिलाएं भी आंदोलन में शामिल होकर क्रमिक अनशन पर बैठी। महिलाओं की सहभागिता दिखाती है कि वे गंदे पानी की वजह से कितनी दुखी हैं। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कहा कि कांग्रेस इन ग्रामीणों की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है ।

संघर्ष समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह सोलंकी, कमल प्रताप सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उझानी के पूर्व अध्यक्ष लोकेश गौड रामलाल, रामेंद्र सोलंकी, राजाराम हरी बाबू, छोटे, सुखराम, विकास शर्मा, अंशु सोलंकी, पातीराम, गजेंद्र श्यामवीर, जंग बहादुर ,गुलशन राघव मुनेंद्र पाल सिंह, बलवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चयनित आंगनबाड़ियों को नहीं मिले नियुक्ति पत्र, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले के चार ब्लॉकों की आंगनबाड़ी वर्कर्स को नहीं मिले हैं नियुक्ति पत्र
- आंगनबाडियों ने डीएम और डीपीओ से मिलकर नियुक्ति पत्र देने की मांग की

**अमृत विचार:** नवचयनित आंगनबाड़ी वर्कर्स को अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं मिले हैं। जिस पर उन्होंने रोष प्रकट करते हुए डीएम को मांग पत्र सौंपा है। उनका कहना था जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा चार ब्लॉकों में चयनित आंगनबाड़ी वर्कर्स को अभी तक नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। आंगनबाड़ी वर्कर्स ने डीएम से नियुक्ति पत्र दिलाने की मांग की है।

डीएम को सौंपे मांग पत्र में उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा अभी तक समरेर, म्याऊं, उसावां और दातागंज में चयनित वर्कर्स को नियुक्ति पत्र नहीं दिए गए हैं। जबकि अन्य ब्लॉकों में नियुक्ति पत्र बंट चुके हैं। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। आंगनबाड़ी वर्कर्स का कहना है कि नियुक्ति पत्र की मांग करने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नियुक्ति पत्र को अधूरा बताया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल चार ब्लाकों के साथ ही अफसर अनदेखी कर रहे है।

आंगनबाड़ी वर्कर्स की मांग पर डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को नियुक्ति पत्र दिए जाने के आदेश दिए हैं। शिकायत करने वालों में रुचि वर्मा, सीमा, जैली देवी, आकांक्षा सिंह, अर्चना शर्मा, मोहिनी, शिवानी आदि शामिल रहीं।

# शौच को गई किशोरी के साथ दुष्कर्म मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, बिसौली, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है।

आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसे जबरन खींचकर अपने घर में ले गया, जहां उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया। पीड़िता बदहवास हालत में घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पिता उसे लेकर तत्काल कोतवाली पहुंचे और पुलिस को घटना की लिखित तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हरेंद्र सिंह का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


# कचहरी रोड पर गहरे गड्ढे में पलट रहे ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** परशुराम चौक से कचहरी तक सड़क पूरी तरह जर्जर स्थिति में है। जगह जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं जिसमें दिन में कई बार ई रिक्शा व ऑटो पलटते हैं। वकीलों ने रोड की मरम्मत कराने को कई बार नगर पालिका प्रशासन को पत्र लिखे फिर भी सड़क की मरम्मत नहीं की गयी। परिणामस्वरूप यह रोड हादसों को दावत दे रही है।

शहर में परशुराम चौक से जिला अस्पताल तक कई जगह सड़क टूटी है। जिला अस्पताल से आगे कचहरी तक दर्जनों गहरे गड्ढे हैं। कचहरी रोड स्थित हनुमान मंदिर के निकट सड़क कई जगह से टूट चुकी है, जिसमें बारिश का पानी अभी भरा है। सड़क पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं। पिछले दिनों यहां पर सड़क की मरम्मत की गयी थी। उसके बाद सड़क फिर से टूट रही है। गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इन गड्ढों में ई रिक्शा दिन में कई बार पलटते हैं। ऑटो भी हादसे का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इधर से अधिकारियों की गाड़ियां भी गुजरती हैं। हिचकोले खाती हुई एम्बुलेंस भी निकलती हैं जिसमें मरीज की स्थिति और खराब हो जाती है। रोड के दोनों ओर कचहरी पर वकीलों के केबिन बने हैं। वकीलों के मुवक्किल और अन्य लोग दिन भर इधर से गुजरते हैं। बाइक चालक अक्सर फिसल कर गड्डो में गिरते हैं उन्हें वहां के वकील और मुंशी ही उठाते हैं।

वकीलों ने बताया कि इस सड़क की मरम्मत कराने को कई बार नगर पालिका प्रशासन को पत्र लिखे गए। अधिशासी अधिकारी से बात की गयी। चेयरमैन फात्मा रजा से सड़क बनवाने की गुहार की गयी। लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



कचहरी रोड पर बने गहरे गड्ढे। ● अमृत विचार



कचहरी रोड गड्ढों में तब्दील हो गया है। ऑटो चालक सवारियां लेकर आते हैं तो गड्ढे में फंस जाते हैं। जिससे सवारियां भी चोटिल होती हैं। यह कोई देखने वाला नहीं है। **–अकरम**



कचहरी जाने वाले वाहनों को गड्ढे में गिरने का खतरा बना रहता है। जगह जगह गड्ढे होने के कारण चल पाना भी मुश्किल हो रहा है। पूरी सड़क जर्जर हो चुकी है। **–रवि**



परशुराम चौक से कचहरी तक की सड़क जगह जगह टूटी है जिससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। ई रिक्शा चालक गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं। **–वीरेश कुमार**



मंदिर के निकट कई बड़े गड्ढे हैं। यहां पर बारिश का पानी भर जाता है। वाहन चालक हादसे का शिकार होते हैं। मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति है फिर भी जिम्मेदार मौन हैं। **–चिराग**

## पीओएस मशीन के बिना खाद बेचने पर होगी कार्रवाई

बदायूं,अमृत विचार : खरीफ सीजन में फसलों की बुवाई का काम शुरू हो गया है। किसानों को खाद की आवश्यकता पड़ रही है। जिसका निजी दुकानदार लाभ उठा रहे हैं। निजी दुकानदारों द्वारा की जा रही मनमानी पर जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत चेतावनी जारी की है। कृषि अधिकारी ने बताया कि खरीफ फसल के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। खाद की कालाबाजारी एवं पीओएस मशीन के बिना बिक्री करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई होगी। शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया है। किसान फोन नम्बर 05832-452706 पर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिकायत दर्ज करा सकते है।

## मौखिक परीक्षा आज

बदायूं,अमृत विचार : आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में एमए इतिहास द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 27 जून को प्रात: 11 बजे से प्रारम्भ होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि सभी परीक्षार्थी यूनिफार्म में समय से उपस्थित हों।

# देहात में खुलेंगे 7 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर

### स्वास्थ्य सेवा हर द्वार: स्थानीय लोगों को मिलेगा लाभ, तैनात होंगे डॉक्टर, स्वास्थ्य विभाग ने सूची भेजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जमीन चिन्हित, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य
- एनआरएचएम की टीम ने उझानी में देखे आरोग्य मंदिर


उझानी में आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : देहात क्षेत्रों में अब स्वास्थ्य सुविधाएं और सुलभ होंगी। शासन ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सात नए अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। इसके लिए स्थल चिन्हित कर स्वास्थ्य विभाग ने सूची शासन को भेज दी है, और शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

वर्तमान में जिले में छह आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले से संचालित हैं, जहां हर रविवार को स्वास्थ्य मेला लगाया जाता है। इसमें मरीजों को निःशुल्क परामर्श, दवा वितरण, स्वास्थ्य जांच, एक्सरे व अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं मिलती हैं। मरीजों को इन सेवाओं से जिला अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ते, जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होती है।

नई योजना के तहत बिल्सी में दो, ककराला में दो, बिसौली में दो और दातागंज में एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने बताया कि शासन की मंशा है कि मरीजों को रविवार को भी इलाज की सुविधा मिले, इसलिए इन आरोग्य मंदिरों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सभी मंदिरों पर एनआरएचएम की ओर से डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी तैनात किए जाएंगे।

इस बीच गुरुवार को स्टेट एनआरएचएम की तीन सदस्यीय टीम ने जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया। टीम में परियोजना प्रबंधक डॉ. शाहिद हुसैन, नीतेश व उमेश राठौर शामिल थे। उन्होंने सैदपुर पीएचसी, बिनावर सीएचसी और उझानी आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर साफ-सफाई व सेवा व्यवस्था की जांच की।

निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी मिलने पर सख्त हिदायतें दी गईं। टीम ने कहा कि मरीजों को सहानुभूति के साथ उपचार देना चाहिए, और उन्हें संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया जाए। टीम ने स्वास्थ्य अधिकारियों से स्वयं भी औचक निरीक्षण करने और लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अनुदान पर ड्रोन ले सकेंगे किसान, बुकिंग आज से

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कृषि विभाग में 12 जुलाई तक आनलाइन हो सकेंगे आवेदन
- कृषि यंत्रों को अनुदान पर देता है कृषि विभाग

अमृत विचार: कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर दिये जाने वाले कृषि यंत्रों की बुकिंग शुरू हो गई है। अनुदान पर कृषि यंत्र खरीदने के इच्छुक किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 27 जून से शुरू कर 12 जुलाई तक जारी रहेंगे।

उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि किसान सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन के तहत विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इनमें हाई-टेक कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक, कृषि ड्रोन और फसल अवशेष प्रबंधन के यंत्र शामिल हैं। उपलब्ध यंत्रों में कम्बाइन हार्वेस्टर, न्यूमेटिक प्लांटर, भेज सेलर, पॉपिंग मशीन, बैच ड्रायर, प्रेसिंग फ्लोर और स्मॉल गोदाम शामिल हैं। इस पहल से किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों का लाभ मिल सकेगा। आवेदकों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। चयनित न होने वाले सम्बन्धित कृषकों को जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी।

**विदाई एवं सम्मान समारोह आज** बदायूं,अमृत विचार : कारवान ए अमजद अकादमी एवं काव्य मंच द्वारा संजीव वार्ष्णेय ज़िला अर्थ एवं संख्या अधिकारी का स्थानांतरण होने पर 27 जून को विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## छत्रपति शाहू जी महाराज की मनाई गई जयंती

बदायूं ,अमृत विचार : आर्य समाज की ओर से छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई गई और उनके विचारों को आत्मसात करने का निर्णय लिया गया।

गुरूवार को आर्य समाजी विवेक जौहरी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में छत्रपति शाहू जी महाराज के जीवन परिचय कहा कि महाराज का जोधपुर नरेश से प्रारंभिक परिचय हुआ। भारत वापस आने के बाद उनका वडोदरा के महाराज श्याजीराव गायकवाड़ और उनके आर्य समाज प्रचारक मास्टर आत्माराम अमृतसरी से परिचय हुआ। इसके बाद शाहू जी महाराज कट्टर आर्य समाज बन गये । उनके विचारों को आत्मसात करने का निर्णय लिया गया।

# ट्रेनिंग में गैरहाजिर आशाओं पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मलेरिया डेंगू का ब्लड सैंपल लेंगी आशाएं, करेंगी जांच
- स्वास्थ्य विभाग की तैयारी शुरू रुचि नहीं ले रहे कर्मचारी


म्याऊ पीएचसी पर आशा संगिनी को प्रशिक्षण देते मलेरिया इंस्पेक्टर ● अमृत विचार

अमृत विचार : मलेरिया विभाग द्वारा आशा संगिनी को दी जा रही ट्रेनिंग में आशाएं नहीं पहुंच रहीं हैं। ट्रेनिंग में हिस्सा नहीं लेने वाली आशा संगिनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मलेरिया विभाग आशा संगिनी से मलेरिया और डेंगू की जांच कराने को प्रशिक्षण दे रहा है।

जुलाई माह से सितंबर तक मच्छरों की संख्या बढ़ती है जिससे संक्रामक रोग पनपते हैं। मलेरिया और डेंगू जैसी घातक बीमारियां भी फैली हैं। इन बीमारियों को रोकने के लिए अब मलेरिया विभाग गांव गांव और पीएचसी सीएचसी पर रोगियों की जांच कराएगा।

जांच कैसे की जानी है। ब्लड कैसे निकाला जाए। ब्लड की जांच किस तरह की जाए आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में सभी आशा संगिनी को हिस्सा लेने को निर्देशित किया गया है फिर भी कई आशा संगिनी प्रशिक्षण में हिस्सा नहीं ले रहीं हैं। म्याऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशाओं को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें करीब दर्जन भर आशा संगिनी नहीं पहुंची।

म्याऊ में तीन दर्जन से अधिक आशा संगिनी हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नहीं पहुंचने वाली आशा संगिनी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

जिला मलेरिया अधिकारी डा. योगेश सारस्वत ने बताया कि यह राष्ट्रीय कार्यक्रम है। प्रशिक्षण के बाद आशाओं को गांवों में संभावित मरीजों का ब्लड सैंपल लेकर उनकी जांच करनी है। जांच कराने को ग्रामीण प्राइवेट पैथोलॉजी लैब पर जाते हैं जहां उनसे मोटी रकम वसूली जाती है। इसकी रोकथाम के लिए आशा संगिनी गांव गांव पहुंचेंगी और ब्लड सैंपल लेकर जांच करेंगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सैंपल की जांच की जाएगी। जांच में जो मरीज सामने आएंगे उनकी सूची बना कर सीएमओ कार्यालय को दी जाएगी।

जिले में इस समय करीब 14 मलेरिया के मरीज हैं जिनका उपचार किया जा रहा है। इनमें अधिकांश मरीज समरेर और दातागंज ब्लॉक क्षेत्र में हैं। इन दोनो ब्लॉक क्षेत्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इन ब्लॉक क्षेत्रों के सभी गांवों में लोगों का ब्लड सैंपल लिया जाएगा।

## ज्वैलर्स एसो. के जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत



जितेंद्र महाजन का सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता स्वागत करते हुए ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : आल इंडिया ज्वैलर्स एसोसिएशन की दिल्ली में हुई बैठक में बदायूं के जितेंद्र महाजन को जिलाध्यक्ष चुना गया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का बाजार में जगह जगह स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने पटका पहना कर शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर उनका भव्य स्वागत किया।

ऑल इंडिया ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बनने के बाद यहां पहुंचे जितेंद्र महाजन को नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान लालपुल पर उनके काफिले को रोक कर स्वागत किया गया।

टिकट गंज चौराहे पर विनीत गुप्ता, रजत गुप्ता, सहित दर्जनों व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर राजीव रस्तोगी, नितिन रस्तोगी, संजीव वर्मा, प्रशांत रामकुमार शुभम रस्तोगी, आदि ने शानदार स्वागत किया। शास्त्री चौक, हलवाई बाजार, में संदीप वर्मा, सूर्यप्रकाश वर्मा, मुकेश रस्तोगी, शुभम रस्तोगी, अजय गुप्ता, राहुल रस्तोगी, भगवान स्वरूप गुप्ता, राजन रस्तोगी आदि ने स्वागत किया।

# अटैना गंगा घाट पर हुई मॉक ड्रिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


अटेना गंगा घाट के समीप स्थित स्कूल में मॉकड्रिल के दौरान उपस्थित अधिकारी।

अमृत विचार: दातागंज तहसील क्षेत्र के गांव अटेना गंगा घाट पर प्रशासन की ओर से मॉक ड्रिल किया गया। जिसमें एनडीआरएफ की टीम ने पानी में डूबते हुए व्यक्त को बचाने के लिए अभ्यास तय समय में पूरा किया गया।

अटैना गंगा घाट पर हुए मॉक ड्रिल के दौरान एसडीएम दातागंज धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। एनडीआरएफ की टीम ने बाढ़ के पानी में डूबते व्यक्ति को बचाने का अभ्यास किया। टीम ने गंगा में डूबे युवक को मात्र दो मिनट में रेस्क्यू कर बाहर निकाला। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उपचार प्रदान किया। एनडीआरएफ टीम के अफसरों ने ग्रामीणों को बाढ़ और जल में डूबने से बचाव संबंधी जानकारी दी। ग्रामीणों को अभ्यास के दौरान डूबने से बेहोश व्यक्ति के शरीर से पानी निकालने की विधि और हार्ट अटैक से बचाव के तरीके भी बताए। टीम ने घरेलू सामान जैसे खाली पानी की बोतलें, गैलन और थर्माकोल का उपयोग कर बाढ़ से बचने का भी उपाय बताया। एसडीएम ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों की तैयारी करना है। इस दौरान बाढ़ खंड अधिकारी राधेश्याम, स्वास्थ्य विभाग की टीम, लेखपाल, कानूनगो और बीडीओ के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सांप के डसने से किसान की मौत

बिल्सी ,अमृत विचार: बुधवार की दोपहर खेत से पशुओं को चारा लेने गए एक किसान को सांप ने काट लिया। जिसकी इलाज के दौरान कुछ देर बाद मौत हो गई। गांव घंघौसी निवासी लखपत सिंह पासी (52) पशुओं के लिए चारा काटने के लिए खेत गया था। इसी दौरान एक विषैले सांप ने उन्हें काट लिया। लखपत ने सांप को पकड़कर पॉलिथीन में बंद कर उसे घर ले आए और परिजन को जानकारी दी। परिवार के लोगों ने पहले निजी चिकित्सकों को दिखाया। उसके बाद राजकीय मेडिकल कालेज ले गए। जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

**सूचना**
मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 099227 में मेरा नाम संजीव कुमार (Sanjiv Kumar) पुत्र कृष्ण सिंह दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम संजीव कुमार तिवारी (Sanjiv Kumar Tiwari) पुत्र कृष्ण सिंह है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पहचाना जाये। **संजीव कुमार तिवारी** (Sanjiv Kumar Tiwari) **पुत्र कृष्ण सिंह तिवारी नि. मौ. कस्बा बिल्सी तह. बिल्सी, बदायूं**

**सूचना**
मैंने बड़े भाई जाहिद अली खाँ से उनके दुर्व्यवहार के कारण पूर्णतया सम्बंध विच्छेद कर लिया हैं । वे अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मोहम्मद फारुख खान पुत्र मो. इस्लाम खान निवासी वार्ड-11, जामा मस्जिद ठिरिया निजावत खां, बरेली ।**

**सूचना**
मैने अपने पुत्र मो0 वसीम की तलाकशुदा पत्नी श्रीमती हिना व उसके पुत्रों अफ्फान व दानयाल को उनके गलत आचरण व झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से सदा के लिये बेदखल कर अपने सम्बन्ध बिच्छेद कर लिये हैं, आज से मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता कानूनी नहीं रहा। **अब्दुल हसीन पुत्र अब्दुल मजीद, निवासी 47 बुखारपुरा, पुराना शहर, बरेली ।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# दुर्घटना में घायल की मदद करने पर मिलेगा इनाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिवहन विभाग देगा 5 हजार का इनाम
- बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उठाया कदम


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अवनीश कुमार राय। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। साथ ही घायल का सरकारी व निजी अस्पताल में फ्री इलाज होगा।

सरकार ने घायलों के लिए डेढ़ लाख रुपए तक के कैशलेस इलाज की सुविधा दी है। इसके लिए ग्रीवेंस रिड्रेसल ऑफीसर को नामित कर सूचनाएं भारत सरकार को भेजी जानी है। यह जानकारी डीएम ने अधिकारियों को सड़क दुर्घटना की समीक्षा करने के दौरान दी।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित बैठक में डीएम अवनीश कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। ओवर स्पीड लोडेड वाहनों की चेकिंग की जाए। मोबाइल का उपयोग करते हुए पाए जाने पर कार्रवाई करें।

समीक्षा के दौरान डीएम ने पाया कि मई 2024 की अपेक्षा मई 2025 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। साथ ही हादसों में मृत्यु का आंकड़ा भी अधिक है। डीएम ने प्रमुख व मुख्य मार्गों पर सड़क के दोनों ओर की झाड़ियों की छंटाई करने के आदेश दिए। एआरटीओ प्रवर्तन अम्बरीश कुमार ने बताया कि एक जनवरी से 31 मई तक ओवर स्पीडिंग पर 377, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 1145, पिलियन राइडर बिना हेलमेट के होने पर 96, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने पर 274, रॉन्ग साइड पर 81, ड्रंकन ड्राइविंग पर 10, वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग पर 55 तथा ओवरलोडिंग यात्री वाहन आदि पर 85 तथा ओवरलोडिंग माल वाहनों पर 110 चालान किए हैं। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 291, अंडर एज ड्राइविंग पर 03, स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर 17, बिना फिटनेस वाहन के संचालन पर 290 चालान किए गए हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः ।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः ॥

विद्या का अहंकार ,धन –सम्पति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते है।

## संपादकीय

# भारत का कड़ा रुख

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को चीन के क़िंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर एक बार फिर साबित कर दिया कि भारत अपनी संप्रभुता और आतंकवाद विरोधी नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ संयुक्त बयान में आतंकवाद को लेकर पहलगाम हमले का उल्लेख नहीं किया गया और बलूचिस्तान का ज़िक्र शामिल था। इस पर भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को कमजोर करता है। आतंकवाद के दोषियों, वित्तपोषकों व प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और इससे निपटने में दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। रक्षा मंत्री ने भारत का पक्ष जिस मजूबती के साथ रखा उसकी सराहना की जानी चाहिए। संयुक्त बयान को खारिज करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि शांति-समृद्धि और आतंकवाद साथ नहीं चल सकते। कुछ देश आतंकवादियों को पनाह देने के लिए सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल नीतिगत साधन के रूप में कर रहे हैं। भारत आतंकवाद के विरुद्ध अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। मूल रूप से एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की बुराइयों से लड़ना रहा है। इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और मध्य एशियाई देश शामिल हैं।

भारत ने इस मंच पर हमेशा आतंकवाद के खिलाफ मज़बूत रुख अपनाया है और इसे वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा ख़तरा माना है। एससीओ बैठक में भारत ने पहलगाम हमले को संयुक्त बयान में शामिल करने की मांग की ताकि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहमति बनाई जा सके। लेकिन पाकिस्तान और चीन ने इस मांग को ठुकरा दिया और दस्तावेज में पहलगाम हमले का कोई उल्लेख नहीं किया गया। विश्लेषकों के अनुसार पाकिस्तान और चीन आतंकवाद से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहे हैं। वास्तव में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। एससीओ जैसे मंचों का उपयोग आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाने के लिए होना चाहिए। भारत की मांग को नजरअंदाज करना एससीओ की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। पाकिस्तान व चीन के रवैये पर भारत ने कड़ा रुख अपनाकर दोनों देशों को करारा जवाब दिया है। यह भारत की संप्रभुता और आतंकवाद के ख़िलाफ दृढ़ नीति का प्रतीक है।

# चीन हमेशा चाहेगा कि भारत गैर जरूरी मुद्दों में उलझा रहे



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वस्तुत : यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो "(नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें।

वैश्विक राजनीति में 'एलिफेंट एंड ड्रैगन' टर्म का उपयोग अक्सर क्रमशः भारत और चीन के आपसी संबंधों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है जो न केवल इनके आपसी संबंध बल्कि इनके संबंधों से क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों में इनकी भूमिका की महत्ता को दिखाता है। इसको देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अपने अग्रसोची भू राजनैतिक हितों के दृष्टिगत हमेशा विश्व की महाशक्तियों तथा उभरती शक्तियों को ध्यान में रखकर अपनी वैश्विक राजनीति और कूटनीति को अपनाना चाहिए। इसे छोटे छोटे मसले जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश से उलझने के बजाय चीन को सामने रखकर प्लान बनाने चाहिए। भारत से टकराव की स्थिति बनाए रखना पाकिस्तान जैसे देशों के हित में है, क्योंकि यह इसे उसे भारत के समकक्ष आने में सहायता प्रदान करता है। वर्ष 1986 में पूर्व सेना प्रमुख जनरल कृष्णास्वामी सुंदरजी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि 'भारत के लिए चीन ही असली खतरा है। पाकिस्तान से तो यूं ही चलते फिरते निपटा जा सकता है'। यह वक्तव्य भले ही सैन्य दृष्टिकोण से हो परंतु अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भी यही सत्य है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है और अब यह उसके स्थिर रहने या नीचे गिरने का समय है। यद्यपि पिछले कुछ दशकों में चीन ने अर्थव्यवस्था सहित अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, लेकिन चीनी अर्थव्यवस्था इस समय कुछ जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें धीमी वृद्धि, बढ़ता कर्ज, जनसांख्यिकीय बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताएं, वैश्विक व्यापार तनाव और तकनीकी प्रतिस्पर्धा शामिल है। वर्ष 2020 में चीनी अर्थव्यवस्था की इस तीव्र प्रगति को देखते हुए अमेरिकी थिंक-टैंक ने भविष्यवाणी की थी कि चीन वर्ष 2030 तक अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

> भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह से तीव्र गति से विकास हुआ है, यह आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि असल में चीन अपनी विकास यात्रा में अपने विकास के उच्च स्तर पर पहुंच चुका है ।

स्वाभाविक रूप से चीनी अर्थव्यवस्था के धीमे रहने से भारत के पास यह मौका है कि वह भारत तथा चीन के बीच जीडीपी में अंतर को समाप्त कर विश्व की दूसरी-तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाए। इसका तात्पर्य है कि उसके सामरिक, राजनैतिक और आर्थिक वैश्विक महाशक्ति बनने का रास्ता खुल जाएगा।

वस्तुतः वर्ष 1990 में चीनी अर्थव्यवस्था भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में ज्यादा बड़ी नहीं थी लेकिन आज चीन की जीडीपी भारत से लगभग 5.46 गुना बड़ी है। चीन ने वर्ष 1978 में और भारत ने वर्ष 1991 में अपने यहां ग्लोबलाइजेशन और प्राइवेटाइजेशन के माध्यम से आर्थिक सुधार शुरू किए, लेकिन दोनों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए अलग अलग रास्तों का चयन किया। चीन ने गुणवत्ता पूर्ण श्रम, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई चेन और विश्व स्तर के आधारभूत ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि भारत ने अपने सेवा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम किया। इसीलिए चीन को 'दुनिया का कारखाना' कहा जाता है और भारत को 'दुनिया का बैक ऑफिस' कहा जाता है।

माना जाता है कि यदि अगले 25 वर्षों में वार्षिक औसत वृद्धि 7-7.5 प्रतिशत रहे तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक के एक शोध-पत्र के अनुसार भारत वर्ष 2029 तक दुनिया में जापान की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। देश पहले ही क्रय शक्ति क्षमता के मामले में जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

चीन ने हाई-स्पीड रेल नेटवर्क और हवाई अड्डों जैसे बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है, जिसने शुरू में इसके तेज़ विकास को बढ़ावा दिया था। वस्तुत चीन एक ऐसी अर्थव्यवस्था है, जो थका हुआ और अस्वस्थ है। तीव्र औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मिट्टी का क्षरण ऐसी प्रमुख समस्याएं हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था दोनों को प्रभावित कर रही है।

इन सबके पीछे चीन का जनसांख्यिकीय लाभ समाप्त होना एक महत्वपूर्ण कारण है। चीन में वृद्ध होती आबादी के कारण कार्यबल में कमी आ रही है। इतना ही नहीं यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन पेंशन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवा पर दबाव डालता है और सार्वजनिक वित्त पर दबाव डाल सकता है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2050 तक चीन में ऐसे आश्रित लोगों की जनसंख्या 70 प्रतिशत हो जाएगी, जो क्रियाशील लोगों पर निर्भर रहेंगे, जो वर्तमान में 35 प्रतिशत है। इससे चीन और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी दबाव बढ़ेगा। इस मामले में भारत चीन से कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। वर्ष 2050 तक 1.7 बिलियन लोगों की आबादी के साथ भारत जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा देश होगा। वर्ष 2030 के मध्य में यह अपने चरम पर होगा। इस अवधि में अपने बृहत युवा जनसंख्या का लाभ उठाकर भारत अपनी जीडीपी वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8 प्रतिशत तक बढ़ाकर चीन को पीछे छोड़ सकता है। लेकिन इस संबंध में चीनी विश्लेषकों का मानना है कि हालांकि भारत में चीन की तुलना में अधिक युवा श्रमिक हैं, लेकिन उनका शैक्षिक और कौशल स्तर वास्तव में चीनी श्रमिकों की तुलना में कम है। इसके अतिरिक्त आज के साइबर युग में प्रौद्योगिकी श्रम से अधिक महत्वपूर्ण है, और चीन प्रौद्योगिकी इनोवेशन में भारतीयों से बेहतर है।

जान हॉपकिन्स विश्वविद्यालय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स के प्रोफ़ेसर स्टीव के अनुसार भारत समस्याओं से दबा हुआ है। ह्यूमन फ्रीडम इंडेक्स में 165 देशों में से भारत 119वें रैंक पर है। क़ानून के शासन के मामले में भारत का रिकॉर्ड दुनिया में सबसे ख़राब देशों में से है। उनका मानना है कि क़ानून के शासन की मज़बूती से पालन के बिना कोई भी देश मज़बूत, निरंतर आर्थिक परिणाम की उम्मीद नहीं कर सकता है। वैसे इस मामले में चीन की रैंकिंग भारत से भी नीचे है। आलोचकों के अनुसार अगर चीनी अर्थव्यवस्था को इसी स्थिति में रोक दिया जाए और भारतीय अर्थव्यवस्था 7-7.50 प्रतिशत की दर से बढ़ती रही, तो इसकी अर्थव्यवस्था 20 ट्रिलियन डॉलर की होगी, यानी आज की चीनी अर्थव्यवस्था को पार करने में भारत को लगभग 25 साल लगेंगे। लेकिन इससे पृथक यदि समग्र रुप से प्रयास करें तो भारत अगले 10 वर्षों में ख़ुद को निर्यात-आधारित विकास के रास्ते पर ला सकता है, जैसा कि चीन कई दशकों से करता आया है।

वस्तुतः यह अत्यंत ही अनुकूल समय है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करें। साथ ही "एलिफेंट एंड ड्रैगन टैंगो" (नृत्य) या आपसी तालमेल से परस्पर विकास की गति को तीव्र करें। लेकिन चीन यह कभी नहीं चाहेगा कि हम ऐसा सोचें भी, इसलिए हमें वह पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश जैसे गैर जरूरी मुद्दों में उलझाए रखना चाहेगा ताकि हम अपने वृहद लक्ष्यों से दूर रहें। इस नजरिए से देखें तो भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध में उलझकर अपना नुकसान करेगा और इससे पाकिस्तान को विश्व स्तर पर तवज्जो मिलने लगेगी, जैसा कि अभी हालिया संघर्ष में हमने देखा है। ऐसा भी माना जाता है कि पहलगाम नरसंहार के पीछे चीनी हाथ था ताकि हम भारत पाक युद्ध में लग जाए और विश्व में यह संदेश जाए कि भारत विदेशी निवेश के लिए उपयुक्त जगह नहीं है, क्योंकि यह कभी भी युद्ध या संघर्ष की स्थिति में चला जाता है और इसका लाभ चीन को मिले। हमें इससे बचने की कोशिश करनी होगी। तो "हाथी चले बाजार कुत्ता भूंके हजार " कहावत को ध्यान रखते हुए भारत अपने रास्ते पर चलते रहे, यही बेहतर विकल्प है।

## प्रसंगवश

# खाड़ी देशों में गए नेपाली युवा खा रहे जेल की हवा

नेपाल सरकार इस बात को लेकर चिंतित है कि उसके युवाओं का अवैध तरीके से विदेशों में प्रवेश कराकर उनका बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि सरकार यह भी मान रही है कि इस अवैध गतिविधि में उसके ही नागरिक शामिल है जो किसी तीसरे देश के मानव तस्करों के हाथ की कठपुतली बन गए हैं।

> रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं।

नेपाल के युवाओं को अवैध रूप से खाड़ी के देशों तक पहुंचाया जाता है जहां वे अवैध गतिविधियों में शामिल होने पर पकड़े जाते हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। नेपाल सरकार के ही आंकड़े के अनुसार 544 नेपाली युवा सउदी अरब के जेलों में बंद हैं। चूंकि वहां के नियम कानून इतने सख्त होते हैं कि जेलों में बंद नेपाली युवाओं की रिहाई आसान नहीं है। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार करीब चार लाख नेपाली युवा सउदी अरब में रोजगार के सिलसिले में गए हैं। वहीं सउदी अरब स्थिति नेपाली दूतावास के अनुसार वहां भारी संख्या में अवैध तरीके से घुसपैठ के जरिए भी भारी संख्या में नेपाली युवा मौजूद हैं। नेपाली दूतावास के अनुसार हाल ही 3800 अवैध तरीके से नेपाली घुसपैठिए युवाओं को एक्जिट वीजा देकर नेपाल वापस भेजा गया है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रोजगार के लिए नेपाल से युवाओं का पलायन चिंता का विषय है और इससे भी अधिक चिंता इस बात को लेकर है कि विदेशों में पलायन कर रहे युवा वहां जाकर गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त होकर जेल की हवा खाने को मजबूर हैं। नेपाल के सैकड़ों युवा जो बेहतर जीवन शैली का सपना लेकर सउदी अरब गए लेकिन वे जेल में हैं। माओवादी नेता प्रचंड ने नेपाली युवाओं को दलालों से बचने की अपील के साथ नेपाल सरकार से युवाओं का पलायन रोकने की मांग करते हुए कहा है कि सरकार अपने ही देश में युवाओं को रोजगार देना सुनिश्चित करे।

माओवादी केंद्र ने एक आंकड़ा जारी करते हुए इस बात पर चिंता जताई है कि सउदी अरब की जेलों में भारी संख्या में नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में जेल की हवा खा रहे हैं। वे कहते हैं कि इनमें तमाम ऐसे हैं जो दलालों के हाथ फंसकर अवैध तरीके से सउदी गए और वहां गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हो गए। नतीजतन अब सजा भुगत रहे हैं।

सऊदी अरब स्थित नेपाली दूतावास के श्रम काउंसलर कविराज उप्रेती के अनुसार, सउदी अरब में जो नेपाली युवा विभिन्न अपराधों में पकड़े गए हैं उनमें सबसे अधिक 345 लोग शराब बनाने, पीने या सप्लाई करने के आरोपी हैं। 84 लोग मादक पदार्थों की तस्करी में,53 लोग चोरी के मामलों में,12 लोग वेश्यावृत्ति में, 16 लोग तोड़फोड़ में, 15 लोग रिश्वतखोरी में, 4 लोग हत्या के आरोप में तथा 23 लोग अन्य अपराधों में जेल में हैं। इनमें से 341 कैदियों को अदालत द्वारा सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि 203 मामलों की सुनवाई अभी जारी है।

सऊदी अरब में नियुक्त नेपाली राजदूत नरेश विक्रम धकाल ने नेपाली युवाओं की गिरफ्तारी पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि सऊदी में कार्यरत नेपाली नागरिकों को कानून की जानकारी होनी चाहिए और किसी भी गैरकानूनी गतिविधि से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बचने के लिए नेपाली युवाओं को स्वयं सतर्क और जिम्मेदार बनना होगा। यह बेहद दुखद है कि हमारे नौजवान, जो बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर विदेश जाते हैं, वहां जानकारी की कमी, कभी लालच और कभी गलत संगत में पड़कर क़ानून तोड़ने की राह पर चल पड़ते हैं।

# यह यूरेनियम और तेल का खेल है

दुनिया के तमाम भू-राजनीतिक तनावों के पीछे एक सच्चाई छुपी है, जो अक्सर अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों से ओझल रह जाती है- यह लड़ाई परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की भूख इन संसाधनों पर अपना नियंत्रण बढ़ाने की है, जिसके चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति, तकनीकी प्रगति और आर्थिक स्थिरता गंभीर संकट में पड़ सकती है। इस बदलाव का असर भारत जैसे उभरते और ऊर्जा-निर्भर देशों पर दीर्घकालिक होगा, जिसकी रणनीतिक तैयारी अभी से जरूरी है।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने जिन क्षेत्रों में सैन्य दखल, आर्थिक प्रतिबंध और कूटनीतिक हस्तक्षेप की नीति अपनाई है -मसलन, मध्य-पूर्व, अफ्रीका, मध्य एशिया- उन सभी इलाकों में एक समान तत्व मौजूद हैः वहां तेल, गैस, यूरेनियम और दुर्लभ खनिजों का प्रचुर भंडार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे भी अगर गहराई से देखा जाए तो यूरोप की ऊर्जा निर्भरता को अमेरिका के हितों के अनुरूप मोड़ने की रणनीति दिखती है। रूस को वैश्विक ऊर्जा बाजार से काटने के प्रयास इसी दिशा में हैं। दूसरी ओर, अफ्रीका के सहारा-पट्टियों में अमेरिका और फ्रांस वर्षों से यूरेनियम खनन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए सैन्य हस्तक्षेप और राजनीतिक अस्थिरता को बढ़ावा दे रहे हैं।

केवल तेल और यूरेनियम ही नहीं, बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की रीढ़ बन चुके 'रेयर अर्थ मिनरल्स' पर भी अमेरिका की नजर है। लिथियम, कोबाल्ट, नियोडियम जैसे दुर्लभ खनिज आज के इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा पैनलों, स्मार्टफोनों और अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों में अनिवार्य हो गए हैं। वर्तमान में



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है।

चीन इस क्षेत्र में सबसे बड़ा खिलाड़ी है, जिसकी वैश्विक खनिज सप्लाई चेन पर मजबूत पकड़ है। इसी संतुलन को तोड़ने के लिए अमेरिका अफ्रीकी देशों में दखल बढ़ा रहा है। कई अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में इन खनिजों को लेकर एक नया 'कोल्ड वॉर' छिड़ सकता है। यदि अमेरिका तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता को और बढ़ाता है-जैसा कि इराक, सीरिया, ईरान और अब मध्य एशिया में देखने को मिल रहा है-तो इसका सीधा असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ेगा। हाल के महीनों में ब्रेंट क्रूड फिर 90 डालर प्रति बैरल के करीब पहुंच चुका है। यदि पश्चिम एशिया या अफ्रीका में कोई बड़ा भू-राजनीतिक संकट खड़ा होता है, तो तेल की कीमत 100-120 डालर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भारत जैसे देशों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ता है।

सिर्फ ऊर्जा संकट ही नहीं, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भारत की 'ईवी पॉलिसी' और ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को भी गहरा झटका लगेगा। भारत ने वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य रखा है। यदि कोबाल्ट, लिथियम जैसी सामग्रियों की कीमत बढ़ती है या आपूर्ति में रुकावट आती है, तो यह लक्ष्य हासिल करना कठिन हो जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों, सोलर एनर्जी, हाई-टेक उत्पादों में भारत की आत्मनिर्भरता के प्रयास रुक सकते हैं। यह संकट केवल आर्थिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक भी होगा। भारत की विदेश नीति अब तक 'स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी' यानी स्वतंत्र रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। लेकिन यदि अमेरिका यूरेनियम, तेल और दुर्लभ खनिजों की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को अपने नियंत्रण में लेता है, तो भारत की स्वतंत्र ऊर्जा और तकनीकी रणनीति पर दबाव बढ़ेगा।

ऐसी स्थिति में भारत को एक सतर्क लेकिन मजबूत कूटनीतिक नीति अपनानी होगी। इसके साथ ही दीर्घकालिक रणनीतिक तैयारी अनिवार्य है। भारत को अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लानी होगी। सौर, पवन, हाइड्रो और परमाणु ऊर्जा को आक्रामक तरीके से बढ़ावा देना होगा। तेल और गैस के लिए कम से कम 6-12 महीने का रणनीतिक भंडार तैयार करना चाहिए, ताकि वैश्विक संकट के समय भारतीय बाजारों में स्थिरता बनी रहे। दुर्लभ खनिजों के लिए घरेलू प्रोसेसिंग संयंत्रों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका पर निर्भरता घटे। इसके अलावा रूस, ईरान, ब्राजील, अफ्रीका जैसे साझेदार देशों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा-खनिज आपूर्ति समझौते किए जाने चाहिए। निष्कर्ष के तौर पर यही कहा जा सकता है कि दुनिया के वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों के पीछे असली लड़ाई अब परमाणु हथियारों की नहीं, बल्कि ऊर्जा संसाधनों और दुर्लभ खनिजों की है। अमेरिका का यह लालच वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर सकता है, जिससे भारत जैसे विकासशील देशों के आर्थिक और तकनीकी विकास मार्ग पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## सोशल फोरम

# प्रश्न करने की आदत

जब हम अपनी अल्पज्ञता की बात करते हैं तो ज्ञान विमुखता की बात नहीं करते। ज्ञान का अपना आनंद होता है, जैसे पर्यटन का होता है। परंतु यदि हमें कहीं पहुंचना होता है तो पर्यटक की तरह भटकते हुए नहीं चलते, न विश्व के भूगोल को याद करते हैं। सबसे सीधा रास्ता और सबसे सुविधाजनक साधन का चुनाव करते हैं। सही समझ के लिए बहुत अधिक ज्ञान की जरूरत नहीं होती, जरूरी ज्ञान और सही प्रश्न की आवश्यकता होती है। सही प्रश्न ही शिलीभूत मान्यताओं को ध्वस्त करने और समाधान बन जाने में सक्षम होता है। जिस सीमित ज्ञान के बल पर मैंने आर्यों, उनके आक्रमण और संस्कृत भाषा और भारतीय सभ्यता के विषय में स्थापित झूठ को ध्वस्त किया था वह वैदिक भाषा, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व के आधिकारिक ज्ञान के बल पर संभव नहीं हुआ था, बल्कि उन प्रश्नों की शृंखला के उत्तर तलाशने के क्रम में स्वतः हो गया था । केवल तीन प्रश्न यहां उदाहरण के लिए रखना चाहूंगा। ऋग्वेद में जितनी बार गो का प्रयोग हुआ है, लगभग उतनी ही बार रथों का। फिर ये गो (गाय,बैल आदि) चरवाहों के हैं, या मालवहन करने वालों के? जितनी बार जित (जीतने वाला, पैदा करने वाला) की आवृत्ति है, उससे कई गुना बार भीति, पाहि, त्राहि, अव, रक्ष (डर, प्रारक्षा करो) का आर्तनाद। ये आक्रमणकारी हो सकते हैं या स्वयं लुटेरों और उपद्रवकारियों से आतंकित? यदि संस्कृतभाषी अपनी भाषा और ज्ञान कहीं अन्यत्र से लेकर भारत में किसी रूप में आए थे, जिसका स्तर ग्रीस और रोम के उत्कर्षकाल की भाषाओं और ग्रीक दर्शन से तुलनीय था तो इस स्तर की सभ्यता भारोपीय भूभाग में उनके प्रस्थान लिए कल्पित काल 2000 ईसा पूर्व में कहां थी? फिर वैदिक समाज हड़प्पा सभ्यता का निर्माता हुआ या विनाशक? हमने इन प्रश्नों की ओर आपका ध्यान यह याद दिलाने के लिए आकर्षित किया कि इनमें से कोई प्रश्न ऐसा नहीं, जो अकेले ही पुरानी मान्यताओं को खंडित करने के लिए पर्याप्त न हो। प्रश्न करने की आदत व्यक्ति और समाज को भटकने से बचाती है, वैज्ञानिक बनाती है, और अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करने में समर्थ बनाती है।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

**–फेसबुक वॉल से**

# मौत से लड़ते सीवरेज साफ-सफाई कर्मचारी

विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल करने के बाद भी जब हमारे यहां से सीवर की सफाई करते लोगों की मौत की खबरें आती हैं, तो विचलित करतीं हैं। दुखद है कि आए दिन हमें मीडिया की सुर्खियों में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले पढ़ने सुनने को मिलते रहते हैं। हमारे देश में सीवरेज की सफाई का काम अक्सर समाज का सबसे कमजोर व गरीब वर्ग करता है, ऐसे में क्या इन वर्गों की चिंता हम सभी को तथा सरकार को नहीं करनी चाहिए, यह प्रश्न अपने आप में एक यक्ष व ज्वलंत प्रश्न है।

जुलाई 2022 में लोकसभा में पेश सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पांच सालों में भारत में सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 347 लोगों की मौत हुई, जिनमें से 40 प्रतिशत मौतें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और दिल्ली में हुईं। यदि हम यहां पर सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों की बात करें तो इनमें क्रमशः मैनुअल सीवर सफाई (सीवर और सेप्टिक टैंकों में जहरीली गैसों के कारण),सुरक्षा उपकरणों का अभाव (सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना),लापरवाही (ठेकेदारों और स्थानीय प्रशासन की लापरवाही),सीवर सफाई के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना, तथा सीवर सफाई के खतरों के बारे में जागरूकता की कमी हैं। बहरहाल, देश में साल 1993



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

> आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ–सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए।

में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था तथा इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी, लेकिन इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं।

आज हम एआई चैटबाट (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के आधुनिक युग में जी रहे हैं। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक उपलब्ध है, लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों, तकनीक और सुरक्षा उपकरणों की कमी है। शायद यही वजह है कि मजदूर इन जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सीवरेज की सफाई करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में आज मैनुअल सीवर की सफाई पर कानूनन प्रतिबंध है। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है तो उनको 27 दिशा-निर्देशों का पालन करना होता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता और मजदूरों को सीधा मौत में उतार दिया जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति या एजेंसी एमएस अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन तो इस उसे अधिनियम की धारा 8 के तहत दो साल तक की कैद या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आज हम विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में इतनी अधिक प्रगति कर चुके हैं कि पारंपरिक तरीकों से सीवरेज की साफ-सफाई पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। फिर भी यदि किसी कारणवश इन सीवरेज की साफ-सफाई के लिए मजदूरों को इनमें उतरना ही पड़ता है तो सीवर सफाई के लिए सुरक्षा दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सीवर में उतरने वाले व्यक्तियों को गैस डिटेक्टर, सुरक्षात्मक कपड़े (जैसे कि दस्ताने, जूते, और सुरक्षात्मक सूट), और श्वसन उपकरण (जैसे कि गैस मास्क या एयर-सप्लाई रेस्पिरेटर) का उपयोग करना चाहिए। उचित प्रशिक्षण तो जरूरी है। सीवर को साफ करने से पहले, उसका अच्छी तरह से निरीक्षण किया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सुरक्षित रूप से साफ किया जा सकता है। जेटिंग मशीन, स्नेकिंग उपकरण (जो सीवर में एक धातु की छड़ डालकर रुकावटों को तोड़ता है), तथा अन्य आधुनिक मशीनों जैसे कि रोबोटिक उपकणों आदि का प्रयोग किया जाना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही किसी भी सीवर को साफ करने के बाद, उसे ठीक से बंद करना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि सीवर में काम करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करना बहुत आवश्यक है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2023 में केंद्र और राज्यों को उचित उपाय करने, नीतियां बनाने और निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मैनुअल सीवर सफाई को चरणबद्ध तरीके से पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए। इतना ही नहीं, उस समय न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों से सीवर की सफाई के दौरान मरने वालों के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने को भी कहा था। वास्तव में आज जरूरत इस बात की है कि हम सीवर में साफ-सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर चिन्तन-मनन करें और इस दिशा में आवश्यक और जरूरी कदम उठाएं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## नींव में धंसा ट्रिपलर का पहिया, श्रमिक की दबकर मौत

**छजलैट, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम दयनाथपुर में नींव खोद रहे एक युवक की ट्रिपलर का एक पहिया जमीन में धंसने से ट्रिपलर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।

थाना क्षेत्र के ग्राम दयनाथपुर निवासी रोहित(28) निवासी ग्राम दयनाथपुर थाना छजलैट मुरादाबाद गांव के ही संजय के यहां मजदूरी करने गया था। रोहित नींव खोदने को ईंट निकाल रहा था। नींव के बराबर में ट्रिपलर खड़ा था। खोदकर निकाली ईंटें रोहित उसी में डाल रहा था। ट्रिपलर में एक तरफ ज्यादा वजन हो जाने के कारण ट्रिपलर का एक पहिया नींव की तरफ गड्ढे में धंस गया और उसके नीचे दबकर रोहित की मौके पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों को पता लगने पर वह मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल था। रोहित की एक सृष्टि 4 वर्ष की बच्ची है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# कार सवार युवकों व महिला ने ठगे आठ लाख, दो गिरफ्तार

## कोतवाली में महिला सहित 7 पर दर्ज हुई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- महिला ने पीड़ित को पिता की बीमारी का बहाना बनाकर रामपुर बुलाया था

**अमृत विचार :** कार सवार युवकों ने एक महिला के साथ मिलकर युवक से आठ लाख रुपये ठग लिए। युवक ने मामले की तहरीर कोतवाली थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने महिला सहित 7 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी दिलशाद और फरमान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के पास से 18 हजार रुपये और अंगूठी बरामद की है।

मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे के गांव खबरिया भूड़ निवासी महफूज ने बताया है कि उसके फोन पर 4 जून को एक अनजान महिला का फोन आया था। महिला ने अपने पिता के बीमार होने के बारे में जानकारी दी और मिलने के लिए कहा। इसके बाद वो अगले दिन किसी काम से रामपुर आया था। जहां महिला ने युवक को कुछ परेशानी बताकर बापू माल के पास बुलाया। उसके बाद वो कार से बापू माल पर पहुंच गया। महिला ने अपने पिता की बीमारी बताई और उसकी कार में बैठ गई। इसके बाद महिला ने गांव लालपुर के पास उसे छोड़ने की बात कही।

पीड़ित ने बताया कि महिला ने रास्ते में साथ उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी और कुछ दूरी पर पहुंचने के बाद एक सफेद रंग की कार को देखकर महिला ने कार को रुकवा दिया। दूसरी कार से फरमान, मोज्जम, अनजार, दिलशाद, गुलफाम, साजिद उतरे और उससे गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाकर 20 लाख रुपये की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर महिला से छेड़खानी करने में झूठी रिपोर्ट लिखवाने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने अपने दोस्तों से 7 लाख रुपये मंगाए और एक लाख रुपये अपने पास से आरोपियों को दे दिए। लेकिन पीड़ित ने किसी को इस मामले की जानकारी नहीं दी। पीड़ित का कहना है कि 23 जून को महिला ने उसके गांव आकर उसे बदनाम करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया।

पीड़ित काफी परेशान हो जाने के बाद कोतवाली पहुंचा और वहां उसने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने एक महिला सहित सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी दिलशाद और फरमान को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के पास से 18 हजार रुपये और अंगूठी बरामद की। उसके बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, वहां से न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।



हादसे के बाद मौके पर मौजूद भीड़। ● अमृत विचार

# कैंटर की टक्कर से जीजा की मौत, साला घायल

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद-ढकिया मार्ग पर कैंटर ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार जीजा-साले घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। इस दौरान जीजा की मौत हो गई। साले को अस्पताल में भर्ती कराया है।



मृतक का फाइल फोटो।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगम्बरपुर निवासी अरुण (22) ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव मधुकर निवासी अपने तहेरे साले अनिकेत के साथ बाइक से शाहबाद आ रहा था। इस दौरान शाहबाद-ढकिया मार्ग पर कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों जख्मी हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अरुण ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बाइक।

# विधिक सचिव ने नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक




नशा मुक्ति के लिए जागरूक करतीं विधिक सचिव शिव कुमार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अपर न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिव कुमारी उपस्थित रहीं। उनके द्वारा लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया।

विधिक सचिव ने लोगों को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। कहा कि किसी भी प्रकार के नशा से होने गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। इसके सेवन से मुंह एवं गले का कैंसर आदि जानलेवा रोग व्यक्ति की अस्मिता पर प्रहार करते हैं। लोगों को किसी भी प्रकार के नशा का सेवन करने से बचना चाहिए। इसके अलावा उनके द्वारा लोगों को विधि संबंधी जानकारी दी गई। औषधि निरीक्षक लव कुश प्रसाद द्वारा भी लोगों से नशीली दवाओं का उपयोग न करने की अपील की गई।

# ग्रेनेड हमले के आरोपी के घर एनआईए का छापा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** एनआईए ने जिले में दो जगह छापेमारी की। जालंधर में भाजपा नेता के घर ग्रेनेड हमले से जुड़े मामले में टीम ने गिरफ्तार सैदुल के दोस्त नवाब, अजीम और जुरखन के बारे में जानकारी जुटाई। कई घंटे तक परिवार के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद टीम दिल्ली लौट गई।

गुरुवार की सुबह एनआईए की टीम ने अमरोहा शहर और सिहाली जागीर गांव में छापेमारी की। टीम ने जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड हमला करने के आरोपी अमरोहा निवासी सैदुल अमीन के दोस्त नवाब और उसके परिजनों से पूछताछ की।

करीब तीन घंटे तक टीम पूछताछ करती रही। टीम ने गांव सिहाली जागीर निवासी अब्दुल हकीम के बेटे अजीम और जुरखन के बारे में भी जानकारी ली। घर की तलाशी भी ली। बताया जा रहा है कि सैदुल अमीन के दोस्त नवाब और सिहाली जागीर के रहने वाले अब्दुल हकीम को तीन अगस्त को दिल्ली बुलाया है।

स्थानीय पुलिस को छापेमारी की जानकारी नहीं दी गई। बहरहाल नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने एनआईए द्वारा सैदुल के दोस्त नवाब से पूछताछ की पुष्टि की है।

### सैदुल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है टीम

अप्रैल में जालंधर में भाजपा नेता नेता मनोरंजन कालिया के घर पर ग्रेनेड से हमला किया गया था। जिसमें अमरोहा के निवासी सैदुल अमीन का नाम सामने आया था। टीम ने सैदुल को गिरफ्तार कर लिया था। उसके दोस्तों व हमले से जुड़े अन्य तथ्यों को लेकर एनआईए की टीम पूछताछ करने पहुंची थी। बताया जा रहा है कि एनआईए ने अमरोहा के अलावा कई अन्य राज्यों में भी छापेमारी की है।

### 2018 में एनआईए ने अमरोहा में हरकत-उल-हरब-ए-इस्लाम मॉड्यूल का किया था खुलासा

एनआईए की छापेमारी को लेकर अमरोहा का नाम एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल वर्ष 2018 में एनआईए और एटीएस की टीम ने हरकत-उल-हरब-ए-इस्लाम मॉड्यूल से जुड़े शहर कोतवाली के मोहल्ला मुल्लाना मुफ्ती सुहैल, मोहल्ला पचदरा से इरशाद, सैदपुर इम्मा निवासी सईद और रईस को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पिस्टल, तमंचे, कारतूस, बारह किलो संदिग्ध आरडीएक्स और एक संदिग्ध राकेट लांचर बरामद किया गया था। जिसके बाद मौलाना गुफरान के सुहैल के संबंध मिले थे। वर्ष 2019 को एनआईए ने गुफरान को भी गिरफ्तार किया था। जिसके बाद एनआईए ने मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

## घोसीपुरा में बलवे में एक और आरोपी गिरफ्तार

**मसवासी, अमृत विचार :** पुलिस ने पट्टीकलां के गांव घोसीपुरा में बलवा करने में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पट्टी कला के गांव घोसीपुरा में कुछ माह पहले दो पक्षों में मारपीट और बलवा हुआ था जिसमें कई लोग घायल हुए थे। इस मामले में चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा की ओर से दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मसवासी पुलिस ने बुधवार शाम ने आरोपियों की तलाश में छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने असगर पुत्र अफसर को गिरफ्तार कर लिया। उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश में छापामार कार्रवाई की जा रही है, शीघ्र ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# मारपीट से परेशान हो पति की शराब में मिलाई नींद की गोलियां, जान गई

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर का मामला, आरोपी पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- मृतक के भाई ने भाभी पर लगाया था हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** पति की रोजाना मारपीट से बचने के लिए पत्नी ने उसकी शराब में नींद की गोलियां मिला दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने महिला पर कार्रवाई की है। मामले में पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

सर्किल क्षेत्र के खजुरिया थाने के गांव धावनी बुजुर्ग के मझरे कंचनपुर निवासी पेशे से मजदूर देवकी नंदन की 21 जून की रात सोते हुए किसी समय मौत हो गई थी। अगले दिन की सुबह इसका पता चला था। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई गंगाराम ने अपनी भाभी विमलेश पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मृतक की आरोपी पत्नी को उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर उसी के बेडरूम में बिस्तर की दराज से नींद की गोलियों के रूप में अल्प्राजोलम की टेबलेट की स्ट्रिप बरामद की है।

थानाध्यक्ष के अनुसार आरोपी महिला ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी को लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं और करीब ढाई साल साल का एक बेटा भी है। उसका पति शराब पीकर अक्सर उसके साथ मारपीट करता था, जिससे वह तंग आ चुकी थी। 10 दिन पहले उसने अपने पति से ही किसी बहाने से नींद की गोलियां मंगवा कर रख ली थीं। बीती 21 जून की शाम उसका पति मजदूरी करके घर लौटा और साथ में बाजार से चिकन व शराब लेकर आया था। उसने चुपके से पति की शराब की बोतल में नींद की 4 गोलियां मिला दीं। उसका इरादा पति की मारपीट से बचना व उसे सुलाना था, लेकिन रात में किसी समय उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के बाद थाने में दर्ज गैर-इरादतन हत्या के मामले में आरोपी महिला का चालान कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए भेजा गया है।

## दरगाह आला हजरत के सज्जादा नशीन ने बांधी नए हाफिजों की दस्तार

**उसहैत, अमृत विचार :** कस्बे में जामा मस्जिद के छात्रों के हिफ्ज मुकम्मल होने पर जश्न ए दस्तारबंदी का आयोजन किया गया । इसमें दरगाह आला हजरत बरेली शरीफ के साहिबे सज्जादा मुफ्ती मोहम्मद असजद रज़ा क़ादरी शामिल हुए। हजरत ने हाफिज उवैस खान और हाफिज अरकम को हिफ्ज़ मुकम्मल होने पर पगड़ी बांध कर सम्मानित किया। मुफ्ती सनाउल्लाह, मुफ्ती शहजाद आलम, इरशाद रजा ने भी तकरीर पेश की। संचालन हस्सान रजा ने किया। इस मौके पर इमाम नूर मोहम्मद, मौलाना अकबर अली, हाफिज मंसूर कादरी, हाफिज दिलशाद, हाफिज मुजफ्फर कादरी, आसिफ अली, इमरान अहमद, तैयब अंसारी, रबाब उपस्थित रहे।

# पीएसी पश्चिमी जोन ने पीएसी मध्य जोन को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** 42वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक बैडमिंटन कलस्टर(बैडिमंटन/टेबल टेनिस) राजपत्रित/अराजपत्रित (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता गुरुवार से रिजर्व पुलिस लाइंस में शुरु हुई। प्रतियोगिता 29 जून तक चलेगी। उद्घाटन मैच में पीएसी पश्चिमी जोन ने पीएसी मध्य जोन को हराया।

प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस की 13 टीमें बरेली जोन, आगरा, मेरठ जोन, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, पीएसी पूर्वी, पीएसी मध्य, पीएसी पश्चिमी, रेडियो और जीआरपी जोन प्रतिभाग कर रही हैं। इन 13 टीमों के 305 खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज जी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद कुंवर आकाश सिंह की उपस्थिति में किया गया। मैच में पीएसी पश्चिमी जोन ने पीएसी मध्य जोन को हराया। जबकि आगरा जोन ने कानपुर, मेरठ जोन ने प्रयागराज और गोरखपुर जोन ने रेडियो जोन का हराया। 50 प्लस सिंगल में डीडी तिवारी जीआरपी ने आनंद सिंह पश्चिमी जोन को हराया। आनंद सिंह लखनऊ जोन को उमेश चंद प्रयागराज ने हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। 55 प्लस डबल्स मे डीडी तिवारी व धीरेंद्र पांडेय ने विपिन व अशोक को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# नाबालिग से रेप: कोर्ट में पेश हुआ पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बलरामपुर की जेल से लाया गया था मुरादाबाद, अब 2 जुलाई को होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** नाबालिग से रेप के मामले में मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख और गैंगस्टर ललित कौशिक को गुरुवार को पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया। इसी केस में पीड़िता पर 12 दिन पहले हमलावरों ने दिनदहाड़े गोलियां बरसाई थीं। सरेआम की गई इस फायरिंग में पीड़िता गोली लगने से जख्मी हुई थी। ऑटो चालक और 2 राहगीरों को भी इस फायरिंग में छर्रे लगे थे।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के दीनदयाल नगर कालोनी में रहने वाला ललित कौशिक सिविल लाइंस थाने का हिस्ट्रीशीटर है। महानगर में हुई चार्टर्ड अकाउंटेंट श्वेताभ तिवारी की सनसनीखेज हत्या, स्पोर्ट्स सामान के व्यापारी कुशांक गुप्ता की हत्या, भाजपा नेता अनुज चौधरी की हत्या और आरएसएस नेता पर हुए जानलेवा हमले समेत लगभग 30 से अधिक आपराधिक मामलों में ललित कौशिक इन दिनों उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जेल में बंद है। गैंगस्टर ललित कौशिक को पुलिस ने मार्च 2023 में गिरफ्तार करके बलरामपुर जेल भेजा था। तभी से वो बंद है। महानगर में निर्यातकों, व्यापारियों से वसूली, गुंडागर्दी और रंगदारी वसूली के तमाम आरोप ललित कौशिक पर हैं। 2015 में भरी कचहरी में अदालत की चौखट पर हुए योगेंद्र उर्फ भूरा मर्डर केस का मुख्य साजिशकर्ता भी ललित कौशिक को ही बताया जाता है। डिलारी के तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख योगेंद्र उर्फ भूरा को कोर्ट में पेशी के दौरान गोलियों से भून दिया गया था। इस मर्डर की तहरीर में ललित कौशिक का नाम था, लेकिन उसने भूरा की फैमिली डराकर बाद में तहरीर से अपना नाम निकलवा लिया था।

# पेड़ से टकराकर ट्रेलर में लगी आग चालक की जिंदा जलकर जान गई

संवाददाता, बरेली/देवरनिया

- नैनीताल रोड पर देवरनियां क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुआ हादसा

**अमृत विचार :** देवरनियां थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नैनीताल रोड पर डिवाइडर को पार करते हुए ट्रेलर पेड़ से टकरा गया और आग लग गई। इससे ट्रेलर में फंसे चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने चालक के शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस के अनुसार झारखंड के जमशेदपुर निवासी शिबू कुमार खाटी (38) ट्रेलर में लोहे के गर्डर लेकर उत्तराखंड जा रहा था। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे देवरनियां थाना क्षेत्र में आला हजरत डिग्री कॉलेज के पास ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए रोड के दूसरी ओर जाकर पेड़ से टकरा गया। इस दौरान इंजन से निकली चिंगारी से ट्रक के केबिन में आग लग गई, जिसमें जिंदा जलकर शिबू कुमार की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर देवरनियां की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने चालक के परिजनों को सूचित कर दिया है। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कराई जा रही है।

### आग की लपटों को देखकर बिचलित हुए लोग

स्थानीय लोगों ने बताया तेज धमाका होने के बाद ट्रेलर में आग लग गई और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। डर की वजह से लोग ट्रेलर के पास नहीं गए। कुछ लोगों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन विकराल लपटों के आगे वे विवश हो गए। लोगों ने कहा कि कुछ मिनट तक वे लोग चालक की चीखे सुनकर विचलित होते रहे, बाद में चीखें शांत हो गईं। बताया कि हादसे का मंजर बड़ा ही हृदय विदारक था।

### नींद की झपकी में हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार अधिक दूर से चालक ट्रेलर लेकर आ रहा था। इसकी वजह से चालक को झपकी आ गई होगी और ट्रेलर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया, जिस वजह से घटना हो गई। पुलिस के अनुसार चालक के परिवार में वह अकेला कमाने वाला था। चालक की मौत की सूचना सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन देर रात बरेली पहुंच गए।

## वीजा के नाम पर 2.50 लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** गांव शहबाजपुर कला निवासी चंचल ने बताया कि अमरोहा के थाना सैदनगली के कस्बा उझारी के महल वाला मोहल्ला निवासी शारिक पुत्र तौकीर अहमद ने वीजा बनवाने को ढाई लाख रुपये 20 अगस्त 2023 को लिए थे। पता चला कि शारिक हसनपुर में चलाए जा रहे आफिस में फर्जी वीजा बनवाकर देता है। उसने रुपये मांगे लेकिन शारिक टालता रहा। सैदनगली थाने में तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसपी अमरोहा तक मामला पहुंचा तो 1 लाख 80 हजार रुपये में फैसला करा दिया। शारिक ने 90-90 हजार रुपये के दो चेक दिए। एक चेक का भुगतान हो गया लेकिन दूसरे का नहीं हुआ। तब चंचल ने डीआईजी से गुहार लगाई। डीआईजी के आदेश पर असमोली पुलिस ने शाकिर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से मजदूर घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलटने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे निजी उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। सीएचसी में भर्ती घायल केमरी थाना क्षेत्र के पिपनिया रास डंडिया गांव निवासी संदीप के परिजनों ने बताया कि युवक गुरुवार सुबह मजदूरी के लिए ई-रिक्शा से उत्तराखंड सीमा की तरफ जा रहा था। तभी हाईवे पर ढाबे के सामने रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें आगे की तरफ बैठा संदीप दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको सीएचसी भिजवाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### गुम हुईं दो बच्चियों को परिजनों से मिलाया

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना खजुरिया की महिला एंटी रोमियो टीम में तैनात महिला आरक्षी गंगा देवी, अमृता भूषण ग्राम खजुरिया खुर्द में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान खजुरिया खुर्द चौराहे पर दो बच्चियां घूमती मिलीं। थाना परिसर में उनसे नाम पूछे तो बड़ी बच्ची ने अपना नाम रागिनी जिसकी उम्र 9 वर्ष व छोटी बच्ची का नाम गुलवीर जिसकी उम्र करीब 4 वर्ष है। माता पिता के नाम के बारे में बच्चियों से जानकारी की, तो बच्चियों ने अपना गांव खाता बताया। जिस पर तुरन्त गांव खाता की चयनित आशा से फोन द्वारा सम्पर्क कर एवं गांव के अन्य लोगों से जानकारी कर बच्चियों के माता पिता का पता लगाया, तो बच्चियों के पिता का नाम सत्यप्रकाश पुत्र महेन्द्रपाल सिंह व माता का नाम प्रीति पत्नी सत्य प्रकाश निवासी ग्राम खाता थाना खजुरिया का होना पाया। जिस पर माता पिता को तुरन्त थाने पर बुलवाया गया। दोनों बच्चियों को सकुशल उनके माता पिता के सुपुर्द किया।

### पेड़ के रुपये मांगने पर महिला से मारपीट

**पटवाई, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम ढोलसर मतवाली की महिला ने अपने ही गांव के चार लोगों पर पेड़ के रुपये मांगने पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। कमलेश ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपने खेत में लगे 35 पेड़ गांव के ही 4 लोगों को बेचे थे। पीड़िता का आरोप है कि इन लोगों ने तय संख्या से अधिक पेड़ काट लिए। जब कमलेश ने इस बात का विरोध किया। अपने बकाया पैसे मांगे, तो आरोपियों ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने महिला के साथ गाली-गलौज की और मारपीट करने पर उतारू हो गए। घटना के बाद पीड़िता कमलेश पटवाई थाने पहुंची और पुलिस को पूरी घटना बताते हुए न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रुपयों के विवाद में महिला से मारपीट, घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला मोरी गेट निवासी रीना का कहना है कि मैंने अपने देवर को कुछ रुपये उधार दिए थे। उसी को लेकर विवाद चला आ रहा था। 12 जून को देवर मोबीन, आसिन, रुबी, बसी मेरे घर आ गए थे। जब मैंने अपने देवर से पैसे मांगे,तो उसने गाली-गलौज कर दी थी। विरोध करने पर सभी लोगों ने मेरे साथ मारपीट करके घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गए थे। बाद में महिला को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शाहबाद से दो सहेलियां हुईं लापता

**रामपुर/शाहबाद, अमृत विचार :** घर वालों को बिना बताए दो सहेलियां अचानक से लापता हो गईं। मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव से जुड़ा है। यहां की रहने वाली महिला का कहना है कि 24 जून को मेरी 12 वर्षीय बेटी और उसकी सहेली 11 वर्षीय अचानक से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी तलाशने के बाद भी उनका पता नहीं चल सका। जिससे परिजनों में खलबली मच गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

### घर से बाहर गई किशोरी का अपहरण

**रामपुर, अमृत विचार :** शौच करने गई किशोरी का अपहरण हो गया। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि 24 जून को उसकी बेटी घर से बाहर गई थी। उसके बाद वह वापस नहीं आई। तलाश करने पर पता चला कि गांव के सुरेंद्र, शिव कुमार सहित कई लोग उसका अपहरण करके ले गए। किशोरी घर से कई तोले सोने के जेवर भी ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 3 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कैंची धाम से लौट रहे बाइक सवार की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** कैंची धाम से बाइक द्वारा लौट रहे श्रद्धालुओं की बाइक पंतनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दी। जिसमें सहसपुर निवासी ऋषभ उर्फ गोलू की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहे बिलारी निवासी दुकानदार दिनेश प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार दोनों बुधवार की शाम कैंची धाम से लौट रहे थे। खबर सुनकर मां चंद्रवती और पिता संजीव बेसुध हो गए। बड़ा भाई तुषार, बहन सृष्टि रो रोकर बेहाल है। गुरुवार शाम पोस्टमार्टम के उपरांत शव सहसपुर आया तो घर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हर कोई अफसोस जता रहा था।

### देवर पर दुष्कर्म का आरोप, पति ने दिया तलाक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाझांडा निवासी युवती की शादी 20 मई 2021 को गांव बैरमपुर निवासी जिलानी के साथ हुई थी। शादी में 5 लाख रुपये नगद, गहने और अन्य कीमती सामान दहेज के रूप में दिया। लेकिन ससुराली संतुष्ट नहीं हुए। पति जिलानी, ससुर बाबू हुसैन, सास शमशीदा, देवर नदीम, मुरसलीन, शाहनवाज और ननद रुबीना व मोबिना ने दस लाख की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर मारपीट और अपमान का सामना करना पड़ा। 6 जून 2025 को ससुराली पड़ोस में गए थे। देवर मुरसलीन उसके कमरे में घुस गया। तमंचा कनपटी पर रख जबरन दुष्कर्म किया।काम के लिए विदेश गए पति से शिकायत की तो उन्होंने फोन पर ही तलाक दे दिया। ससुराल वालों ने मारपीट कर मामले को दबाने का प्रयास किया। कोतवाली पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

### बाइकों की टक्कर में दूसरे घायल की भी मौत

**बबराला, अमृत विचार :** बाइकों की भिड़ंत में दूसरे घायल की भी अस्पताल में मौत हो गई।गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में बबराला-चंदौसी मार्ग पर बुधवार सुबह बाइकों की भिड़ंत में घायल नगर के मोहल्ला शिवपुरी निवासी व्यवसायी अशोक कुमार के पुत्र राजुल वार्ष्णेय (26) की अलीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। जबकि दूसरी बाइक पर सवार धनारी क्षेत्र के गांव जयरामनगर निवासी देवी सहाय उर्फ देवराज (41 वर्ष) पुत्र नन्हें और उसकी पत्नी घायल हुए थे। बुधवार दोपहर को देवराज की हालत बिगड़ने पर मुरादाबाद ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अन्यत्र ले जाने का सुझाव दिया। रात को परिजन अलीगढ़ ले जा रहे थे रास्ते में देवी सहाय ने दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी कृष्णा को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### हैंडपंप से टकराई कार, बच्ची सहित 4 घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मंडी समिति में गुरुवार की दोपहर कार हैंडपंप से टकरा गई। हादसे में हैंडपंप पर पानी पी रहे बच्ची सहित 4 मजदूर चुटैल हो गए। मंडी सचिव ने समझौता करा दिया। गुरुवार की दोपहर मंडी समिति से एक युवक कार से जा रहा था। मंडी गेट पर कार अनियंत्रित होकर हैंडपंप से टकरा गई। हैंडपंप पर पानी पी रहे मजदूर ऋषिपाल, गोविंद, गायत्री व उसकी पुत्री रिमझिम चुटैल हो गए। हैडपंप का हत्था कार में घुस गया। व्यापारी व मजदूरों की भीड़ जमा हो गई। मंडी सचिव भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों में समझौता करा दिया( मजदूरों का हास्पिटल में उपचार कराकर घर भेज दिया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत हो गई। चंदौसी मार्ग पर स्थित गांव सैफ खां सराय निवासी अनीस अहमद (40) पुत्र अजीमउर्रहमान बुधवार को रिश्तेदारी में पंचायत के लिए सिरसी गया था। वहां से देर रात बाइक से लौट रहा था। संभल-मुरादाबाद मार्ग पर वाजिदपुरम के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल अनीस अहमद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हाईटेंशन लाइन के करंट से युवक झुलसा

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में बीती रात्रि गौरव पुत्र चेतराम के घर में हाईटेंशन लाइन का करंट उतर आया। जिससे घर में रखे उपकरण फूंक गए और धुआं निकलने लगा। इस दौरान घर में सो रहा गौरव अचानक बिजली के तार हटाने लगा। वह हाईटेंशन लाइन की करंट की चपेट में आकर झुलस गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दो बच्चों पर कुत्तों ने किया हमला, भर्ती

**बरेली, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के आजमनगर और बिशारतगंज में दो बच्चों को कुत्तों ने काट लिया। एक बच्ची पर पालतू कुत्ते और एक बच्चे पर आवारा कुत्तों ने हमला किया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र की आजमनगर बांसमंडी निवासी रिंकू ने बताया कि उनकी सात साल की बेटी धारा बुधवार शाम घर के आंगन में थी, तभी पालतू कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके अलावा थाना बिशारतगंज क्षेत्र के ढका गांव में सात साल का अनिल गुरुवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था, तभी अचानक से कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पैर में घाव हो गया। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह से उसे बचाया। अनिल की मां कांति देवी ने बताया कि क्षेत्र में इन दिनों कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को खतरा बना हुआ है।

# नगर निगम कार्यकारिणी में भाजपा का परचम

### सभी छह कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, सपा के खाते में सिर्फ एक सदस्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव में एक बार फिर भाजपा ने परचम लहरा दिया। सभी छह कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए, जिनमें से पांच सदस्य भाजपा और एक सपा के चुने गए। अब कार्यकारिणी में भाजपा की सदस्य संख्या 10 हो गई है, जबकि सपा के दो पार्षद होंगे।

गुरुवार सुबह 11 बजे नगर निगम के सभागार में मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की मौजूदगी में चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें कार्यकारिणी में से छह सदस्यों पार्षद सलीम पटवारी, सर्वेश रस्तोगी, गरिमा, नीरज, सौरव कुमार और सागर मौर्य के कार्यकाल समाप्त होने की घोषणा की गई। इसके बाद रिक्त हुई छह सीटों के लिए नामांकन हुआ। इसमें भाजपा की ओर घोषित प्रत्याशी वार्ड 38 से हर्ष कुमारी, वार्ड 43 से पूनम राठौर, वार्ड 72 से मुकेश सिंघल, वार्ड 23 से सतीश कातिब और वार्ड 47 से रंजीत वाल्मीकि ने पर्चा दाखिल किया, जबकि सपा की ओर से वार्ड 73 से गुल बशर ने नामांकन प्रपत्र भरे। 30 मिनट के निर्धारित समय में किसी ने नामांकन नहीं किया। इस कारण सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। कार्यकारिणी के चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेयर ने नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और विकास में उनके योगदान की आशा जताई। इस दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने जीत का जश्न मनाया और मिठाई बांटी, जबकि सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना, पार्षद राजेश अग्रवाल आदि ने एक दूसरे को बधाई दी।



निर्विरोध चुने गए सदस्यों के साथ मेयर डॉ. उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव मौर्य।

#### भाजपा के नरेंद्र सिंह का उपसभापति बनना तय

वार्ड 26 आईवीआरआई के पहली बार पार्षद बने नरेंद्र सिंह को उपसभापति पद के लिए भाजपा ने प्रत्याशी घोषित किया है। कार्यकारिणी में भाजपा के सदस्यों की संख्या बहुमत से काफी अधिक होने के कारण यह तय माना जा रहा है कि उन्हें उपसभापति निर्विरोध चुन लिया जाएगा। अब चर्चा है कि अगली कार्यकारिणी की बैठक में चुनाव में उनके नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

#### नए सदस्यों में वरिष्ठता का ख्याल, राजनीतिक विवाद से किनारा

कार्यकारिणी के चुनाव में भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए गए पार्षदों की वरिष्ठता का ख्याल रखा गया है। इसको लेकर चर्चा है कि इससे राजनीतिक विवाद नगर निगम में नहीं उत्पन्न होगा। भाजपा ने इंदिरा नगर के पार्षद सतीश कातिब मम्मा को एक बार फिर से कार्यकारिणी में भेजा है, जो कई बार कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके है। इसके अलावा एक बार उपसभापति, तीन बार बीडीए बोर्ड और एक बार जिला योजना समिति में सदस्य रह चुके है। आलमगीरीगंज के पार्षद मुकेश सिंघल भी एक बार कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा तीन नए पार्षदों को अवसर दिया गया है। वहीं सभी वर्ग को प्रतिनिधित्व देना बताया जा रहा है।

#### सपा के गुल बशर का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत

नगर निगम कार्यकारिणी में सपा के पार्षद गुल बशर अंसारी के निर्विरोध चुने जाने पर पार्टी कार्यालय पर उनका जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, महासचिव पंडित दीपक शर्मा, पार्षद दल नेता गौरव सक्सेना, अशोक यादव, राजेश मौर्या, समर्थ मिश्रा, सुरेन्द्र सोनकर, पार्षद मो. आरिफ कुरैशी, अब्दुल कयूम खां मुन्ना, अलीम सुल्तानी, शमीम अहमद, कांकर टोला पार्षद प्रतिनिधि सनी मिर्जा आदि मौजूद रहे।

## विज्ञापन कंपनी में कमाई का झांसा देकर 1.5 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विज्ञापन कंपनी में निवेश कर अच्छी कमाई का झांसा देकर ठगों ने एक व्यक्ति से 1.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर थाना बारादरी में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी के गोसाई गौटिया निवासी नितिन वर्मा ने बताया कि उनकी जान पहचान पीलीभीत बाईपास, वैष्णोपुरम कॉलोनी कॉलोनी निवासी ओम शुक्ला, पंकज शुक्ला और राहुल शुक्ला से है। फरवरी में तीनों ने उनसे कहा कि वह विज्ञापन कंपनी चलाते हैं। उसमें 60 हजार रुपये निवेश करने पर 65 प्रतिशत लाभ के साथ निवेश किए गए रुपये 21 मार्च तक वापस कर देंगे। आरोपियों के झांसे में आकर उन्होंने निवेश करने की रजामंदी दे दी। 18 मार्च को ओम शुक्ला ने अपने व्हाट्सएप से नवेद खां नाम के व्यक्ति का बार कोड भेजा और 20 हजार रुपये ऑनलाइन और 40 हजार रुपये नकद भुगतान करने को कहा। उन्होंने नवेद खां के बार कोड पर ऑनलाइन 20 हजार रुपये भेज दिए और 40 हजार रुपये जोगीनवादा निवासी अजहर उनके घर से ले गया। 21 मार्च को पंकज ने कहा कि यदि 90 हजार रुपये और निवेश करो तो 50 प्रतिशत ब्याज के साथ पूरी रकम वापस कर दी जाएगी। आरोपियों के कहने पर उन्होंने 23 मार्च को 28 हजार रुपये महक रस्तोगी के गूगल पे के बार कोड पर भेजे, जबकि 62 हजार रुपये ओम शुक्ला को नकद दिए। नियत समय पर जब उन्होंने आरोपियों से रुपये मांगे तो वे टालमटोल करने लगे। जब उन्होंने कानूनी कार्रवाई से रुपये देने के लिए कहा तो ओम शुक्ला नाराज हो गया और गालीगलौज करने लगा। उन्होंने थाना बारादरी में तहरीर दी और पुलिस अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर पीड़ित ने आरोपी ओम शुक्ला, राहुल शुक्ला, पंकज शुक्ला, महक, नवेद खां और अजहर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# आंबेडकर मूर्ति पर चलाए हथौड़े, हंगामा-पथराव

कार्यालय संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

- पुलिस ने 19 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर 4 को किया गिरफ्तार
- थाना प्रभारी राहुल लाइन हाजिर अरुण को मिली नई तैनाती

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर में बुधवार की देर रात अराजक तत्वों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर डंडे और हथौड़े बरसाकर क्षतिग्रस्त कर दी। इसकी जानकारी पर मूर्ति स्थापित करने वाले और मूर्ति लगने का विरोध करने वाले पक्ष आमने-सामने आ गए और पथराव हो गया। इससे गांव में तनाव फैल गया। ग्रामीणों संग भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर हंगामा काटा। पुलिस ने 19 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

उधर, एसएसपी अनुराग आर्य ने नवाबगंज थाना प्रभारी राहुल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। सुभाष नगर इंस्पेक्टर अरुण कुमार श्रीवास्तव को नवाबगंज भेजा गया है। दरअसल, थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में कई दिनों से एक पक्ष का दूसरे पक्ष से आंबेडकर की मूर्ति स्थापना को लेकर मनमुटाव चल रहा था। बुधवार की देर रात करीब 2 बजकर 31 सेकेंड पर तीन से चार खुराफाती हाथों में हथौड़े और डंडे लेकर आंबेडकर की मूर्ति के पास पहुंचे और कई बार हमला कर के मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया।

ऐसा देख एक समाज के लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर दौड़े। इस पर मूर्ति तोड़ रहे लोग मौके से भाग निकले। ये पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कैमरे की ये फुटेज अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसी बीच शोर शराबा सुनकर दर्जनों की संख्या में पहुंचे लोगों ने जमकर ईट-पत्थर बरसाए। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने पर गांव में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे तीन आरोपियों समेत चार लोगों विजय कुमार, कुलदीप कुमार, धर्मपाल और परसराम को गिरफ्तार किया है।



मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी स्थानीय लोगों को समझाते हुए। • अमृत विचार

> गांव गंगापुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 19 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि, फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। गांव में तनाव की स्थिति देखते हुए पुलिस बल है।
> –गौरव सिंह, क्षेत्राधिकारी, नवाबगंज

## लोन पर लिया ट्रक गायब कर दर्ज कराई चोरी की फर्जी रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** महिंद्रा कोटक बैंक के कलेक्शन मैनेजर ने चार लोगों पर लोन पर लिए गए ट्रक को गायब कर चोरी की झूठी रिपोर्ट लिखाने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सिविल लाइंस स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के कलेक्शन मैनेजर दीपक गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि थाना देवरनियां क्षेत्र निवासी फरीदउद्दीन ने एक ट्रक खरीदने के लिए बैंक से 8.60 लाख रुपये का लोन लिया था। जिसमें भूरा शाह और हफीज गारंटर थे। आरोप है कि फरीदउद्दीन ने ट्रक की किस्त नहीं चुकाईं। इस पर कई बार नोटिस भी जारी किया गया। आरोप है कि सभी ने मिलकर ट्रक को किसी अजात व्यक्ति को बेच दिया या फिर उसे कटवाकर कर थाना भोट रामपुर में एक ट्रक चोरी होने की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी और बीमा कंपनी से मुआवजा लेने का प्रयास किया लेकिन विवेचना में चोरी की घटना फर्जी पाई गई और एफआर लगा दी गई। कोतवाली प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में जो भी साक्ष्य सामने आएगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन मार्केट के सामने कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, इलेक्ट्रीशियन की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मिशन मार्केट के पास तेज रफ्तार इनोवा क्रिस्टा कार ने पीछे से स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई और साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार कार एक मार्बल कारोबारी के बेटे की है।

कैंट के सदर बाजार निवासी वीरेंद्र कुमार (48) स्कूटी पर अपने साथी आशीष उर्फ मोना के साथ अपने भाई दीपक के लिए बिशप मंडल इंटर कॉलेज में खाना देने के लिए आए थे। नुमाइश में दीपक की दुकान लगी है। बुधवार रात 11:30 बजे घर जाते समय मिशन मार्केट और बटलर प्लाजा के बीच में सामने पीछे से तेज गति से आ रही इनोवा कार ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी उछलकर करीब 10 फुट दूर जा गिरी। वीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। भाई दीपक ने बताया कि वीरेंद्र इलेक्ट्रिकल वायरिंग का काम करते थे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी।**

पत्रांक. 314/ग्रा0अभि0वि0/निविदा पत्रा0–1/2025–26, दिनांक. 17.06.2025

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत जनपद लखीमपुर खीरी में निम्नलिखत कार्यों हेतु उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में ए,बी,सी, डी0 श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्य की ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0/लाट सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत लाख में | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि लाख में | निविदा पत्रक का मूल्य (समस्तकरों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| सांसद निधि | | | | | | |
| 01 | लखीमपुर | ग्राम पंचायत रामपुर ग्रन्ट नं0 18 के मजरा सरकारगढ़ में इदरीश के मकान से हेमपुर तिराहे तक मिट्टी व खडंजे का कार्य, 620 मी0। वि0ख0 बांकेगंज | 15.000 | 0.300 | 944.00 | 2 माह |
| विधायक निधि | | | | | | |
| 02 | लखीमपुर | ग्राम पंचायत मिर्जापुर सुनौरा के मजरा धर्मापुर में सी0सी0 रोड से छोटे पासी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, 300 मी0। वि0ख0 बेहजम | 19.895 | 0.400 | 944.00 | 2 माह |
| 03 | लखीमपुर | ग्राम पंचायत परसेहरा बुजुर्ग में सुरेश सिंह तोमर के घर से मोहित के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य, 175 मी0। वि0ख0 बेहजम | 10.776 | 0.220 | 856.00 | 2 माह |

1. वेब साइट पर निविदा की उपलब्धता तिथि- 11.07.2025 से 18.07.2025 तक
2. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवॅ समय–18.07.2025 समय –12.00 बजे दोपहर तक
3. ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवॅ समय 18.07.2025 समय – 12.30 बजे दोपहर से
4. निविदा आमंत्रण कर्ता को संशोधन/शुद्धि पत्र जारी करने का आई0 टी0 बी0 क्लाज–9 के अनुसार अधिकार है, जो आन लाइन उपलब्ध रहेगा जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगा। समस्त इच्छुक बिडर्स को सलाह दी जाती है कि वे ई–टेण्डर पोर्टल को नियमित रूप से अवलोकन करते रहें और अन्य आवश्यक जानकारी एवॅ निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने हेतु विवरण वेबसाइट http:// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(हेमंत सक्सेना)
अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी।

UP – 235244 दिनांक: 24/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



**कार्यालय नगर पंचायत कटरा, जनपद शाहजहांपुर**

पत्रांक सं.: 300/ई–निविदा/राज्यवित्त/न.पं.क./2025–26 दिनांक: 26.06.2025

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पंचायत कटरा, जनपद शाहजहांपुर द्वारा अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय के स्वीकृति आदेशानुसार राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत अवशेष धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत निर्माण कार्य हेतु पात्र ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा तक पूर्ण प्रतिशत आधारा दरों पर ई–निविदा पद्धति से ई–टेण्डर की वेबसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नलिखित टेण्डर शेड्यूल के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि केवल राष्ट्रीय बचत पत्र/राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में देय होगी। जिसे अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कटरा शाहजहांपुर के पदनाम से बंधक कराना अनिवार्य होगा।

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक व समय | अंतिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|
| 01. | निविदा देखने/डाउनलोड/खरीदने की तिथि | 28.06.2025 समय 10:00 बजे | 14.07.2025 दोपहर 02:00 बजे |
| 02. | बिड समाप्ति की तिथि व समय | – | 14.07.2025 दोपहर 02:00 बजे |
| 03. | बिड खोलने की तिथि | 15.07.2025 समय 11:00 बजे | – |

सुरेन्द्र कुमार, लिपिक, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर
शिवलाल राम, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर
मुख्तियार अहमद, अध्यक्ष, नगर पंचायत कटरा, शाहजहांपुर


## मौत से कई घंटे पहले ही बनवा लिया मां का मृत्यु प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आठवीं वाहिनी पीएसी में कुक के पद पर तैनात चंद्रा देवी की बीमारी के कारण हुई थी मौत

**अमृत विचार :** आठवीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक के निर्देश पर कुक के बेटे के खिलाफ पीएसी के शिविरपाल ने थाना कैंट में फर्जी तरीके से मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। मृत्यु प्रमाण पत्र में मृत्यु के समय में करीब 12 घंटे का अंतर दर्शाया गया है।

आठवीं वाहिनी पीएसी के शिविर पाल रामनाथ राणा ने थाना कैंट में तहरीर देकर आरोप लगाया कि चंद्रा देवी कुक के पद पर तैनात थीं। चंद्रा देवी की तबियत 27 फरवरी को सुबह 7.39 बजे अचानक खराब हो गई। पीएसी के कर्मचारियों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चंद्रा देवी के बेटे प्रहलाद मेहर को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी गई। तब प्रहलाद सिंह मेहर ने पीएसी कर्मियों की मदद सें चंद्रा देवी को एसआरएमएस में भर्ती कराया। वहां भी हालत सही नहीं हुई तो लखनऊ के एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया। प्रहलाद सिंह मेहर के कहने पर 28 फरवरी की शाम 5.33 बजे चंद्रा देवी को एसजीपीजीआई से जीवित अवस्था में डिस्चार्ज किया गया। उस वक्त उनके साथ उसी दल के दलनायक चिराशु कुमार मौजूद थे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएँ आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या : उप मु.इं.-नि.-सा.-जीकेपी-03-2025 दिनांक : 18.07.2025, कार्य का नाम :** गोरखपुर कैंट-गोरखपुर-डोमिनगढ़ एवं गोरखपुर-नकहा जंगल यार्ड के ऐलिमेनेटेड, जंक्शन फिश प्लेट एवं नवनिर्मित रेलपथ-मुख्य लाइन, लूप लाइनों और प्वाइंटों और क्रॉसिंग रेलपथ के रख रखाव का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य** : रु. 1,81,44,172.51, **बयाना राशि** : रु. 2,40,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. --, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 (छः) माह।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि - **दिनांक 04.07.2025** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 18.07.2025 15.00 बजे तक** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- **दिनांक 18.07.2025 15.00 बजे** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजी./निर्माण/सामान्य
मुजाधि/डब्ल्यू-131 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**कार्यालय उत्पादन मंडी समिति, दातागंज, बदायूं**

पत्रांक सं.: कृ.उ.म.स./2025/36 दिनांक: 26.06.2025

**नीलामी बोली निविदा आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति दातागंज के नवीन मण्डी स्थल में कृषक सेवा केन्द्र की नीलामी प्रक्रिया होनी है, इस नीलामी प्रक्रिया में पी.सी.एफ.यू.पी.एग्रो. इफको, खुशहाली, आदि पंजीकृत कृषक उत्पादन संगठन (एफ.पी.ओ.) तथा कृषक उत्पादक कम्पनी (एफ.पी.सी.) जैसी संस्थाओं को कृषि निवेश सामग्री (यथा खाद, उर्वरक बीज, दवाये, उपकरण आदि संस्थायें नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकती है इच्छुक व्यक्ति दिनांक 15.07.2025 को सायं 05:00 बजे तक फार्म आमंत्रित किये जायेंगे फार्म धनराशि मूल्य जी.एस.टी. सहित 295.00 रूपये जमा कर कार्यालय से ले सकते है। जिसकी नीलामी बोली अधिकतम 20000.00 से बोली जायेगी। नीलामी का दिनांक 16.07.2025 को समय 11:00 पूर्ववाहन को मण्डी सचिव, सभापति, व उपनिदेशक (प्रशा./विप.) की अध्यक्ष में आवंटन किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था किसी भी कार्य दिवस में नियम/शर्तो एवं उपरोक्त के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी कार्यालय मण्डी समिति दातागंज (बदायूं) की रिक्त दुकानों का आवंटन/नीलामी मण्डी समिति दातागंज के कार्यालय में की जायेगी। दुकानों एवं पंजीकरण धनराशि का विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | दुकानों का विवरण | कुल संख्या | दुकानों में आरक्षण का विवरण (दुकान सं.) | | | | न्यूनतम प्रीमियम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु. जाति | अ. पि. वर्ग | सामान्य | दिव्यांग | |
| 3. | मण्डी स्थल 'स' श्रेणी की | 02 | – | 01 | 01 | – | 969033.70 |

शेष शर्ते किसी भी कार्य दिवस में मण्डी समिति कार्यालय में देखी जा सकती है।

खड़विन्द प्रकाश, सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति दातागंज (बदायूं)
धर्मेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी/सभापति, कृषि उत्पादन मण्डी समिति दातागंज (बदायूं)


## लीलौर झील को पर्यटन स्थल बनाने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने हवन पूजन कर खुदाई कार्य की शुरुआत की
- झील विकसित होने से व्यापार भी बढ़ेगा, पर्यावरण बचाने के लिए पेड़-पौधे आदि लगाए जाएंगे

**अमृत विचार:** रामनगर स्थित महाभारत कालीन लीलौर झील को पुनर्जीवित कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कवायद शुरू हो गई। गुरुवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने झील के पुनरुद्धार कार्य की हवन पूजन कर शुरुआत की।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा झील विकसित होने से व्यापार भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार नदियों और झीलों को पुनर्जीवित करने का कार्य प्रदेश में शुरू हुआ है। प्राचीन कालीन पांचाल प्रदेश की उत्तरी राजधानी अहिच्छत्र स्थित लीलौर झील महाभारत कालीन है। यहीं पर पांडवों के अग्रज युधिष्ठिर से यक्ष ने प्रश्न किए थे। पांडव और यक्ष संवाद की साक्षी यह भूमि है, जिस पर हम सभी बैठे हैं। यह झील नहीं है बल्कि यक्ष सरोवर है। लीलौर झील को पर्यटन के मानचित्र में भी दर्शाया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण बचाने के लिए झील के किनारे पेड़-पौधे लगाकर उसका सौंदर्य बढ़ाएं। साथ ही लोगों से अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांव को साफ-सुथरा रखें, जिससे बीमारी न फैले। यहां पर द्रोपदी थीम पार्क बनाने की भी योजना है, जो कि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि तहसील आंवला शिक्षा का हब बन चुका है, यहां पर चीनी मिल, डेयरी, इंडस्ट्री भी शुरू होने जा रही हैं।


**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)**

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2025–136 दिनांक : 26 जून 2025

प्रधान मण्डी स्थल, बहेड़ी एवं उपमण्डी स्थल, रिछा तथा ए.एम.एच. राठ के समस्त लाईसेंसधारी थोक व्यापारियों/आढ़तियों एवं इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि प्रधान मण्डी स्थल, बहेड़ी एवं उपमण्डी स्थल, रिछा तथा ए.एम.एच. राठ की रिक्त दुकानों की नीलामी प्रधान मण्डी स्थल, बहेड़ी (बरेली) के सभाकक्ष में दिनांक 19.07.2025 को प्रात: 11:30 बजे निर्धारित की गयी है, रिक्त दुकानों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | नाम रिक्त दुकान | दुकान की श्रेणी | कुल रिक्त दुकानों की संख्या | दुकानों की संख्यावार आरक्षण संशोधित स्थिति | | | | न्यूनतम प्रीमियम | पंजीकरण धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुसूचित जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |
| 01 | प्रधान मण्डी स्थल बहेड़ी | "अ" श्रेणी | 01 | - | 02 | - | - | 636000.00 | 63600.00 |
| 02 | | "स" श्रेणी | 01 | 05 | - | - | - | 116000.00 | 11600.00 |
| 03 | उप मण्डी स्थल, रिछा | "अ" श्रेणी | 03 | 1,5 | - | 6 | - | 539000.00 | 53900.00 |
| 04 | | "ब" श्रेणी | 24 | 1,5,11,15,21,25 | 7,13,17,19,23,27,29 | 8,12,14,16,18,22,24,26,28 | 20,30 | 367000.00 | 36700.00 |
| 05 | | "स" श्रेणी | 04 | 1,5,11 | - | 8 | - | 194000.00 | 19400.00 |
| 06 | ए.एम.एच. राठ | "स" श्रेणी | 08 | 1,5 | 7,3 | 2,4,6 | 10 | 28000.00 | 2800.00 |

उपरोक्त रिक्त दुकानों की नीलामी में भाग लेने हेतु रूपया 250.00+जी.एस.टी. का नगद भुगतान करके कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहेड़ी से आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित दुकानों के आवंटन की शर्तो सहित पूर्ण रूप से भरकर उपरोक्तानुसार पंजीकरण धनराशि का बैंकर्स चैक/ड्राफ्ट "कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहेड़ी" के पक्ष में बनवाकर संलग्न करते हुये प्रधान मण्डी स्थल, बहेड़ी एवं उपमण्डी स्थल, रिछा तथा ए.एम.एच. राठ हेतु दिनांक 18.07.2025 को सायं 5:00 बजे तक जमा/स्वीकार किये जायेंगे। विस्तृत नियम एवं शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय/नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। यह भी अवगत कराना है कि प्रीमियम/किराये की धनराशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगा। उपरोक्त दुकानों का आवंटन परिषद पत्रांक : विपणन–3/दु.आ. नियमा./2016–2775 दिनांक 29 जुलाई 2016 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत किया जायेगा।

(नरेन्द्र कुमार गंगवार), सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बहेड़ी (बरेली)
(रत्निका श्रीवास्तव), सभापति/उपजिलाधिकारी, कृषि उत्पादन मण्डी समिति बहेड़ी (बरेली)

## एक नजर

### निजीकरण का मसौदा निरस्त कर गठित की जाए जांच अथॉरिटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि राज्य विद्युत नियामक नियामक आयोग की ओर से ऊर्जा निगमों के निजीकरण का मसौदा निरस्त कर जांच अथॉरिटी गठित की जाए। परिषद की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आयोग में याचिका दाखिल की गई। याचिका में कहा गया है कि निजीकरण के प्रस्ताव पर बड़े पैमाने पर गंभीर वित्तीय अनियमितता व संवैधानिक अनियमिता उजागर हुई है। ऐसे में नियामक आयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 128 के तहत 'इंवेस्टिगेटिंग अथॉरिटी' गठित कर पूरे मसौदे की जांच कराए, जिससे और भी गंभीर वित्तीय अनियमितता का खुलासा हो सके।

### नशा मुक्त भारत अभियान में बनें सहभागी

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जनसामान्य से अपील की है कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' व 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' की मुहिम में सहभागी बनकर इस अभियान को गति प्रदान करे। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में तभी सफल होंगे, जब तक हर व्यक्ति इसमें सहयोग नहीं देगा। समाज नशा मुक्त होगा तभी नैतिकता, सामाजिक मूल्यों एवं आदर्श प्रतिमानों के सिद्धांतों के साथ हम पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का सपना साकार कर सकेंगे। आबकारी मंत्री गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, में मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी विषयक संपन्न कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर विभाग द्वारा 23 जून को संपन्न विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस आज योगी खोलेंगे योजनाओं का पिटारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में आयोजित समारोह में कई परियोजनाओं का होगा उद्घाटन

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश में एमएसएमई इकोसिस्टम को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा प्रयास करने जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के मौके पर शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बड़ी घोषणाएं और लोकार्पण करेंगे।

रोजगार, उद्यमिता और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने वाली योजनाओं को गति देने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं और कारीगरों को विशेष लाभ मिलेगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम कई मायनों में विशिष्ट होगा। कार्यक्रम में योगी 'सीएम युवा मोबाइल ऐप' का बटन दबाकर शुरुआत करेंगे। यह युवाओं के लिए रोजगार, परामर्श और उद्यमिता से जुड़ी सुविधाएं प्रदान करने का माध्यम बनेगा। इसी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। लखनऊ के किसान बाजार में विकसित 'यूथ अड्डा' का भी मुख्यमंत्री योगी द्वारा लोकार्पण किया जाएगा।

# गरीबों को मिलेगी 43,850 हेक्टेयर उपजाऊ जमीन

## शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मंजूर की कार्ययोजना, कृषि निदेशक को भेजी गाइडलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों का सुधार कर भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को आवंटित होगा



**अमृत विचार :** योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में 43 हजार 850 हेक्टेयर बीहड़, बंजर व डूब क्षेत्रों की जमीनें उपजाऊ बनाकर गरीबों व भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को देगी। इस कार्य में 113 करोड़ 6 हजार रुपये खर्च होंगे। भूमि का सुधार कृषि विभाग करेगा, जबकि आवंटन का कार्य राजस्व विभाग के जिम्मे है।

इस बाबत पूरी कार्ययोजना मंजूर करते हुए शासन ने कृषि निदेशक को गाइडलाइन भेजी है। बीहड़, बंजर और जलभराव वाली भूमि में सुधार एवं उसे उर्वर बनाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना वर्ष 2022-23 में शुरू की गई थी। हाल ही राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इसे वर्ष 2026-27 तक विस्तार दिया गया। इस योजना में पांच वर्षों में कुल 602.68 करोड़ रुपये (501.59 करोड़ रुपये राज्य सेक्टर, 51.25 करोड़ रुपये मनरेगा और 49.84 करोड़ रुपये कृषक अंश) से खर्च करके 2 लाख 19 हजार 250 लाख हेक्टेयर समस्याग्रस्त बीहड़/बंजर भूमि सुधार तथा जलभराव क्षेत्र को उर्वर बनाने का लक्ष्य है। योजना में गौतमबुद्ध नगर जिले को छोड़कर राज्य के शेष सभी 74 जिलों में प्रस्तावित हैं।

### अभी यूपी में 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार

यूपी में अभी 24.17 लाख हेक्टेयर भूमि बेकार पड़ी है, जिसे कृषि योग्य बनाया जा सकता है। खेती के लिए अयोग्य भूमि 4.42 लाख हेक्टेयर, कृष्य बेकार भूमि 3.88 लाख हेक्टेयर और परती भूमि 15.81 लाख हेक्टेयर शामिल है। इसमें से इस साल 35600 हेक्टेयर बीहड़, बंजर भूमि सुधारी जाएगी, जबकि 8250 जलभराव की भूमि होगी।

### भूमि सुधार में खर्च होगी धनराशि

कार्ययोजना के अनुसार इस सत्र में 43 हजार 850 हेक्टेयर भूमि को सुधारने में राज्य सेक्टर से 113 .06 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें कार्यमद से 90 .35 करोड़, फसलोत्पादन से 12 .46 करोड़ और मनरेगा से 10 .25 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### शासन, मंडल और जिला स्तर से होगी निगरानी

पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना की शासन, मंडल और जिला स्तर से निगरानी और समीक्षा होगी। राज्यस्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त और जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति बनाई गई है।

# तकनीक के साथ बढ़ रहा नया भारत : योगी

## मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने गाजियाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का किया शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गाजियाबाद में डाटा सेंटर का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह। साथ में अन्य।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीईएल की यात्रा को भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। कहा कि सीईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से ही नया भारत अपनी शक्ति, तकनीक और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में सीईएल की ओर से भारत सरकार को लगभग 21 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक भी भेंट किया गया, जबकि सीईएल और मल्टी इंफ्रा के बीच 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूलर के लिए एमओयू भी हस्तांतरित हुआ।

मुख्यमंत्री ने सीईएल द्वारा रेलवे, रक्षा, अक्षय ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए नवाचारों की प्रशंसा की। कहा कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में ब्रह्मोस मिसाइल से जुड़े उपकरण भी सीईएल जैसे संस्थानों के सहयोग से ही बन रहे हैं।

### नोएडा में बनेगा देश का पहला क्वांटम यूनिट

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि सीईएल ने 1970 में पहले सोलर सेल को ईजाद किया था। आज 50 साल बाद अब यह ग्रीन डाटा सेंटर भी शुरू करने जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि अयोध्या में मंदिर निर्माण के लिए आपका नाम इतिहास में दर्ज हो गया और मुझे खुशी है कि मेरे मंत्रालय के दो संस्थाओं ने भी उसमें अपना योगदान किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द हम नोएडा में आईआईटी के अंदर देश का पहला क्वांटम यूनिट स्थापित करेंगे। इसके साथ ही, लखनऊ के नजदीक बायोटेक्नोलॉजी पार्क स्थापित करेंगे।

# कांवड़ियों को न हो समस्या : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद में अफसरों के साथ विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर से टीला मोड़, कादराबाद बार्डर से गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-24 व एनएच-9 पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वॉच टावर, कांवड़ शिविर, सड़क मरम्मत, मार्ग प्रकाश, सीसीटीवी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा डिवाइडर कट पर बैरिकेडिंग, खाद्य पदार्थों की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शन, मांस-मदिरा की दुकानों को बंद करने और विद्युत पोलों पर 5 फुट ऊंचाई तक इंसुलेटेड प्लास्टिक शीट लगाने के भी निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाओं पर जोर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मानव रहित रेलवे फाटकों पर प्रबंधन, सामुदायिक शौचालयों और पेट्रोल पंपों पर सफाई, खाद्य सामग्री की नियमित जांच और महिला-पुरुष शौचालयों की पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

# 541 केंद्रों पर 2,43,981 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक व सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा को लेकर बैठक

**अमृत विचार :** कार्यवाहक मुख्य सचिव दीपक कुमार ने उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा 29 जून को होने वाली सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-।।। मुख्य परीक्षा के सफल और पारदर्शी आयोजन को लेकर जिम्मेदार तंत्र को आवश्यक हिदायत दी है। 541 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में 2,43,981 अभ्यर्थी भाग लेंगे।

उन्होंने गुरुवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देकर शुचितापूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र अधीक्षकों और सहयोगी कर्मियों की समय से ब्रीफिंग सुनिश्चित कराने तथा परीक्षा केंद्रों पर सभी तैयारियां एक दिन पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए।

दीपक कुमार की अध्यक्षता में लोकभवन में की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा, 21 जिलों (आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, अम्बेडकर नगर, मथुरा, सहारनपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, वाराणसी व जौनपुर) के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

**बॉयोमेट्रिक कैप्चरिंग अनिवार्य :** उन्होंने कहा कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री की निकासी के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराने के लिए एलआईयू व एसटीएफ को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अन्य जिलों से आयेंगे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए परिवहन, रेलवे व ट्रैफिक आदि विभागों के समन्वय आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायी जाएं।

## डाक टिकट घोटाले में तीन गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीबीआई ने ढाई करोड़ रुपये के फर्जी डाक टिकट घोटाले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार देर शाम को टीम ने कार्रवाई की। इस मामले में मुख्य आरोपी उप-पोस्टमास्टर की जांच के दौरान मौत हो चुकी है। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में उप-पोस्टमास्टर के भाई पप्पू सिंह और दो अन्य राजेश कुमार और उसके पिता महेंद्र कुमार शामिल हैं। सीबीआई ने साक्ष्य मिलने के बाद गिरफ्तारी की। बुलंदशहर के लखौटी के एक पूर्व उप-डाकपाल (अब दिवंगत) ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी डाक टिकटों का इस्तेमाल कर पंजीकृत सामानों की बुकिंग की अनुमति दी।

# बैंक में 7.96 करोड़ की हेराफेरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई ने गाजियाबाद में मैनेजर व उसकी पत्नी पर दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू
- बैंक ऑफ बड़ौदा के मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय ने की शिकायत

**अमृत विचार :** सीबीआई की गाजियाबाद टीम ने बैंक ऑफ बड़ौदा के मैनेजर रोहित दहिया और उनकी पत्नी विजेता मलिक पर 7.96 करोड़ की हेराफेरी की रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीआई ने यह कार्रवाई मेरठ क्षेत्रीय कार्यालय की शिकायत पर जांच के बाद की। रोहित के खाते में 305.08 लाख और पत्नी विजेता मलिक के खाते में 491.62 लाख रुपये जमा करने के साक्ष्य मिले। मुरादाबाद स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की मसवासी टाउन और रहमतगंज शाखा के ग्राहकों के रुपये की मैनेजर ने हेराफेरी की है।

सीबीआई, एसीबी गाजियाबाद का शाखा प्रमुख डीआईजी विजेंद्र कुमार द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, रोहित दहिया बैंक ऑफ बड़ौदा मुरादाबाद की शाखा मसवासी टाउन में 4 अक्टूबर 2021 से 15 अक्टूबर 2023 तक और रहमतगंज में 16 अक्टूबर 2023 से 6 फरवरी 2024 तक शाखा में प्रबंधक तैनात रहे। रोहित दहिया ने दोनों शाखाओं में बैंक ग्राहकों की बगैर अनुमति अस्थायी ओवर ड्राफ्ट लिमिट (टीओडीएस) में हेराफेरी की। टीओडीएस की लिमिट बढ़ाई गई और ऋण स्वीकृत कर नकदी निकाली। करीब 54 बैंक खातों में हेराफेरी कर करोड़ों रुपये अपने और अपनी पत्नी विजेता मलिक के खातों में ट्रांसफर किए गए और नकदी भी निकाली। सीबीआई की जांच में सामने आया कि रोहित ने हेराफेरी कर अपने खाते में 305.59 लाख रुपये जमा किए। इसके बाद अन्य खातों में ट्रांसफर कर दिये। वहीं, पत्नी विजेता मलिक के खातों में 491.62 लाख रुपये के लेनदेन के प्रमाण मिले हैं। मसवासी टाउन शाखा के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राजन और उनकी पत्नी सुनीता के नाम पर 50.26 लाख रुपये का गोल्ड लोन स्वीकृत कर नकद निकाल लिया गया। सीबीआई ने रोहित दहिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले की जांच की जा रही है।

## गुजरात के राष्ट्रीय रक्षा विवि के साथ समझौता

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल की उपस्थिति में प्रदेश के प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर के बीच विविध शैक्षणिक और अनुसंधान क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स एवं अनुसंधान, विविध शोध कार्यों के लिए साझा उपयोग शामिल है।

## शुभांशु के परिजन से मिले अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को अंतरिक्ष यात्रा पर निकले वायुसेना के ग्रुप कैप्टन व भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने उनके माता-पिता को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश को उनके बेटे पर गर्व है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ मौजूदा बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरणा देंगी।

# ट्रांसजेंडरों को सीएम युवा अभियान से जोड़ने की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर जिले में दो ट्रांसजेंडर्स को मिलेगा रोजगार
- राशन, आवास और स्वास्थ्य योजनाओं का मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** ट्रांसजेंडर्स को सीएम युवा अभियान से जोड़ा जाएगा, जिसके तहत उन्हें कौशल के आधार पर प्रशिक्षण और ऋण सहायता दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिया जाए।

योगी सरकार की मंशा है कि समाज में लंबे समय से उपेक्षित रहे ट्रांसजेंडर समुदाय को न केवल गरिमा के साथ जीवन जीने का अवसर मिले, बल्कि वे सम्मान और अधिकार के साथ आत्मनिर्भर बनें। इसी उद्देश्य से समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने विभाग को प्रदेश के प्रत्येक जिले में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत हर जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे यह प्रयास एक जनांदोलन का रूप में आगे बढ़ सके।

### किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र बनाने की तैयारी

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बीते दिनों संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश भर में किन्नरों के लिए 100 कल्याण केंद्र स्थापित किए जाएं। इन केंद्रों के माध्यम से इस समुदाय को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ा जाए। योगी सरकार इन केंद्रों के माध्यम से ट्रांसजेंडर्स को शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, कुकिंग, सिलाई, कंप्यूटर, सौंदर्यकला आदि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने पर विचार कर रही है।

### सुविधाओं का लाभ देने को होगी जनगणना

योगी सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ सीधे मिले। इसके लिए अलग से जनगणना कराए जाने की भी तैयारी है, जिससे योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कोई बाधा न आए। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।


**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना




### वर्ग पहेली -13 का हल





## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वितीया-11.19 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 07.22 तक तत्पश्चात पुष्य।


मेष

आज अपने व्यवहार को लेकर लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। गले में इन्फेक्शन और जुकाम की समस्या हो सकती है। किसी दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आप योजना बना सकते हैं। किसी को बिना मांगे राय न दें।


वृष

आज आपकी सेहत बहुत ही अच्छी रहेगी। कारोबार में आपको अपेक्षाकृत लाभ प्राप्त होगा। आप काफी ज्यादा व्यस्त रहेंगे। उलझे हुए मामलों को आप सुलझाने का प्रयास करें। जीवनसाथी की सलाह आपके काफी काम आने वाली है। अचानक धन लाभ हो सकता है।


मिथुन

आज परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। आर्थिक मामलों में लापरवाही न करें। आपके आत्मविश्वास में कमी आ सकती है। तनाव आपके ऊपर हावी हो सकता है। धन उधार देने से आपको बचना चाहिए। पेट खराब होने की सम्भावना है।


कर्क

आज पति-पत्नी के मध्य आपसी सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा। रक्तचाप की समस्या से निजात मिल सकती है। नया कारोबार शुरू करने के योग बन रहे हैं। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। सभी काम समय पर पूरा कर लेंगे। पुराने मित्रों से अपेक्षित मदद मिलेगी।


सिंह

आज मानसिक अशांति के कारण एकाग्रता में कमी हो सकती है। एक साथ कई काम करने पड़ेंगे। बच्चों के ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। दोस्तों पर आंख-मूंदकर विश्वास न करें। आपका फोन खराब हो सकता है। नींद पर्याप्त मात्रा में अवश्य लें।


कन्या


आज दांपत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। आपको नयी जिम्मेदारियां मिल सकती है। जोखिम भरे निवेश लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। साझेदारी वाले व्यवसाय में विशेष उन्नति की संभावना बन रही है। युवाओं को प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं।


तुला


आज आपको सहकर्मियों से मदद मिल सकती है। आज बहुत सारा समय आत्ममंथन में व्यतीत होगा। सोशल मीडिया में आप महत्वपूर्ण मुद्दों की चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापार में कुछ कमी महसूस होगी। दाम्पत्य सम्बन्धों में निकटता बढ़ेगी।


वृश्चिक

आज अपनी आवश्यकताओं से अधिक धन खर्च न करें। आपके भीतर नई ऊर्जा का संचार होगा। कड़ी मेहनत के बाद ही सफलता मिलेगी। अजनबियों से अपने मन की बातें शेयर न करें। गृहकार्यों में पूरा ध्यान नहीं दे पायेंगे। भविष्य को लेकर योजना बना सकते हैं।


धनु

आज धैर्य में कमी होने के कारण महत्वपूर्ण अवसरों को खो सकते हैं। अपनी वाणी में नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। अप्रिय कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। बच्चों की परवरिश पर ध्यान अवश्य दें। ऑनलाइन पेमेन्ट आदि के दौरान विशेष सावधानी रखें।


मकर

आज नई वस्तुओं को खरीद सकते हैं। पुराने ऋणों को चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। घर के अनुभवी सदस्यों से राय अवश्य लें। व्यापारियों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर ध्यान दें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।


कुंभ

आज समाज में आपको मान-सम्मान की चिंता रहेगी। विद्युतीय उपकरणों में खराबी आ सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों से बहसबाजी न करें। नई व्यापारिक साझेदारी होने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक बयानबाजी करनी चाहिए।


मीन

आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। तकनीकी विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के साथ हंसी-मजाक भरा समय बितायेंगे। मानसिक तनाव और भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पाचन संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## सुडोकू -21

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 6 | | 8 | | 5 |
| | | 8 | | 7 | 1 | 2 | 4 | |
| | 9 | | | 2 | | | 3 | |
| 9 | | | 7 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 1 | | |
| 5 | | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 4 | | | 8 | |
| | 2 | 1 | 9 | 8 | | 7 | | |
| 8 | | 7 | | 3 | | 9 | | |

### सुडोकू - 20 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 7 | 3 | 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 9 | 2 | 7 | 4 |

# सेंसेक्स 1000 अंक चढ़ा, बाजार झूमा

## भू-राजनीतिक तनाव कम होने और बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से आई तेजी

मुंबई, एजेंसी

भू-राजनीतिक तनाव कम होने और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में जहां 1,000 अंक का जोरदार उछाल आया, वहीं निफ्टी 304 अंक चढ़ गया।

प. एशिया में तनाव कम होने और घरेलू स्तर पर उपजे आशावाद ने निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी तेजी को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,000.36 अंक बढ़कर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी भी 304.25 अंक बढ़कर 25,549 अंक पर बंद हुआ।सेंसेक्स में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अडाणी पोर्ट्स, इटर्नल, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट आई।



● अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती के रुख से भी बाजार को मिला समर्थन

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प. एशिया में शांति के बाद मानक सूचकांक ने निवेशकों के भरोसे को दर्शाया। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी है, लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक घरेलू खपत बढ़ने और नकदी की स्थिति सुधरने से शुद्ध खरीदार बने हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, मासिक वायदा अनुबंधों के निपटान के दिन बाजार 1% से अधिक चढ़ गए। सत्र की शुरुआत से ही सकारात्मक कारोबार हुआ, जिसके पीछे वैश्विक संकेतों की अहम भूमिका रही। चुनिंदा कंपनियों में खरीदारी से बढ़त को मजबूती मिली। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की बढ़त, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में गिरावट रही।

### तीन सत्र में निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ बढ़ी

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद बढ़ती सकारात्मक धारणा के बीच बाजार में तीन सत्र में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.70 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सेंसेक्स में तीन सत्र में 1,859.08 अंक या 2.27 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में शामिल कंपनियों का बाजार पूंजीकरण तीन सत्र में 9,70,200.71 करोड़ रुपये बढ़कर 4,57,52,700.57 करोड़ रुपये हो गया। बीएसई में 2,097 शेयर में तेजी आई, 1,900 में गिरावट आई तथा 156 शेयर में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### क्षेत्रवार सूचकांकों में भी रही बढ़त

व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत चढ़ गया। क्षेत्रवार सूचकांकों में से धातु खंड में सर्वाधिक 2.28 प्रतिशत की तेजी रही जबकि तेल एवं गैस खंड में 1.88 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.68 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,097 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,900 शेयर गिरकर बंद हुए और 156 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे।

### एफआईआई ने 2427 करोड़ के शेयर बेचे

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18% बढ़कर 67.80 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,427.74 करोड़ के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,372.96 करोड़ के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 700.40 अंक उछलकर 82,755.51 अंक पर और निफ्टी 200.40 अंक चढ़कर 25,244.75 अंक पर रहा था।

## द्वैधाधिकार मॉडल: बढ़ता व्यापारिक रुझान

द्वैधाधिकार (दोहरी लाइसेंसिंग) एक व्यापारिक रणनीति है, जिसमें कोई कंपनी एक ही सॉफ़्टवेयर या उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंसों के तहत जारी करती है। आमतौर पर एक ओपन-सोर्स और दूसरा व्यावसायिक। यह मॉडल तकनीकी कंपनियों, विशेष रूप से सॉफ़्टवेयर विकास में आम है। इससे कंपनियों को उत्पाद की व्यापक स्वीकार्यता और व्यावसायिक लाभ दोनों मिलते हैं। उद्यमी ओपन-सोर्स संस्करण को मुफ्त में अपनाकर उत्पाद का मूल्य समझ सकते हैं, जबकि व्यावसायिक संस्करण उन कंपनियों के लिए होता है जिन्हें अतिरिक्त सुविधाएं, समर्थन या सुरक्षा चाहिए होती है।



### क्या है द्वैधाधिकार

द्वैधाधिकार- एक ही उत्पाद को दो अलग-अलग लाइसेंस शर्तों पर उपलब्ध कराना। सामान्यत:, एक ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत सॉफ्टवेयर को सार्वजनिक रूप से मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है, जबकि दूसरा- प्रोप्रायटरी या वाणिज्यिक लाइसेंस- भुगतान आधारित सुविधाओं और सेवाओं के साथ आता है। यह रणनीति तकनीकी स्टार्टअप्स, सॉफ़्टवेयर कंपनियों और ओपन-सोर्स परियोजनाओं में व्यापक रूप से अपनाई जाती है।

### इस रणनीति से फायदे

- **बाजार विस्तार :** ओपन-सोर्स से उत्पाद का प्रसार, जिससे उपयोगकर्ता समुदाय बनता है।
- **राजस्व सृजन :** वाणिज्यिक लाइसेंस के माध्यम से कंपनियां राजस्व प्राप्त कर सकती हैं।
- **फीडबैक और सुधार :** फ्री उपयोगकर्ता फीडबैक देते हैं, जिससे उत्पाद बेहतर होता है।
- लचीली ग्राहक सेवा : ग्राहकों के अनुसार सेवाएं और सुविधाएं कस्टमाइज करना।

### जोखिम को समझें

- **लाइसेंस भ्रम :** ग्राहकों को ओपन-सोर्स व वाणिज्यिक लाइसेंस की शर्तों में भ्रम होता है।
- **कस्टमर कन्वर्जन चुनौती :** सभी मुफ्त उपयोगकर्ता भुगतान ग्राहक नहीं बनते।
- **सुरक्षा :** ओपन-सोर्स संस्करण के कोड सार्वजनिक होने से साइबर जोखिम बढ़ सकता है।
- **कानूनी जटिलता :** लाइसेंस उल्लंघन पर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।

**किन क्षेत्रों में प्रभावी :** आईटी कंपनियां, एंटरप्राइज सॉफ़्टवेयर कंपनियां, साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता, डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म

## रेपो दर में 0.50% कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं सभी बैंक :आरबीआई रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि सभी बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक तेजी से पहुंचाते हुए कर्ज को सस्ता करना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने इसी महीने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है।

रिजर्व बैंक के जून बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में इस बात पर जोर दिया गया है कि दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के लिए वित्तीय स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। अधिकांश बैंक फरवरी और अप्रैल में घोषित दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहले ही पहुंचा चुके हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) और एचडीएफसी बैंक सहित कई बड़े बैंक 6 जून को आरबीआई द्वारा रेपो दर में 0.50% की कटौती के कुछ ही दिन में अपनी मानक ऋण दर से जुड़ी ब्याज दर में इतनी ही कटौती कर चुके हैं।

● प्रमुख नीतिगत दर रेपो को केंद्रीय बैंक ने 0.50% घटाकर 5.50% कर दिया है

इसी महीने रेपो दर में 0.50% की कटौती के अलावा, आरबीआई ने वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान चरणबद्ध तरीके से नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 1% की कटौती करके इसे शुद्ध मांग और सावधि देयताओं (एनडीटीएल) के 3% तक लाने की घोषणा की थी। रिजर्व बैंक के जून के बुलेटिन में अर्थव्यवस्था की स्थिति विषय पर प्रकाशित लेख में कहा गया, वित्तीय स्थितियां ब्याज दर में कटौती का लाभ ऋण बाजार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए अनुकूल बनी हुई हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी फिर 20 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में गुरुवार को 2% की तेजी आई और कंपनी की पूंजी (मार्केट कैप) फिर 20 लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी का शेयर 1.90% की तेजी के साथ 1,495.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 2.14% चढ़कर 1,498.70 रुपये पहुंचा था। एनएसई पर शेयर 1.90% चढ़कर 1,495.30 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 37,837.9 करोड़ बढ़कर 20,23,375.31 करोड़ हो गया।

## ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बनेगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत अगले 6-7 वर्षों में ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन जाएगा। गडकरी ने इस बात पर जोर दिया कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। सरकार एथनॉल, बायोडीजल, इलेक्ट्रिक वाहन और हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को प्रोत्साहित कर रही है।

गडकरी ने कहा कि ईंधन बदलने से न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि लॉजिस्टिक लागत भी कम होगी। नई सड़कें बनाने और ईंधन में बदलाव से हमारी लॉजिस्टिक लागत एकल अंक में होगी और चालू वर्ष के अंत तक घटकर नौ प्रतिशत तक आ जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि नई सड़कें बनाने और ईंधन में बदलाव से आपकी लॉजिस्टिक्स लागत एकल अंक में यानी नौ प्रतिशत पर आ जाएगी और यह इस साल के अंत तक होगा। मंत्री ने कहा कि नवीनतम सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत की लॉजिस्टिक लागत में 6% की कमी आई है। आज दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की तुलना में चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है, अमेरिका और यूरोपीय देशों में यह 12% है और भारत में यह 16% है, लेकिन अब चीजें तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मंत्री ने वैकल्पिक ईंधन या जैव ईंधन अपनाने की भी अपील की और कहा कि यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य है। गडकरी ने कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।



● केंद्रीय मंत्री बोले- ईंधन बदलने से प्रदूषण के साथ लॉजिस्टिक लागत भी होगी कम

## सीतारमण ने की गिफ्ट आईएफएससी की समीक्षा

**अहमदाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को गुजरात के गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) का दौरा किया और इसकी प्रगति की समीक्षा की।

सीतारमण ने प्रमुख बाजार सहभागियों से बात की। समीक्षा बैठक में गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, वित्त सचिव, डीईए के सचिव, वित्त मंत्रालय व कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सभी विभागों के सचिव और आरबीआई के डिप्टी गवर्नर शामिल हुए।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। माओवादियों के माड़ डिवीजन के नक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।

#### शिअद नेता मजीठिया को सतर्कता रिमांड में भेजा

**चंडीगढ़।** मोहाली की अदालत ने गुरुवार को शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को 7 दिन की सतर्कता रिमांड में भेज दिया। सतर्कता ब्यूरो ने 540 करोड़ से अधिक के मादक पदार्थ से अर्जित धन के शोधन में गिरफ्तार किया था। अदालत में पेश करने से पहले पुलिस ने कई समर्थकों को हिरासत में लिया जो प्रदर्शन कर रहे थे।

#### पंजाब, हरियाणा और उप्र में एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने खालिस्तानी नेटवर्क की जांच के लिए गुरुवार को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में छापेमारी की। एनआईए ने सुबह तीनों राज्यों में 18 स्थानों को खंगाला। मोबाइल, डिजिटल उपकरण और दस्तावेजों समेत कई आपत्तिजनक सामग्री मिले है। एनआईए के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के कार्यकर्ता कुलबीर सिद्धू, गैंगस्टर मनीष उर्फ काका राणा और उनके सहयोगियों के परिसरों पर तलाशी ली गई।

# हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं

## भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में गृह मंत्री शाह बोले- किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि हिंदी किसी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है, बल्कि यह सभी भारतीय भाषाओं की सखी है और देश में किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने सभी राज्य सरकारों से चिकित्सा और इंजीनियरिंग शिक्षा स्थानीय भाषा में प्रदान करने की पहल करने भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्य सरकारों को प्रशासनिक कामकाज में भारतीय भाषाओं का उपयोग करने में मदद करेगा। गृह मंत्री ने कहा, मेरा विश्वास है कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाएं मिलकर देश की संस्कृति के स्वाभिमान को और बढ़ा सकती हैं। गृह मंत्री ने कहा कि गुलामी की मानसिकता से सभी को मुक्ति मिलनी चाहिए और जब तक कोई व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा या अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।



उन्होंने कहा, किसी भाषा का विरोध नहीं है। किसी विदेशी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा का गौरव बढ़ाने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा बोलने की ललक होनी चाहिए, अपनी भाषा में सोचने की ललक होनी चाहिए। शाह ने कहा कि जहां तक देश का सवाल है, भाषा सिर्फ संचार का माध्यम नहीं है, यह राष्ट्र की आत्मा है। शाह ने कहा, भारतीय भाषाओं को जीवंत रखना और उन्हें समृद्ध बनाना महत्वपूर्ण है। हमें आने वाले दिनों में सभी भारतीय भाषाओं, विशेषकर राजभाषा के लिए हरसंभव प्रयास करने चाहिए।

### मादक पदार्थ तस्करों पर प्रहार कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थ को युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या बताते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार नशीले पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। शाह ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत की लड़ाई में शामिल योद्धाओं और सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, नशीले पदार्थ हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं। इस खतरे से निपटने के लिए पूरी मोदी सरकार काम कर रही है, 'नार्को-कार्टेल' पर बेरहमी से प्रहार कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सहानुभूति के साथ सामान्य जीवन की ओर लौटा रही है। गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि यह दिन नशीले द्रव्यों के दुरुपयोग के खतरे के खिलाफ देश के संकल्प को और मजबूत करेगा।

## भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश : उद्धव

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और महाराष्ट्र में भाषाई आपातकाल लगा रही है।

उद्धव ने कहा कि उनकी पार्टी हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन मराठी भाषी राज्य में हिंदी भाषा थोपे जाने के खिलाफ जरूर है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने के मुद्दे पर जारी विवाद के बीच उन्होंने कहा कि हम किसी भाषा का विरोध या उससे नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।



● उद्धव बोले- मराठी भाषी राज्य में हिंदी थोपे जाने के खिलाफ

उन्होंने अपनी पूर्व सहयोगी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा का गुप्त एजेंडा हिंदी को थोपने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि सत्तारूढ़ पार्टी भाषाई आपातकाल लगा रही है।

## एक साथ चुनाव के मुद्दे पर संसदीय समिति के सामने पक्ष रखेंगे दो पूर्व सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जेएस खेहर एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव वाले विधेयकों का अध्ययन कर रही संसदीय समिति के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे। एक सूत्र ने गुरुवार को बताया कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संसद की संयुक्त समिति की अगली बैठक 11 जुलाई को तय है, जब समिति के सदस्य दोनों पूर्व सीजेआई से बात करेंगे। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व राज्यसभा सदस्य ईएम सुदर्शन नचियप्पन, जो कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष भी हैं और पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री एम वीरप्पा मोइली भी समिति के समक्ष उपस्थित होंगे। यह 39 सदस्यीय समिति एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे से संबंधित दो विधेयकों की जांच कर रही है, जिसमें संविधान में संशोधन करने वाला विधेयक भी शामिल है। पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति का कार्यकाल मानसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाया गया है।





### बचपन की मस्ती



गुजरात के राजकोट में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। वहीं दूसरी ओर बच्चों ने इसे खेल का अवसर बना लिया और पानी भरे सड़को पर मस्ती करते नजर आएं। एजेंसी

## सीबीआई का 42 ठिकानों पर छापा, नौ हिरासत में

**देहरादून/नई दिल्ली, अमृत विचार।** सीबीआई ने 700 से अधिक बैंक शाखाओं में 8.5 लाख ऐसे फर्जी या निष्क्रिय खातों का पता लगाया है, जिनका इस्तेमाल डिजिटल अरेस्ट, धोखाधड़ी वाले निवेश और यूपीआई-आधारित धांधली से कमाई के लिए हो रहा था।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि इन खातों पर कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन चक्र के तहत राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में 42 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नौ संदिग्धों (दिल्ली से 3, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान से 2-2) को हिरासत में लिया गया, जिनमें कथित बिचौलिये, एजेंट, एग्रीगेटर, खाताधारक और बैंकिंग प्रतिनिधि शामिल हैं। इन पर फर्जी खाते खोलने में मदद करने का आरोप है।

## वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता को लेकर गलतफहमी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की अवधारणा के बारे में गलतफहमी है और अक्सर मध्यस्थता का मतलब यह माना जाता है कि दोनों पक्षों को एक साथ रहना होगा।

न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह ने एक स्थानांतरण याचिका पर यह टिप्पणी की। न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने कहा, वैवाहिक मामलों में हमने पाया गया कि मध्यस्थता की अवधारणा को लेकर गलतफहमी है। जैसे ही हम मध्यस्थता की बात करते हैं, उन्हें लगता है कि हम उन्हें साथ रहने को कह रहे हैं। हमें इस बात से कोई मतलब नहीं है कि वे साथ हैं या अलग। हम बस मामले का हल चाहते हैं। हम चाहेंगे कि वे साथ रहें। सुप्रीम कोर्ट ने वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम, 2015 का उल्लेख किया, जिसमें मुकदमे से पहले मध्यस्थता और समाधान का प्रावधान है। पीठ ने कहा, वाणिज्यिक अदालतें अधिनियम में भी आपको इससे गुजरना होता है।



### कर्नाटक पुलिस की याचिका पर सुनवाई को शीर्ष सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपी की हिरासत से जुड़े आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट द्वारा खारिज करने के खिलाफ राज्य पुलिस की याचिका पर सुनवाई के लिए गुरुवार को सहमत जताई। हाईकोर्ट ने ये कहते हुए हिरासत से जुड़े अधीनस्थ अदालत के आदेश को खारिज कर दिया था कि आरोपी को गिरफ्तारी का आधार नहीं बताया गया था। न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है। विशेष अनुमति याचिका और स्थगन अर्जी पर नोटिस जारी करें।

### न्यायालय ने चिकित्सकों की याचिका की खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है और उसने शहर से बाहर स्थानांतरण के खिलाफ दायर चिकित्सकों की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के.विनोद चंद्रन की पीठ ने यह उल्लेख किया कि यदि चिकित्सकों का बेंगलुरु से बाहर तबादला किया गया है तो इसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं है। बेंगलुरु का महानगरीय जीवन बहुत आकर्षक है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्र भी विकसित हैं। आप समाज के विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग हैं। यदि आप स्थानांतरण का विरोध करेंगे तो दूसरों का क्या होगा। हम याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

## एक महिला को इसलिए गुजारा भत्ते से वंचित नहीं कर सकते क्योंकि वह कमाती है : बंबई हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने कहा कि एक महिला को अलग रह रहे पति से मिलने वाली वित्तीय सहायता से सिर्फ इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह कमाती है। न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने 18 जून के आदेश में कहा कि पत्नी उसी जीवन स्तर की हकदार है, जिस तरह का जीवन वह पति से अलग होने से पहले ससुराल में गुजार रही थी।

अदालत ने एक व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसे अगस्त 2023 के कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। कुटुम्ब अदालत ने व्यक्ति को पत्नी को 15,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसकी पत्नी 25,000 रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाती है, इसलिए उसे गुजारा भत्ते की जरूरत नहीं है। अदालत ने कहा कि पत्नी कमा रही है, लेकिन यह उसके भरण-पोषण को पर्याप्त नहीं है।

## दीघा रथयात्रा : श्रद्धालुओं को रथ खींचने की अनुमति नहीं: ममता

दीघा, एजेंसी

प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि शुक्रवार को नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से शुरू होने वाली रथयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को एक किलोमीटर के जुलूस मार्ग पर बैरिकेड्स के पीछे खड़ा होना होगा और उन्हें देवताओं के रथों की रस्सियों को खींचने के लिए सड़कों पर आने की अनुमति नहीं होगी।

उत्सव की योजना और देखरेख के लिए दीघा शंकरपुर विकास प्राधिकरण (डीएसडीए) के अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और इस्कॉन के संन्यासियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठक के बाद ममता ने कहा कि तीर्थयात्रियों को रथ की रस्सियों को छूने का अवसर मिलेगा, जिन्हें बैरिकेड्स के साथ रखा जाएगा। हम श्रद्धालुओं को रथ खींचने के लिए सड़कों पर उतरने की अनुमति नहीं दे सकते, क्योंकि इससे अराजकता हो सकती है।

### भगवान के नाम का दुरुपयोग

**कोलकाता/पुरी।** ममता बनर्जी ने कहा कि पुरी जगन्नाथ मंदिर के प्रति उनकी आस्था है। वहीं गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने प. बंगाल सरकार पर भक्ति के बजाय व्यावसायिक लाभ के लिए भगवान जगन्नाथ के नाम का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। दीघा में नवनिर्मित मंदिर का नाम जगन्नाथ धाम रखे जाने पर ओडिशा सरकार की आपत्तियों पर बनर्जी ने कहा कि भाजपा की प्रतिक्रिया, वह न तो समझ पाई, न कुछ बोल पा रही हैं।

# लीड्स का सकारात्मक पहलू बल्लेबाजी में बदलाव पटरी पर

## महज एक मैच से फैसला नहीं लिया जा सकता, शीर्ष चार बल्लेबाजों ने लाइन-अप को मजबूत रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महज एक मैच से ही कोई फैसला नहीं लिया जा सकता लेकिन भारत ने निश्चित रूप से इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में संन्यास ले चुके सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा की कमी महसूस नहीं की और शीर्ष चार खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूत बनाए रखा। रोहित और कोहली की कमी को पूरा करने में कितना समय लगेगा? यह सवाल हेडिंग्ले में शुरुआती टेस्ट से पहले चर्चाओं का विषय रहा।

नए कप्तान शुभमन गिल के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में रिकॉर्ड पर सवाल उठाए गए थे लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान करके ड्रेसिंग रूम का सम्मान हासिल किया। उन्होंने नंबर चार पर खेलते हुए शानदार शतक बनाया और मेहमान टीम ने दो पारियों में पांच शतक बनाए लेकिन फिर भी मैच हार गए क्योंकि भारत का गेंदबाजी आक्रमण पूरी तरह से जसप्रीत बुमराह पर निर्भर है।

केएल राहुल ने शीर्ष क्रम में शानदार प्रदर्शन किया जिससे निकट भविष्य के लिए उनके बल्लेबाजी स्थान पर बहस बंद हो गई। उन्होंने दिखाया कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का तरीका क्या है। उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे की शुरुआत में यादगार शतक लगाया था और इंग्लैंड में अपनी पहली पारी में यही दोहराया। गिल ने जिस तरह



कप्तान शुभमन गिल ने शतक लगा इरादे जता दिए थे। बुमराह ने भी एक पारी में पांच विकेट लिए। ● एजेंसी

से अपने पैरों का इस्तेमाल किया, उसे खेल के महान खिलाड़ियों ने भी देखा जिसमें पूर्व कप्तान सौरव गांगुली भी शामिल थे जो उनके सुधार से हैरान थे। गांगुली ने हाल में पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा मैं विदेशी सरजमीं पर उनके पैरों के 'मूवमेंट' को देखकर बहुत खुश हूं। उनके पैरों में बहुत सुधार हुआ है। शुभमन ने पैरों का अच्छा इस्तेमाल किया और कोई गलती नहीं की।

पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत ने परिपक्वता और तेज तर्रार बल्लेबाजी करते हुए एक टेस्ट में दो शतक बनाने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन पहली पारी में एक सहज गेंद पर आउट हो गए लेकिन दूसरी पारी में टिककर खेले। उम्मीद है कि उन्हें लंबे समय तक मौका दिया जाएगा और यही बात करुण नायर पर भी लागू होती है। लेकिन भारत को गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण विभाग में बहुत सुधार करना होगा, लेकिन बल्लेबाजी अभी ठीक लगती है।

पूर्व भारतीय मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने कहा रोहित और कोहली के संन्यास के बाद बदलाव हुआ है या नहीं, हम सीरीज के अंत में बता पाएंगे। उन्होंने कहा बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन कोई हैरानी की बात नहीं है क्योंकि वे अनुभवी क्रिकेटर हैं। गिल, यशस्वी, पंत, राहुल सभी बेहतरीन हैं और लंबे समय से खेल रहे हैं। राहुल जब टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से खेलते हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करते हैं। कुलदीप यादव को शामिल करने की चर्चाओं के बावजूद प्रसाद एजबेस्टन में अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करना चाहते। पूर्व भारतीय विकेटकीपर ने कहा शार्दुल ठाकुर को इसलिए चुना गया क्योंकि उन्होंने पिछले दौरों पर इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था। मैं उन्हें एक और मौका देना चाहूंगा। पर निचले क्रम को बल्ले से और अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। इंग्लैंड में कुछ यादगार पारियां खेलने वाले भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर भी बल्लेबाजों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा ज्यादातर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। इसके अलावा आपके पास तीन बेहतरीन बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, सरफराज खान और देवदत्त पडीक्कल हैं जो टीम का हिस्सा भी नहीं हैं। वेंगसरकर ने कहा मुख्य बल्लेबाज फॉर्म में हैं और मुझे यकीन है कि करुण और साई भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।



ऋषभ पंत।

# ऋषभ पंत से अश्विन ने कहा कृपया दोहरे शतक लगाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं- रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं। उन्होंने कहा मैं एक बात कहूंगा - घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में श्रृंखला बराबर कर सकता है। लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह श्रृंखला बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है। अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। पंत के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की।



### इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को टीम में शामिल किया

**बर्मिंघम :** इंग्लैंड ने दो जुलाई से भारत के खिलाफ यहां शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए बृहस्पतिवार को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया। आर्चर पिछले कई वर्षों से अपने गेंदबाजी वाले हाथ में कोहनी से जुड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट चार साल से भी अधिक समय पहले भारत के खिलाफ अहमदाबाद में खेला था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा दाएं हाथ का यह 30 वर्षीय तेज गेंदबाज फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड के टेस्ट ढांचे में वापसी कर रहा है और एजबस्टन में अपने 13 टेस्ट मैच की संख्या में इजाफा करने की कोशिश करेगा।

**इंग्लैंड की टीम :** बेन स्टोक्स (कप्तान), ओली पोप, हैरी ब्रूक, जो रूट, बेन डकेट, जैक क्रॉली, जेमी स्मिथ, सैम कुक, जैकब बेथेल, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर, ब्राइडन कार्स, जेमी ओवरटन, जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट किया

**ब्रिजटाउन :** वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे, जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए। आस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

### बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली :** प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जाएंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। **टीम :** पुरुष एकल : अंश नेगी, हमार लालथाजुआला, रौनक चौहान, प्रणव राम एन। महिला एकल : रूजुला रामू, तन्वी शर्मा, तन्वी रेड्डी, वेन्नाला कालागोटला।

### भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में तीनों खिताब जीते

**कुआलालंपुर :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 से जीत दर्ज की। इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 से जीत हासिल की।

### राइडर अनुष अग्रवाला का घोड़ा सर कैरामेलो रिटायर हुआ

**नई दिल्ली :** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने बृहस्पतिवार को अपने घोड़े सर कैरामेलो के रिटायर होने की घोषणा की। अनुष ने इसी घोड़े के साथ पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और वह लंबे समय से उनके साथ था। 25 साल के अनुष ओलंपिक खेलों की ड्रेसेज स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले भारत के पहले राइडर हैं। अनुष पेरिस में ग्रुप ई में नौवें स्थान पर रहे थे और पदक दौर में जगह नहीं बना पाए थे। अनुष ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा सर कैरामेलो आपका धन्यवाद क्योंकि आप मेरे लिए सिर्फ एक घोड़ा नहीं बल्कि मेरे साथी, मेरी ताकत और सबसे महत्वपूर्ण, मेरे मित्र हैं।

# सूर्यकुमार यादव का जर्मनी में हुआ सफल आपरेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दायें ओर खेल हर्निया का सफल आपरेशन हुआ।



34 वर्ष के सूर्यकुमार ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा- लाइफ अपडेट : पेट के निचले दायें ओर खेल हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं। खेल हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है। यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी।


आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए हालांकि मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की।

# धवन बने लेखक, लिखे अपने संस्मरण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है। जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया लेकिन इस सफर में उतार चढाव और खामोश पल भी रहे।

इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।



● धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया

प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है। कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है।

इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं। दिल्ली में पले बढे धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरूआत की थी लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। भारत के लिए 34 टेस्ट में उन्होंने 2315 रन, 167 वनडे में 6793 रन और 68 टी20 मैचों में 1759 रन बनाये हैं। उन्होंने किताब में लिखा जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, पर प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था। उन्होंने लिखा टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है। धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है मैं उसे एक बालीवुड मूवी में देखना चाहता था।

# नए डब्ल्यूटीसी चक्र में 'स्टॉप क्लॉक' शुरू

**दुबई, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक' नियम लागू किया है जबकि 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के खेलने की परिस्थितियों के अनुसार अगर 'जानबूझकर' पूरा रन नहीं लिया जाता तो यह फैसला क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम करेगी कि कौन सा बल्लेबाज गेंदबाज का सामना करेगा। यह नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

आईसीसी की वेबसाइट पर मौजूद टेस्ट मैच की खेलने की परिस्थितियों के अनुसार सीमित ओवरों के क्रिकेट की तरह लंबे प्रारूप में भी धीमी ओवर गति की समस्या से निपटने के लिए स्टॉप क्लॉक का इस्तेमाल किया जाएगा। आईसीसी ने कहा क्षेत्ररक्षण टीम को पिछला ओवर पूरा होने के 60 सेकेंड के भीतर अगला ओवर शुरू करने के लिए तैयार होना होगा। मैदान पर इलेक्ट्रॉनिक घड़ी दिखेगी जिस पर शून्य से 60 सेकेंड तक गिनती चलेगी। क्षेत्ररक्षण टीम को इसके बाद दो चेतावनियां दी जाएंगी और तीसरी बार ऐसा होने पर बल्लेबाजी टीम को पांच पेनल्टी रन दिए जाएंगे। आईसीसी ने कहा कि 80 ओवर पूरे होने के बाद इन चेतावनियों को फिर से शून्य कर दिया जाएगा। इस बीच 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के अनुसार आईसीसी अब गेंद पर लार दिखने की स्थिति में अंपायरों के लिए गेंद को बदलना अनिवार्य नहीं करता। गेंद पर लार के इस्तेमाल पर लगा प्रतिबंध अब भी लागू है। वेबसाइट के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम गेंद को बदलवाने के लिए जानबूझकर लार का इस्तेमाल कर सकती है लेकिन पुरुष टेस्ट क्रिकेट की खेलने की परिस्थितियों से जुड़े मौजूदा दस्तावेज में इस तरह के किसी बदलाव का जिक्र नहीं है।

# इटावा के पैरालंपिक पदक विजेता डॉ. अजीत यादव बने डीपीआरओ

**भरथना (इटावा)।** तहसील क्षेत्र के मूल निवासी पैरालंपिक मेडलिस्ट जैवलिन थ्रोअर डॉ.अजीत सिंह यादव को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला विधी (साम्हों) के मूल निवासी भाला फेंक के खिलाड़ी डॉ. अजीत सिंह यादव ने बताया कि इससे पहले वह मुम्बई में आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर-प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली 2022 के अन्तर्गत चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर उनकी पंचायतीराज विभाग में जिला पंचायतराज अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गई है। डॉ. अजीत सिंह यादव ने लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर से खेल एवं शारीरिक शिक्षा में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें लक्ष्मण पुरस्कार तथा वर्ष 2024 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया था।



# अपने खेल में बदलाव पर काम कर रहीं सिंधू

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं। यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू ने कहा महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है। उन्होंने कहा हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। सिंधू ने कहा बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है।



● संयम और ताकत का तालमेल बैठाने की कवायद चल रही

# 24 घंटे सूरज की रोशनी में गुलजार होंगे फुटबॉल मैदान

**नुउक (ग्रीनलैंड), एजेंसी**

यूं तो ग्रीनलैंड साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है, लेकिन जून से अगले तीन महीने यहां 24 घंटे सूरज की रोशनी रहती है। जिसका इंतजार फुटबॉल के दीवाने यहां के लोगों को बेसब्री से रहता है ताकि वे अपना पसंदीदा खेल देख सकें या मैदान पर अपना हुनर दिखा सकें।

करीब 56 हजार की आबादी वाले द्वीप में 10 प्रतिशत यानी करीब 5600 लोग पंजीकृत फुटबॉल खिलाड़ी हैं। जून की शुरुआत में जब मध्य अमेरिका, उत्तर परिसंघ और कैरेबियाई फुटबॉल संघ (कोंकाकाफ) ने मिलकर ग्रीनलैंड फुटबॉल संघ का सदस्य बनने का आवेदन खारिज कर दिया तो यहां के फुटबॉलप्रेमियों को करारा झटका लगा। खनिजों से भरे और रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप पर कब्जा करने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख्वाहिश के चलते कुछ लोगों ने इसके लिए राजनीति को दोषी ठहराया। कोंकाकाफ फीफा के अधीन छह उपमहाद्वीपीय महासंघों में से एक है। नाटो सहयोगी डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सरकारों की फटकार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ने सैन्य बल के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं का कहना है कि यह द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और उन्होंने अर्ध-स्वायत्त डेनमार्क के क्षेत्र पर अमेरिका द्वारा खुफिया जानकारी जुटाने की रिपोर्टों की निंदा की है।

ग्रीनलैंड फुटबॉल टीम के कप्तान पैट्रिक फ्रेडरिकसेन ने हालांकि कहा कि यह फैसला आर्थिक कारणों से लिया गया है। उन्होंने कहा हम सभी को पता है कि ग्रीनलैंड यात्रा करना कितना कठिन है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका से ग्रीनलैंड की सीधी उड़ान यहां पहुंची। न्यूजर्सी से नुउक तक का एक तरफ का टिकट 1200 डॉलर है। बाकी उड़ाने आइसलैंड या कोपेनहेगन होकर आती हैं। इन सभी के बीच यहां के निवासियों की फुटबॉल को लेकर दीवानगी कम नहीं हुई है। अगले तीन महीनों में जब तापमान पांच से दस डिग्री सेल्सियस के करीब होगा, वे फुटबॉल खेलने में अधिकांश समय बिताना चाहते हैं। एक खिलाड़ी एंगुटिमारिक क्रेउत्जमैन ने कहा हम पूरी रात फुटबॉल खेलेंगे। अंधेरा नहीं होने वाला है तो हमारे पास समय ही समय है।

नुउक में एक क्लब के कोच आस्कर स्कॉट कार्ल ने कहा आपको यहां एक मैच देखना चाहिए। इतने सारे लोग इसे देखने के लिए जुटते हैं। इससे देश में एकजुटता की भावना आती है। सर्दियों के लंबे मौसम में अधिकांश खिलाड़ी फुटसाल खेलते हैं जो एक खास तरह की गेंद से हैंडबॉल कोर्ट पर खेला जाने वाला इंडोर फुटबॉल खेल है। इसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं।

**ग्रीनलैंड**



● साल में अधिकांश समय बर्फ से ढका रहता है ग्रीनलैंड लेकिन जून से अगले तीन महीने तक 24 घंटे रहती है सूरज की रोशनी


## बोनालु समारोह



तेलंगाना के हैदराबाद स्थित गोलकुंडा किले में आषाढ़ मास बोनालु समारोह के दौरान देवी काली की पोशाक में एक कलाकार की प्रस्तुति। बोनालु तेलंगाना की देवी महाकाली पर केंद्रित एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है जो आषाढ़ मास में हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में भी प्रतिवर्ष मनाया जाता है। एजेंसी

# इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन आसमान में चमत्कार

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में एक क्रांतिकारी उपलब्धि होने के साथ विज्ञान, तकनीक, सहयोग और मानव क्षमताओं का प्रतीक है। इसे अमेरिका की नासा, रूस की रॉस्कोमॉस, यूरोपीय संघ की ईएसए और जापान की जाक्सा समेत कई देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है। इस तरह ये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का भी प्रतीक है जो दिखाता है कि वैज्ञानिक लक्ष्य राजनीतिक सीमाओं से ऊपर हो सकते हैं। आईएसएस सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगशाला है, जहां मानव शरीर पर अंतरिक्ष का प्रभाव, दवाओं और टीकों का विकास, गुरुत्वहीनता में द्रवों और गैसों का व्यवहार और ऐसे जैविक, भौतिक और रासायनिक प्रयोग किए जाते हैं जो पृथ्वी पर संभव नहीं हैं। इन प्रयोगों से पृथ्वी पर जीवन सुधारने और भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं को आसान बनाने में मदद मिलती है।



### अत्याधुनिक लैब और तमाम उपकरण

अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और रूस की लैब, 250 केवी बिजली पैदा करने वाला सोलर पैनल, शक्तिशाली रोबोटिक आर्म, इनवायरोमेंटल कंट्रोल सिस्टम, कम्यूनिकेशन सिस्टम, ऑब्जर्वेशन डेक, एक्सप्रेस रैक, डॉकिंग सिस्टम समेत 15 से ज्यादा मॉड्यूल और करीब दो दर्जन प्रणालियां इसे चलता-फिरता अंतरिक्ष शहर बनाते हैं।

### भविष्य के मिशनों की तैयारी

आईएसएस को एक ट्रेनिंग और टेस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उपयोग किया जाता है। मंगल या चंद्रमा मिशन के लिए तकनीक की जांच की जाती है। अंतरिक्ष यात्रियों को लंबी अवधि के मिशन के लिए यहीं तैयार करने के साथ जीवन रक्षक तकनीकों का भी परीक्षण किया जाता है। आईएसएस 2000 से ज्यादा दिन से इंसानी उपस्थिति बनी हुई है जिसका मतलब है कि इंसान लंबी अवधि तक अंतरिक्ष में रह सकता है।

### शैक्षिक भूमिका व तकनीकी विकास

आईएसएस से अंतरिक्ष यात्री धरती पर स्कूली छात्रों, वैज्ञानिकों और आम लोगों से संवाद करते हैं। इससे उनकी विज्ञान में रुचि बढ़ती है और स्पेस एजुकेशन को बढ़ावा मिलता है। आईएसएस के लिए बनाई गई तकनीकों का इस्तेमाल धरती पर भी होता है। इनमें जल शुद्धिकरण प्रणाली, ऊर्जा कुशल प्रणालियां और दूरसंचार और सौर पैनल तकनीक शामिल हैं। लगातार नई प्रणालियां विकसित की जा रही हैं।

### फुटबॉल ग्राउंड जितना आकार

आईएसएस का निर्माण सन् 1998 में शुरू हुआ था। इस पर पहला इंसानी मिशन 2000 में हुआ। फुटबॉल ग्राउंड जितना बड़ा आईएसएस स्थापित करने पर करीब 150 अरब डॉलर की लागत आईथी। इसकी गति 28,000 किमी घंटा है, यह हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है। इसे 2030 तक सक्रिय रखने की योजना है। इसके बाद के लिए निजी स्पेस स्टेशन और चंद्रमा की कक्षा में लूनर गेटवे जैसे विकल्प तैयार किए जा रहे हैं।

### दिलचस्प तथ्य

- आईएसएस हर 90 मिनट में पृथ्वी का एक चक्कर लगाता है, अंतरिक्ष यात्री दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं।
- अंतरिक्ष में सबसे महंगा घर है। इसकी अनुमानित लागत 150 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये है। ये सबसे महंगा मानव निर्मित ढांचा है।
- वजन 420,000 किलोग्राम है और इसका आकार फुटबॉल मैदान जितना है। इसमें 6 से 10 यात्री रह सकते हैं।
- अंतरिक्ष यात्रियों का पेशाब और पसीना फिर पीने योग्य पानी में बदला जाता है। नासा का मजाकिया नारा है- यस्टर्डेज कॉफी इस टूमारोज कॉफी।
- पृथ्वी से 400 किमी ऊंचाई पर स्थित आईएसएस पर वर्ष 2001 में एक रूसी कंपनी ने पिज्जा डिलीवर किया था जो पहली स्पेस डिलीवरी थी।
- आईएसएस से पृथ्वी की लाखों तस्वीरें खींची गई हैं। नासा अक्सर इन्हें इमेज ऑफ द डे में शेयर करता है। यहां 3000 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग हो चुके हैं।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा पंजीकरण में 10 प्रतिशत की गिरावट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम हमले के कारण पिछले साल की तुलना में अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों के पंजीकरण में इस साल 10 .19 प्रतिशत की गिरावट आई है। सिन्हा ने राजभवन में संवाददाताओं से कहा, पहलगाम में घटना से पहले तीर्थयात्रियों का पंजीकरण अच्छी गति से चल रहा था, लेकिन उसके बाद कमी आई। उपराज्यपाल ने कहा कि हमला होने से पहले करीब 2 .36 लाख श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षाबलों द्वारा उठाए गए कदमों से तीर्थयात्रियों में विश्वास लौट रहा है।

### फ्रांस में तूफान से दो लोगों की मौत, 17 घायल

**पेरिस।** फ्रांस में हुई तूफान एवं मूसलाधार बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हो गए। इसके कारण पेड़ उखड़ गए, पेरिस की सड़कों पर पानी भर गया और प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा। प्रधानमंत्री फ्रांसवा बायरू ने पश्चिम एशिया पर भाषण देने के बाद नेशनल असेंबली की टपकती छत की ओर दिलाते हुए कहा, क्या आपने देखा कि बारिश हो रही है। बुधवार शाम को बारिश से पेरिस के मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया।

### वियतनाम में आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड समाप्त

**हनोई।** वियतनाम ने कानूनी सुधारों के तहत आठ अपराधों के लिए मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया। इस फैसले से देश के सबसे बड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में कारावास की सजा काट रहे रियल एस्टेट कारोबारी को राहत मिल सकती है। वियतनाम में कानूनी सुधारों के तहत सरकार को हटाने की कोशिश, राज्य के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाना, नकली दवा बनाना बेचना, युद्ध शुरू करना, जासूसी, मादक पदार्थों की तस्करी, गबन और रिश्वत लेने में मृत्युदंड की सजा को समाप्त कर दिया गया।

### दिलजीत की 'सरदार जी 3' पाकिस्तान में रिलीज होगी

**कराची।** दिलजीत दोसांझ की पंजाबी फिल्म 'सरदार जी 3' को पाकिस्तान में रिलीज की मंजूरी मिल गई है। पाकिस्तानी अभिनेत्री हनिया आमिर के अभिनय करने पर विवाद खड़ा होने के बाद यह फिल्म भारत में रिलीज नहीं हो पाई है। कराची में सबसे बड़े प्रदर्शक नदीम मांडवीवाला ने कहा, फिल्म को सेंसर बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। भले ही पाकिस्तान में भारतीय फिल्मों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध है, लेकिन इस फिल्म के निर्माताओं में से एक जैन वाली पाकिस्तानी हैं।

# अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा : खामेनेई

## युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता का पहला बयान, कहा- हमने इजराइल पर विजय प्राप्त की

**दुबई, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजराइल-ईरान के बीच हालिया युद्धविराम के बाद बृहस्पतिवार को अपने पहले सार्वजनिक बयान में दावा किया कि उनके देश ने इजराइल पर जीत हासिल की है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा है।

खामेनेई ने ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो संदेश में यह टिप्पणियां कीं। ईरान के सर्वोच्च नेता ने किसी भी अन्य अमेरिकी हमले के खिलाफ भी चेतावनी दी। इजराइली सेना की तेहरान पर बमबारी के बाद 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान 86-वर्षीय खामेनेई ने एक गुप्त स्थान पर शरण ली थी। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका ने युद्ध में केवल इसलिए हस्तक्षेप किया, क्योंकि उसे लगा कि अगर उसने हस्तक्षेप नहीं किया, तो यहूदी शासन पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है।

खामेनेई ने सोमवार को कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरानी मिसाइल हमले का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, इस्लामिक गणराज्य विजयी हुआ और उसने अमेरिका के मुंह पर तमाचा मारा। खामेनेई ने चेतावनी दी, भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई दोहराई जा सकती है। ईरान की क्षेत्र में स्थित प्रमुख अमेरिकी अड्डों तक पहुंच है और जब भी वह आवश्यक समझे, वह कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा, यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को निश्चित रूप से भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई को 13 जून को युद्ध छिड़ने के बाद एक गुप्त स्थान पर शरण लेने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया।

इजराइल ने ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला किया था और शीर्ष सैन्य कमांडरों और वैज्ञानिकों को निशाना बनाया। बाद में अमेरिका ने 22 जून को बंकर-बस्टर बमों से ईरान के परमाणु स्थलों को निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और ईरान के बाद युद्धविराम की घोषणा की, जो मंगलवार को प्रभावी हुआ।

ईरान में 13 जून से अब तक इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गये हैं और 4,870 अन्य घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख हुसैन करमनपुर ने 'एक्स' पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी तेहरान और पश्चिमी ईरान के करमनशाह में सबसे अधिक लोगों की मौत हुई है। अन्य प्रभावित प्रांतों में खुजेस्तान, लोरेस्तान, इस्फहान, मरकजी, पूर्वी अजरबैजान, हमेदान, ज़ांजन और गिलान शामिल हैं। इजराइली हवाई हमलों में शीर्ष सैन्य कमांडर और कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। इनमें ईरानी परमाणु वैज्ञानिक सेदिघी सबर भी शामिल हैं।



तेहरान में इजराइली हमले में मारे गए अर्धसैनिक बल के सदस्य के जनाजे में शामिल लोग।

### दशकों से एक-दूसरे के दुश्मन हैं अमेरिका और ईरान

**वाशिंगटन।** ईरान के परमाणु स्थलों पर हाल में हुए अमेरिकी हमलों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत हो गई है। यह बेहतर साबित हो सकता है या फिर और भी बुरा। लगभग आधी सदी के दौरान दुनिया ने दोनों देशों के बीच दुश्मनी के कई दौर देखे हैं। ईरान के लिए जहां अमेरिका सबसे बड़ा शैतान है तो वहीं अमेरिका की नजर में ईरान पश्चिम एशिया में फसाद की जड़ है। हालांकि इस दौर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लहजे में एक बदलाव भी दिखा जब उन्होंने कहा, ईश्वर ईरान का भला करे। यह बदलाव इस सप्ताह ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका की भीषण बमबारी, कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के जवाबी लेकिन संयमित हमले और इजराइल-ईरान युद्ध में ट्रंप की ओर से किए गए अस्थायी युद्ध विराम के बाद आया है।

### इजराइल-ईरान युद्धविराम से स्थाई शांति संभव नहीं

**येरूशलम।** ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कंजर्वेटिव सदस्य रिचर्ड बाल्फ ने कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम से सैन्य कार्रवाइयों में कमी आ सकती है लेकिन इससे स्थाई शांति समझौते की संभावना नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा था कि इजराइल और ईरान युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं जो 24 घंटे बाद से प्रभावी होगा और और इससे 12 दिनों के युद्ध का आधिकारिक अंत हो जाएगा। बाल्फ ने कहा, अगर यह काम करता है तो यह अच्छी खबर है, लेकिन चूंकि दोनों पक्ष एक-दूसरे को बहुत नापसंद करते हैं, इसलिए इससे सैन्य कार्रवाई समाप्त हो सकती है लेकिन स्थायी समाधान की संभावना नहीं है।

# कश्मीरी बच्चों को पीड़ित बताने के पाकिस्तानी बयान पर भारत का पलटवार

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान की कश्मीर पर राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों का पुरजोर खंडन किया है और इस्लामाबाद को संयुक्त राष्ट्र के बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक बताया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने बुधवार को सीएएसी एजेंडे पर एक बहस के दौरान बोलते हुए भारत को बदनाम करने और संयुक्त राष्ट्र प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने के पाकिस्तान के अनुचित प्रयासों को खारिज कर दिया। हरीश ने यह बात पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद के उस बयान पर कही जिसमें उन्होंने कश्मीरी बच्चों'' का उल्लेख किया था जिन्हें जम्मू-कश्मीर में पीड़ित बताया गया था।

उन्होंने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए इस्लामाबाद पर मानवाधिकार उल्लंघनों, विशेष रूप से बच्चों से जुड़े उल्लंघनों से ध्यान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है।



- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा- सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघनकर्ता है पाकिस्तान

### संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट का दिया उदाहरण

राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि पाकिस्तान में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को दर्ज किया गया है। इनमें स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कर्मियों पर हमले और अफगान बच्चों को प्रभावित करने वाली सीमा पार हिंसा की घटनाएं शामिल हैं। राजदूत ने कहा, मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा की गई राजनीतिक रूप से प्रेरित टिप्पणियों का जवाब देने के लिए बाध्य हूं, जो सीएएसी एजेंडे का गंभीर उल्लंघन करने वालों में से एक है।

# चीन अमेरिका के साथ निभाने का रास्ता तलाश कर लेगा

**बीजिंग, एजेंसी**

- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- तीन सिद्धांतों पर स्थापित होंगे संबंध

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनके देश को उम्मीद है कि चीन और अमेरिका जैसी दो प्रमुख शक्तियां सह-अस्तित्व के लिये सही रास्ता खोज लेंगी। श्री यी ने बुधवार को हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ग्राहम एलिसन के साथ बीजिंग में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही।

बैठक के दौरान चीन के विदेश मंत्री ने उम्मीद जताई कि अमेरिकी पक्ष चीन के साथ आपसी मान्यता के बुनियादी मुद्दे को हल करने के लिए काम करेगा जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के 'तीन सिद्धांतों' के आधार पर सामंजस्यपूर्ण संबंध स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

यी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और दोनों पक्षों के लिए बेहतर सहयोग के तीन सिद्धांत दिये हैं वही अमेरिकी मसलों से निपटने के उनके देश के 'मौलिक सिद्धांत' हैं।

गौरतलब है कि यह वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापार तनाव के बीच हुई है। इस साल दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसने विभिन्न देशों से आयात पर दो-तरफा शुल्क लागू किया। इसके बाद नौ अप्रैल को श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि चीन को छोड़कर उन 75 से अधिक देशों पर 90 दिनों पर 10% का 'बेसलाइन टैरिफ' लगाया जाएगा जिन्होंने जवाबी कार्रवाई नहीं की थी और बातचीत का अनुरोध किया था।

# मध्य अफ्रीकी गणराज्य के स्कूल में विस्फोट, भगदड़ में 29 बच्चों की मौत

**बांगुई (मध्य अफ्रीकी गणराज्य)।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी के एक उच्च विद्यालय में हुए विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में कम से कम 29 स्कूली बच्चों की मौत हो गई और करीब 260 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

- खराब ट्रांसफार्मर को ठीक करते समय हुआ विस्फोट, 260 से ज्यादा लोग घायल

देश के राष्ट्रीय शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को बांगुई के बार्थेलेमी बोगांडा उच्च विद्यालय के परिसर में लगे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद उसमें विद्युत आपूर्ति बहाल की जा रही थी और उसी दौरान विस्फोट हो गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट के बाद मची भगदड़ में 16 छात्राओं समेत ज्यादातर पीड़ितों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्य की मौत अस्पताल में हुई। मंत्रालय ने कहा कि कम से कम 260 लोग घायल हुए हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। घटना के समय, परीक्षाओं में शामिल होने के लिए स्कूल में करीब 5,000 विद्यार्थी मौजूद थे।

# बाढ़ से हिमाचल प्रदेश और जम्मू में 7 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश के कई हिस्सों में मानसून के रफ्तार पकड़ने के बीच बृहस्पतिवार को हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ ने कई इलाकों में तबाही मचा दी, जिससे पुल, सड़कें और मकान बह गए तथा कम से कम सात लोगों की मौत हो गई।

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने, अचानक बाढ़ और भारी बारिश ने कहर बरपाया। कांगड़ा जिले में बुधवार को अचानक आई बाढ़ से प्रभावित इंदिरा प्रियदर्शिनी जलविद्युत परियोजना स्थल से दो और शव बरामद होने के साथ ही मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। कांगड़ा की एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बृहस्पतिवार को बताया कि मृतकों की पहचान जम्मू-कश्मीर निवासी चैन सिंह, चंबा निवासी आदित्य ठाकुर और उत्तर प्रदेश निवासी प्रदीप वर्मा और चंदन के रूप में हुई है। इस घटना में लापता कुछ व्यक्तियों को बचा लिया गया है, लेकिन अधिकारियों ने बचाए गए या लापता लोगों की सही संख्या स्पष्ट नहीं की है।



कुल्लू में बिलखते मृतकों के परिजन।

- बादल फटने की घटनाओं से दूसरे दिन भी तबाही, कई पुल, सड़कें और मकान पानी में बहे

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात तक 250-275 श्रमिक स्थल पर मौजूद थे और सभी को खनियारा स्थित आंबेडकर भवन में अस्थायी आश्रय प्रदान किया गया है। एनडीआरएफ के कमांडेंट बलजिंदर सिंह ने कहा कि वे उन लोगों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं जिनके बाढ़ के दौरान परियोजना स्थल से बह जाने की आशंका है। हिमाचल प्रदेश के मनाली और बंजार से भी अचानक बाढ़ की खबरें हैं।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, डोडा और कठुआ जिले के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि राजौरी के कालाकोट उपमंडल के सियालसुई मौ गांव में एक नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण शफकत अली (14) और उसकी चचेरी बहन सफीना कौसर (11) डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ में फंसी साइमा (10) को स्थानीय स्वयंसेवकों ने बचा लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि बच्चे मवेशी चरा रहे थे कि तभी बादल फटने के कारण आई बाढ़ में वे बह गए। दुनाडी गांव निवासी बशारत हुसैन (32) का शव एसडीआरएफ की एक टीम ने डोडा में लोपा नदी से निकाला।

# नेपाल: उच्च सदन में ओली सरकार अल्पमत में आई

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में एक प्रमुख मधेसी पार्टी ने प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन से औपचारिक रूप से समर्थन वापस ले लिया है, जिससे सरकार नेशनल असेंबली (उच्च सदन) में अल्पमत में आ गई है।

हालांकि, उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी, नेपाल के इस फैसले से गठबंधन सरकार पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास प्रतिनिधि सभा में पर्याप्त संख्याबल है। ओली की पार्टी ने कहा कि उन्हें जेएसपी के समर्थन वापस लेने का कोई कारण नहीं दिखता। जेएसपी ने 23 और 24 जून को आयोजित पार्टी की कार्यकारी परिषद की बैठक के दौरान सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया।



- प्रमुख मधेसी सरकार ने गठबंधन से वापस लिया समर्थन

जेएसपी के उपाध्यक्ष शिवलाल थापा ने बताया, अब कुछ दिनों में पार्टी अपने संसदीय दल की बैठक बुलाएगी और फिर संसद के अध्यक्ष को अपने फैसले से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल सरकार का नेतृत्व संभालते समय ओली ने भ्रष्टाचार खत्म करने, सुशासन सुनिश्चित करने, आर्थिक प्रगति लाने और संविधान में संशोधन करने का वादा किया था।

## विमान हादसा

### कोई रो तक नहीं पा रहा था, कोई बेटे के शव की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराने को नहीं हुआ तैयार

# विमान यात्रियों का जो हाल हुआ, मुश्किल से स्वीकार कर पाए परिजन

### त्रासदी झेल रहे परिवारों को समझाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज में बनाई गई थी मनोचिकित्सकों की टीम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद मृतकों के परिजनों की मदद के लिए तैनात किए गए मनोचिकित्सकों ने बताया कि कई लोग अपने परिवार के सदस्य की मौत की बात को स्वीकार ही नहीं कर पा रहे थे। मनोचिकित्सकों ने बताया कि उन्हें इन लोगों की मदद के लिए किन परिस्थितियों में काम करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि पत्नी की मौत से भावनात्मक रूप से टूट चुका एक व्यक्ति रो तक नहीं पा रहा था, क्योंकि उसने मौत को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया था। एक पिता अपने बेटे की पहचान के लिए डीएनए जांच कराने के लिए तैयार नहीं हुआ। चालक दल के एक सदस्य का परिवार डीएनए पुष्टि के लिए सात दिन तक इंतजार करने के कारण भावनात्मक रूप से टूट गया।

मनोचिकित्सकों ने कहा कि ये सिलसिला 12 जून को लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से जारी रहा। दुर्घटना में विमान में सवार 241 लोग और आसपास मौजूद 29 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे ने शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया। कई लोगों के लिए यह अनुभव उनकी कल्पना से अधिक कष्टदायक था। अफरातफरी के बीच बीजे मेडिकल कॉलेज के मनोचिकित्सा विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी थी। पांच सीनियर रेजिटेंड और पांच परामर्शदाताओं की टीम को अस्पताल के कसौटी भवन, पोस्टमॉर्टम बिल्डिंग और सिविल अधीक्षक कार्यालय में 24 घंटे तैनात किया गया ताकि त्रासदी से मानसिक आघात का सामना कर रहे परिवारों को सहारा दिया जा सके।

बीजेएमसी की डीन और मनोचिकित्सा प्रमुख डॉ. मीनाक्षी पारीख ने कहा, दुर्घटना अकल्पनीय थी। खबर सुनने वाले लोग इतने परेशान थे, हम उन लोगों के परिवार के सदस्यों की मनःस्थिति की कल्पना भी नहीं कर सकते जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। दुर्घटना की भयावह तस्वीरें प्रसारित होने के साथ ही स्तब्ध, हताश, और उम्मीद लगाए परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। एक अकेले जीवित बचे व्यक्ति का जिक्र सुनकर कई लोगों ने बताया कि वह उनका प्रियजन हो सकता है। डॉ. उर्विका पारीख ने कहा, लोग सच्चाई को मानने से पूरी तरह इनकार कर रहे थे। उन्हें समझाना बहुत मुश्किल था।



### सीवीआर-एफडीआर के डेटा की जांच पूरी, जल्द सामने आ सकती है हादसे की वजह

**नई दिल्ली।** दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स (एफडीआर) का डेटा लैब में निकाल लिया गया है, जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है। नागर विमानन मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि दुर्घटना के बाद एएआईबी ने 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। सीवीआर 13 जून और एफडीआर को 16 जून को बरामद किया गया था जिसे 24 जून को वायुसेना के विमानों से दिल्ली लाया गया। फ्रंट ब्लैक बॉक्स और रियर ब्लैक बॉक्स अलग-अलग समय एएआईबी लैब दिल्ली लाए गए जहां शाम को एएआईबी के महानिदेशक के नेतृत्व में एएआईबी और एनटीएसबी के तकनीकी सदस्यों के साथ टीम ने डेटा निष्कर्षण प्रक्रिया शुरू की। फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से पुनर्प्राप्त किया गया। मेमोरी मॉड्यूल को 25 जून को सफलतापूर्वक एक्सेस कर इसका डाटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया था। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार सीवीआर और एफडीआर डाटा का विश्लेषण जारी है।